निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



बेंगलुरु में बनेगा दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट,

• बोकारो, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 157 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# दुमका एयरपोर्ट के सोलर पावर यूनिट में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** दुमका हवाई अड्डा परिसर स्थित सोलर पावर युनिट में आज गुरुवार को अचानक आग लग गई। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया और दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दुमका के एयरपोर्ट पर आज सोलर प्लांट में अचानक आग लग गई, जिससे काफी संख्या में बैटरियां जल गईं। जैसे ही प्लांट के मुख्य केबिन से धुआं और लपटें उठती दिखीं, एयरपोर्ट के कर्मियों ने तुरंत नगर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां और दो एंबुलेंस भी एयरपोर्ट पर पहुंची थी। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। एयरपोर्ट कर्मियों ने बताया कि आग सोलर पैनल तक फैल चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर दुमका सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो भी दुमका एयरपोर्ट पहुंचे और आग पर काबू पाये जाने तक



वहां बने रहे। घटना के बाद एयरपोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग कैसे लगी या कोई अन्य तकनीकी कारण इसके पीछे है, इस पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने फिलहाल कुछ भी स्पष्ट कहने से परहेज किया है। दुमका एयरपोर्ट के प्रबंधक अंकित सिन्हा ने केवल इतना कहा कि सोलर प्लांट में आग लग गई है। वैसे सोलर पावर यूनिट का रूटिन मैनटेनेंस होता रहता है। सरकारी एजेंसी ने ही सोलर पैनल और पावर यूनिट को इंस्टॉल किया है। संबंधित एजेंसी को इस घटना के संबंध में सूचित कर दिया गया है। दुमका एयरपोर्ट पर अभी यात्री सेवाएं प्रारंभ नहीं हुई हैं। यहां केवल झारखंड फ्लाइंग इंस्टीच्युट संचालित है। इसके लिए ग्लाइडर जैसे आधे दर्जन विमान प्रशिक्षण के लिए रखे गये हैं। एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास सोलर पैनल बिछाये गये हैं, जबकि मुख्य प्रशासनिक भवन के पीछे सोलर पावर यूनिट है, जिसमें बैटरियां लगी हुई हैं और दूसरे उपकरण लगे हुए हैं। इस अगलगी में किसी दूसरी चीजों का नुकसान नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड आर्म्ड फोर्स के जवान ने की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड आर्म्ड फोर्स-2 के एक जवान ने रांची में आत्महत्या कर ली है। घटना रांची के विस्थापित कॉलोनी स्थित जवान के आवास पर की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तफ्तीश में जुटी हुई है। जैप-2 के जवान शिव पूजन रजवार ने अपने ही कमरे में आत्महत्या कर ली। जैप जवान शिव पूजन रजवार के आत्महत्या की जानकारी गुरुवार की सुबह मिली। कमरे का दरवाजा काफी देर तक बंद रहने की वजह से कुछ लोगों ने खिड़की से देखा तो जैप जवान मृत दिखा।

### डायरिया के प्रकोप से बच्चे की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिजुआ नगर निगम वार्ड 6 अंतर्गत भेलाटांड़ बस्ती में डायरिया ने पांव पसार लिया है। डायरिया की चपेट में करीब 24 लोग हैं। इसमें एक बच्चे की मौत हो चुकी है जबकि कई लोगों का इलाज विभिन्न निजी अस्पतालों में चल रहा है। बस्ती में डायरिया फ़ैलने की खबर जिला प्रशासन तक पहुंची जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई। टुंडी विधायक ने सिविल सर्जन को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। भेलाटांड़ बस्ती में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर लोगों की जांच की जिसमें पांच महिला डायरिया से पीड़ित मिलीं।

### लापता बच्चे का शव मिला

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के जलौंध गांव में एक चार वर्षीय बच्चे का शव संदिग्ध हालत में बरामद किया गया। सुबह से लापता डुग्गू कुमार का शव गांव के ही एक व्यक्ति के घर के पास खड़ी कार के पास मिला। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार डुग्गू सुबह घर से खेलने निकला था। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद उसका शव अखिलेश कुमार के घर के पास खड़ी कार के पास मिला।

### नवविवाहिता का शव कुएं से बरामद

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के फुरका गांव में गुरुवार को एक नवविवाहिता का शव कुएं से बरामद हुआ। मृतका की पहचान सरिता कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी 15 महीने पहले हुई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर ईचाक पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

# छठव्रतियों को पर्व के दौरान नहीं हो कोई दिक्कत : वित्त मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाएगा। लिहाजा राजधानी रांची में छठ व्रत की तैयारियां जोर शोर से चल रहा है। सरकारी महकमे की ओर से भी छठ व्रत को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। राजधानी रांची के तीन डैम कांके, हटिया और रुक्का डैम के लबालब भरा होने की वजह से इस बार छठव्रती, भगवान भास्कर को सुरक्षित अर्घ्य दे सकें। इसके लिए खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां बांस-बल्ली गाड़कर वहां लाल रिबन और सावधानी वाले बोर्ड लगाए जा रहे हैं। झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वर्षों से लोकआस्था का यह महापर्व छठ होता आ रहा है। उनके परिवार में भी 40-50 वर्षों से छठ पूजा होता है। यह एक ऐसा त्योहार है जहां अमीर-गरीब, ऊंच-नीच का भेद मिट जाता है। एक दूसरे को सहयोग करने,



आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ साथ प्रकृति के साथ मानव जीवन का अन्योन्याश्रय संबंध को भी यह दिखाता है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जहां तक सरकार की ओर से की जा रही तैयारियों का सवाल है तो राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने महापर्व छठ को लेकर पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला तक सभी छठ घाटों की साफ सफाई, सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम करने के साथ साथ छठव्रतियों की सुविधा के लिए सभी तैयारियां निश्चित समय पर पूरा करने के आदेश दिए हैं। इस वर्ष राज्य में हुई जोरदार मानसूनी बारिश की वजह से राजधानी रांची के तीनों डैम, तालाब और जलाशय पानी से लबालब भरे हुए हैं। कांके डैम में जहां 27 फीट पानी है वहीं हटिया डैम में करीब 38 फीट और रुक्का डैम में 33 फीट के करीब पानी है। डैम पूरी तरह से भरा हुआ है, इसलिए अर्घ्य वाले दिन व्रतियों की सुविधा के लिए सेफ साइड बैरिकेटिंग लगाई जा रही है। वहीं रांची के बड़ा तालाब, अरगोड़ा तालाब, शालीमार तालाब, हटनिया तालाब, बटम तालाब, शालीमार तालाब सहित सभी तालाबों की सफाई और सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# मेला जाने से इनकार करने पर पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** जले के मसलिया थाना क्षेत्र के कोलारकोंदा पंचायत अंतर्गत बसमत्ता गांव में पति ने कुल्हाड़ी से वार कर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। खास बात यह भी है कि आरोपी राखीशल बेसरा ने वर्षों पहले भी अपनी पहली पत्नी की हत्या की थी और लगभग 09 साल के बाद कुछ ही दिन पहले केन्द्रीय कारा, दुमका से बाहर निकला था। जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के बसमत्ता गांव में 47 वर्षीय राखीशल बेसरा ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी है। मृतका का नाम बितनी हांसदा है। दरअसल गांव में काली पूजा का मेला लगा हुआ था और पति राखीशल ने अपनी पत्नी बितनी हांसदा को मेला चलने को कहा पर पत्नी घर पर ही काफी शराब पी चुकी थी, इसलिए मेला जाने से इंकार कर दिया। पहले तो पति ने कुछ जिद की और जब पत्नी इस बात पर अड़ गई कि उसे मेला नहीं जाना है तो पति क्रोधित हो उठा और घर में मौजूद कुल्हाड़ी से उसपर ताबड़तोड़ वार करने लगा। इस वार से घटनास्थल पर ही बितनी की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हत्यारा पति राखीशल बेसरा पूर्व में भी अपनी पहली पत्नी की हत्या कर चुका है। इस मामले में उसे सजा हुई और कुछ दिनों पूर्व नौ वर्षों तक जेल में बिताने के बाद हाल ही में घर लौटा था। उसने दो शादियां कर रखी थी और इस बार दूसरी पत्नी भी उसके क्रोध की शिकार हो गई। इस पूरे मामले पर मसलिया के थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि पति द्वारा पत्नी के मेला जाने से इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई है। घटना को अंजाम देने के बाद वह गांव में ही एक जगह छिप गया था, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जिस कुल्हाड़ी से उसकी हत्या की गई उसे भी जब्त कर लिया गया है। इधर आरोपी राखीशल से पूछताछ की जा रही है। वहीं पुलिस की जांच टीम घटनास्थल से सबूत को संग्रहित करने में जुट गई है।

# ट्रेन से कटकर मां-बेटी समेत चार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी-कटिहार रेलखंड के साहेबपुर कमाल और उमेश नगर रेलवे स्टेशन के बीच रहुआ गांव के पास बुधवार की देर शाम रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे चार लोग एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में चारों की मौत मौके पर ही हो गई। इसमें एक महिला, दो नाबालिग लड़की और एक युवक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी काली मेला देखकर घर लौट रहे थे। चारों सिरैया गांव के रास्ते से पैदल पर लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे बहुआ गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करने लगे तभी अप और डाउन दोनों लाइनों से एक साथ ट्रेनें आ गई। अचानक ट्रेनें देखकर चारों घबरा गए और कहीं भाग नहीं पाए जिससे बरौनी की ओर से आ रही आम्रपाली ट्रेन की चपेट में आने से चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में मां-बेटी शामिल है। मृतकों की पहचान रहुआ गांव के रहने वाले किशुनदेव महतो के पुत्र धर्मदेव महतो (45), मदन महतो की पत्नी रीता देवी (40), मदन महतो की बेटी रोशनी कुमारी (17) और नीतीश कुमार महतो की बेटी आरोही कुमारी (10) के रूप में की गई है।

# छठ को लेकर रांची पुलिस अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** छठ पर्व के दौरान चोरी, छेड़खानी और छिनतई जैसी वारदातों पर ब्रेक लगाने के लिए रांची पुलिस कई तरह के इंतजाम कर रही है। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी शिफ्ट वाइज लगाई गई है। साथ ही शक्ति कमांडो और टाइगर जवानों को बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। वहीं डायल 112 को बेहद एक्टिव किया गया है। रांची पुलिस ने छठ के दौरान चोर-उचक्कों और मनचलों पर नकेल कसने की तैयारी में जुट गई है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शहर के सभी थाना क्षेत्रों में 24 घंटे बाइक दस्ता को गश्त लगाने का निर्देश दिया गया है। खासकर 27 और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अर्घ्य के दिन तीन शिफ्टों में मोटरसाइकिल दस्ता (टाइगर जवान) घूम-घूम कर बंद पड़े घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर निगरानी करेंगे ताकि चोरी की



घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं शक्ति कमांडो छेड़खानी की वारदातों पर अंकुश लगाएगी। महापर्व छठ के दौरान इस बार 26 अक्टूबर को खरना है। वहीं 27 अक्टूबर को शाम का अर्घ्य है। इसमें लोग अपने घरों से निकल कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए डैम और तालाबों तक पहुंचते हैं। यही वजह है अर्घ्य के दिन पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है। रांची एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि छठ के दौरान सुरक्षा को लेकर तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आठ-आठ घंटे के तीन शिफ्टों में टाइगर मोबाइल दस्ते को लगाया गया है। इसके लिए शहर के हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। सभी हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बाइक दस्ते के अलावा थाने की पेट्रोलिंग को भी निगरानी का निर्देश दिया गया है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर विशेष फोकस किया गया है। छठ घाटों के आसपास सुरक्षा को लेकर बाइक दस्ते को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा नदी और तालाबों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं।

# घाटशिला में भाजपा-झामुमो के स्टार प्रचारकों का लगेगा जमावड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें झामुमो और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर है। छठ पूजा के बाद प्रत्याशियों की जीत के लिए स्टार प्रचारक मोर्चा संभालेंगे। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिनमें तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द हो गया है। ऐसे में अब घाटशिला उपचुनाव में कुल 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। बता दें कि घाटशिला विधानसभा के विधायक सह झारखंड के मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद यह सीट खाली हो गई थी, जिसपर उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव में झामुमो ने दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाया है जबकि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं जेएलकेएम ने रामदास मुर्मू को उपचुनाव में उतारा है। घाटशिला उपचुनाव में भाजपा और झामुमो के बीच सीधी टक्कर है जबकि जेएलकेएम के चुनावी मैदान में आने के बाद त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार हैं। 11 नवंबर 2025 को होने वाले उपचुनाव में अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो ने प्रचार-प्रसार की रणनीति बनायी है। झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के प्रचार के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बागडोर संभालेंगे। हेमंत सोरेन सभा के अलावा रोड शो भी करेंगे जबकि उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन रोड शो के अलावा पदयात्रा भी करेंगी। इसके अलावा सत्ताधारी पार्टी के कई मंत्री और विधायक उपचुनाव में मोर्चा संभालेंगे। इधर भाजपा ने चुनाव में अपने प्रत्याशी के प्रचार के लिए कुल 40 स्टार प्रचारकों की सूची बनाई है। भाजपा के स्टार प्रचारकों में केंद्रीय नेता शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मधु कोड़ा, चंपाई सोरेन के अलावा कई विधायकों और वरीय नेताओं के नाम भी शामिल हैं। भाजपा के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि घाटशिला में इस बार का उपचुनाव दिलचस्प होगा। यहां मुख्य रूप से झामुमो और भाजपा आमने-सामने है। जनता के बीच प्रत्याशी जा रहे हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने बताया कि पर्व-त्योहार को देखते हुए प्रचार-प्रसार की गति धीमी है लेकिन छठ पूजा के बाद भाजपा के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के लिए प्रचार-प्रसार की रफ्तार तेज होगी। 40 स्टार प्रचारक चुनावी मैदान में अलग-अलग क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करेंगे। इनमें बंगाल के विपक्ष के नेता शिवेंदु अधिकारी भी प्रचार करने आएंगे।

# दिल्ली में बिहार के तीन बदमाश ढ़ेर

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** देश की राजधानी दिल्ली में चार बदमाशों का एनकाउंटर हुआ है। इसमें तीन बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। यह ऑपरेशन दिल्ली क्राइम ब्रांच और बिहार पुलिस की जॉइंट टीम ने मिलकर किया। खबर है कि मारे गए कुख्यात बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में दहशत फैलान की साजिश रच रहे थे। यह मुठभेड़ बहादुर शाह मार्ग पर डॉक्टर अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला। खबर के मुताबिक बदमाशों और पुलिस के बीच जमकर गोलीबारी हुई। एनकाउंटर में रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) को गोलियां लगीं। सभी को रोहिणी स्थित डॉ. बीएसए अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

# झारखंड में भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की धूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सूबे में गुरूवार को चित्रगुप्त पूजा के साथ-साथ भाई दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस वजह से राज्य सरकार के दफ्तरों में भी अवकाश रहा। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यवासियों को दोनों त्यौहारों की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान चित्रगुप्त की कृपा से सभी के जीवन में सदबुद्धि, न्यायप्रियता और ज्ञान का प्रकाश सदैव बना रहे। यही मंगलकामना है। इसके साथ ही उन्होंने भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और अटूट रिश्ते का प्रतीक भाई



दूज की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में प्रेम, सौहार्द और सुख-समृद्धि लाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व सत्य, न्याय और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। भगवान चित्रगुप्त की आराधना हमें यह संदेश देती है कि हम अपने कर्मों में सदैव ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाई- बहन के अटूट स्नेह, प्रेम और विश्वास का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और संपन्नता लेकर आए। वहीं नेता प्रतिपक्ष सह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान चित्रगुप्त की कृपा से आप सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। उन्होंने भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीप भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दी। आज भगवान चित्रगुप्त की आराधना का दिन है। लिहाजा राजधानी रांची में हरमू, अशोक नगर, हिनू, बरियातू, धुर्वा, बिहार क्लब कचहरी चौक सहित कई जगहों पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गयी। कई जगहों पर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर पूरे भक्तिभाव से पूजा-आराधना की गयी जिसमें चित्रांश समाज की सबसे अधिक भागीदारी है। रांची के बिहार क्लब परिसर में श्री चित्रगुप्त महापरिवार झारखंड केन्द्रीय समिति की ओर से आयोजित चित्रगुप्त पूजा कार्यक्रम में झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, अजीत सहाय समेत बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग शामिल हुए और चित्रगुप्तजी की कथा सुनी। पारंपरिक तरीके से भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना करने के बाद श्री चित्रगुप्त महापरिवार झारखंड केन्द्रीय समिति के संयोजक अजीत सहाय ने कहा कि पूरे हर्षोल्लास के साथ राज्यभर में मनाया जा रहा है।

# चैनपुर के महान क्लब के तत्वावधान में विधायक आलोक चौरसिया ने छठ को ले किया सूप व गेहूं का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** । चैनपुर मुख्य बाजार परिसर में बृहस्पतिवार के दिन महान क्लबके तत्वावधान में छठ व्रतियों के बीच स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने सूप व गेहूं का वितरण किया।

बुधवार को महान क्लब के कार्यकताओं ने कार्ड का वितरण किया था। इसमें छठ व्रतियों के बीच बांटे जाने वाले पूजा सामग्री व दिनांक अंकित था। साथ ही इसी कार्ड को लेकर पूजा सामग्री प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, नीरा देवी ने व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। महान क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए आलोक चौरसिया ने कहा कि महान क्लब पलामू का आन बान शान है। उन्होंने क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया । कहा कि सनातन धर्म का सबसे महान पर्व छठ महापर्व है। ऐसे में महान क्लब द्वारा प्रखंड के हर व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरण करना एक सराहनीय कार्य है। वे छठी मईया कामना करते हैं कि हर वर्ष इस से भी बढ़कर महान क्लब कार्य करें। मौके पर क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी, क्लब के सदस्य सहित व्रतियों व हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## लक्ष्मीपुर कंचन टोला में महिला की हत्या

# पति समेत आठ पर हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** रघुवंशनगर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर कंचन टोला में गुरुवार सुबह बांस बाड़ी से एक महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान स्थानीय वार्ड संख्या 5 निवासी पलटन मंडल की पुत्री गुड़िया कुमारी के रूप में की गई है। सुबह ग्रामीणों ने बांस बाड़ी में शव देखा तो अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। रघुवंशनगर थाना पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पिता ने पति सहित आठ लोगों पर लगाया हत्या का आरोप मृतका के पिता पलटन मंडल ने अपने आवेदन में बताया कि 22 अक्टूबर की रात उनकी पुत्री गुड़िया अपने पति नीतीश कुमार, निवासी चारिका रहिका (थाना चम्पानगर, जिला पूर्णिया), और तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ नाथपुर रंगरा चौक काली मेला देखने गई थी।

मेला के बाद बहाने से नीतीश कुमार अपनी पत्नी को घर ले जाने की बात कहकर ले गया। आरोप है कि इसके बाद नीतीश कुमार ने तीन अज्ञात लोगों के साथ मिलकर लक्ष्मण मंडल के बसबिट्टी स्थित बांसबाड़ी में धारदार हथियार से गुड़िया की हत्या कर दी। पलटन मंडल ने दामाद नीतीश कुमार के साथ उसकी ससुराल पक्ष के पांच अन्य परिजनों को भी हत्या में संलिप्त बताया है।

### शादी के बाद से चल रहा था उत्पीड़न

परिजनों के अनुसार, करीब डेढ़ वर्ष पूर्व गुड़िया की शादी हिंदू रीति-रिवाज से नीतीश कुमार से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था, जिससे तंग आकर वह मायके में रह रही थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है और नामजद व अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

## चम्पानगर में चोरी और जबरन कब्जा

# पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर /पूर्णिया।** बुधवार को चम्पानगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में नगर पंचायत चम्पानगर के वार्ड संख्या-7 स्थित रामनगर गाँव निवासी महादेव मेहता का 25 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार, वार्ड संख्या-8 स्थित कोहवारा गाँव निवासी फागु महलदार का 25 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार और श्रीनगर थाना क्षेत्र के श्रीनगर गाँव निवासी जुम्मन खान का 39 वर्षीय पुत्र मो0 मुख्तार खान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 2025 की देर रात मुन्ना कुमार ने रामनगर गाँव में शंभु विश्वास और अरविंद विश्वास के बंद घर से छत के रास्ते चोरी कर दो सिंचाई वाली बिजली मोटर उठा ली थी।

पूछताछ में मुन्ना कुमार ने चोरी की मोटरों को राकेश कुमार को बेचने की बात स्वीकार की, जिसके बाद पुलिस ने मोटरों के साथ राकेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच मो0 मुख्तार खान को वादी धमदाहा थाना क्षेत्र के ठाढी धरहर गाँव निवासी संजय कुमार मरांडी की चम्पानगर थाना क्षेत्र के सिंधिया पंचायत स्थित जमीन जबरन कब्जा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया। मो0 मुख्तार खान इस मामले में थाना कांड संख्या-99/2025 में फरार चल रहा था और उसे बुधवार की देर रात लगभग 2 बजे उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हिरासत में रखे गए तीनों अभियुक्तों को गुरूवार को न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 : प्रेक्षकों ने किया नामांकन-वापसी कार्य का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकगणों ने बुधवार, 23 अक्टूबर को अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन-वापसी कार्य का निरीक्षण एवं निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की।

अमौर विधानसभा (56) के सामान्य प्रेक्षक वी. सनमुगम ने अमौर विधानसभा अंतर्गत बूथ संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 11 एवं 12, साथ ही CAPF आवासन, शीशाबाड़ी तथा बैसा का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति तथा निर्वाचन कर्मियों की तैनाती की समीक्षा की। बायसी विधानसभा (57) के सामान्य प्रेक्षक साहब सिंह ने दालकोला चेकपोस्ट स्थित का निरीक्षण किया और वाहनों की जांच प्रक्रिया, निगरानी एवं जब्ती रिकॉर्ड की गहन समीक्षा की।

वहीं, रूपौली विधानसभा (60) के सामान्य प्रेक्षक तलत परवेज इकबाल रोहिल्ला ने रूपौली क्षेत्र में कार्यरत SST (Static Surveillance Team) के कार्यों की समीक्षा की और टीम को सतर्कता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ दायित्वों के निर्वहन का निर्देश दिया।

प्रेक्षकों ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप पूरी गंभीरता, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ कार्य करने को कहा, ताकि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुचारु मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया के निदेर्शानुसार मीडिया कोषांग, पूर्णिया द्वारा जारी की गई।

# जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह होगा ऐतिहासिक : शैलेंद्र कुमार शैलू

■ कार्यक्रम के अध्यक्ष बनाए गए शैलेंद्र कुमार शैलू व जितेंद्र चंद्रवंशी महामंत्री



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू के तत्वावधान में पलामू क्लब के सभागार में जरासंध जयंती मनाने को ले समाज की बैठक हुई। इसमें समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए। इसकी अध्यक्षता विकास कुमार विक्की व संचालन आनंद कुमार ने किया। बैठक में सर्व समिति से जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह के अध्यक्ष पद के लिए सर्व समिति से शैलेंद्र कुमार शैलू महामंत्री जितेंद्र चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पप्पू, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार व संजय चंद्रवंशी का चयन किया गया। अगली बैठक में कमेटी का पूर्व से विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को मानसिक रूप से मजबूत होना पड़ेगा। गलत का विरोध करना होगा। समाज के लिए निस्वार्थ भावना से कम करने वाले की मदद करनी होगी। सुधीर कुमार ने कहा कि चंद्रवंशी समाज में तेजी से बदलाव हो रहा है। यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। विजय चंद्रवंशी ने कहा कि हम सभी को संगठित रहना होगा, तभी आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि इस बार जरासंध जयंती समारोह सह चंद्रवंशी मिलन समारोह हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक होगा। समाज को नई दिशा व दशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर सचिन कुमार, नीरज वर्मा, महेश चंद्रवंशी कोमल कुमार अंकू, अभय वर्मा, आकाश कुमार, रितेश कुमार विनोद कुमार, नरेश चंद्रवंशी, रामलाल चंद्रवंशी, कुंदन कुमार, संजय चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

# शहीद आरक्षी किशोरी प्रजापति व राम सूरत सिंह को पुलिस पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

## शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले में पुलिस विभाग की ओर से दो वीर शहीद जवानों को पुलिस पदाधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सबसे पहले शहीद चालक आरक्षी स्व किशोरी प्रजापति के निवास स्थान पर जाकर पुलिस अधिकारियों ने फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मौजूद उनके परिवारजनों को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर हर संभव सहयोग व सहायता का आश्वासन दिया।इसके पश्चात पाटन थाना के सिक्की खुर्द गांव के शहीद आरक्षी (1099) स्व राम सूरत सिंह को उनके घर जाकर सीडीपीओ मणि भूषण प्रसाद सहित थाना प्रभारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान परिजनों को सम्मानित किया गया। उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ ही त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक पाटन अंचल, अन्य पुलिस पदाधिकारी व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट करना व उनके परिवारों के सम्मान व सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना था।





## काली पूजा पर हुआ महिला फुटबॉल टूर्नामेंट

# मुजफ्फरपुर ने जीता खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** काली पूजा के शुभ अवसर पर माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब, भटोत्तर के तत्वावधान में माँ श्यामा मैदान पर 'सुरेंद्र नारायण सिंह मेमोरियल माँ श्यामा महिला फुटबॉल ट्रॉफी 2025' का भव्य आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर और पटना की महिला फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। सांसें थमा देने वाले फाइनल में मुजफ्फरपुर की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की जर्सी नंबर 17 खिलाड़ी रूबी कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जितेंद्र नारायण सिंह ने विजेता टीम की कप्तान को ट्रॉफी प्रदान की, वहीं सुखसेना पश्चिम के पूर्व मुखिया ध्रुव कुमार सिंह ने उपविजेता पटना टीम को रनर-अप शील्ड दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आयोजन समिति के श्यामल सिंह, मंगल सिंह एवं माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि 'ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने में अहम भूमिका निभाते हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 1997-98 से प्रतिवर्ष काली पूजा के अवसर पर यह महिला फुटबॉल प्रतियोगिता लगातार आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान मैदान पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, और खिलाड़ियों के प्रति उत्साह बढ़ता एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# कांग्रेसी नेता विनोद पाठक के पिता समाजसेवी लक्ष्मीनारायण पाठक का निधन, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू )।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व स्वास्थ्य विभाग जिला अध्यक्ष व सुदना पश्चिमी के पूर्व पंचायत समिति सदस्य बिनोद कुमार पाठक उर्फ सीटू पाठक के पिता समाजसेवी लक्ष्मीनारायण पाठक का मंगलवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व पाठक का दाह संस्कार हरिश्चन्द्र घाट पर कर किया गया। ज्येष्ठ पुत्र बासुकीनाथ पाठक ने मुखाग्नि दी। इधर स्व पाठक के दाह संस्कार में जिले के सैकड़ों समाजसेवी, गणमान्य व कांग्रेसी शामिल थे। दाह संस्कार में शामिल होने वालों में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विमला कुमारी, युवा समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत जयसवाल, सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय, ब्रिजेश शुक्ला, केएन पांडे, आशीष भारद्वाज, विश्रामपुर विधानसभा के



पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, परशुराम सेना के अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, मुकेश तिवारी, रंजीत मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, मुन्ना दुबे, नवीन दुबे, पिंटू पांडे, दयानंद पांडे, प्रवीण सिंह, पप्पू सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, पवन गुप्ता, पूर्व मुखिया सतेंद्र तिवारी, रविंदर शुक्ला, विश्रामपुर प्रमुख रिंकू सिंह, संतोष चौबे, जितेंद्र कमलापुरी, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेता परशुराम ओझा, मनोज सिंह, अमित तिवारी, पिंकू सिंह, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, साकेत शुक्ला, संतोष शुक्ला, देवन शुक्ला, आनंद शुक्ला, धनंजय पांडे, रामलाल तिवारी, बब्लू तिवारी, अर्जुन राम, डॉक्टर कौशल किशोर, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर गौतम यादव, डॉक्टर सुशील पांडे, डॉक्टर सीमा, डॉक्टर किरण सिंह, राकेश कुमार, डॉक्टर अभय कुमार, रामराज गुप्ता, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला, सत्येन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, अजय पांडे, रुचिर तिवारी, सीएस अनिल श्रीवास्तव, दीनानाथ तिवारी, बड़े सिंह, शंकर साहू, संजय अग्रवाल, महेंद्र पाठक व विभूति पाठक समेत कई गणमान्य शामिल थे।

# चित्रगुप्त मंदिर में हुई ब्रह्मांड के न्यायाधीश, लेखनी के देवता भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** गुरुवार को स्थानीय कोयल नदी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा की गई । 12 बजे दिन में मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में मुख्य यजमान शिव शंकर सिन्हा व सीताराम प्रसाद कर्ण ने विधि विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त जी महराज की पूजा अर्चना कराई। इसमें नगर के अनेक चित्रगुप्त भक्त व लेखनी के उपासक ने कलम के देवता की पूजा की। भगवान की पूजा के बाद 2 बजे से प्रसाद वितरण किया गया। सध्या 6 बजे महाआरती हुई। महाआरती के पश्चात संध्या 7 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उ?द्घाटन के पश्चात चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव सहित छात्रवृत्ति चयन समिति के सदस्यों द्वारा चयनीत निर्धन सह मेधावी छात्र- छात्रा को 25-25 हजार रुपए की दो व 11-11 हजार रुपए के दो को छात्रवृति प्रदान की गई। इसके तहत स्व मधेश्वर सहाय जी की पुण्य स्मृति में वर्ष 2025 में मैट्रिक उत्तीर्ण निर्धन सह मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25- 25 हजार रुपए की दो वार्षिक छात्रवृति

व स्व रानी, जगदीश्वरी दयाल जी की पुण्य स्मृति में 11 हजार - रुपए की एक छात्रवृति व स्व आदित्य प्रसाद की स्मृति में 11 हजार रुपए की एक छात्रवृति, इंटर 2025 उत्तीर्ण निर्धन सह मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में दी गई। इसके पश्यात बाहर से आये कलाकारों व समाज के स्थानीय प्रतिभागियों व बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत व भजन गाए। शुक्रवार को सुबह 10 बजे हवन के पश्चात कोयल तट पर कलश विसर्जन किया जायेगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने दी। आज इस पूजा समारोह में चित्रगुप्त भगवान के भक्त एवं पूजा समिति के अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार, सचिव श्री विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार, मीडीया प्रभारी श्री अजय श्रीवास्तव, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, श्री किशोर कुमार, श्री गोपाल कृष्ण वर्मा, श्री नविनचन्द्र कुमार बिनु, श्री सतिश चंद्र जौरिहार, श्री अमित सहाय, श्री नवल किशोर सहाय, श्री विनित कुमार, श्री राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा गुड्डु जी (जे०एम०एम०), श्री सुनिल राहाय, श्री धर्मेन्द्र कुमार पप्पु श्री राजीव कुमार राजू, श्री अजय कुमार वर्मा, श्री संजय राज, श्री गौरव वर्मा, श्री आशुतोष मिश्रा, श्री कामेश कुमार तथा महिलाओं में श्रीमति संगीता प्रसाद, श्रीमति सुमन सहाय, श्रीमति गायत्री सिन्हा, श्रीमति रेनु सिन्हा, श्रीमति पूनम सिन्हा, इत्यादि एवं अनेक चित्रगुप्त भक्तों ने मिलकर भगवान श्री चित्रगुप्त जी महराज की पूजा अर्चना की।



# सैफ 2025 के भव्य आगाज के लिए तैयार रांची, मंत्री बोले- ऐतिहासिक होगा आयोजन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर खेल इतिहास रचने को तैयार है। 15 वर्ष बाद शहर एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी कर रहा है। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में 24 से 26 अक्टूबर तक साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य आयोजन होगा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में दक्षिण एशिया के छह देशों—भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव—के कुल 254 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। 37 स्पर्धाओं में पदक के लिए खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI), झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन (JOA) और झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। 24 अक्टूबर को होगा उद्घाटन समारोह साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन समारोह 24 अक्टूबर की शाम 6 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस अवसर पर 500 कलाकार झारखंड की लोककला, नृत्य और जनजातीय संस्कृति की झलक पेश करेंगे। शहर को "Where Culture Meets Courage" थीम पर सजाया गया है। सड़कों, भवनों और स्टेडियम को रंगीन रोशनी, म्यूरल्स और आकर्षक इंस्टॉलेशन से सजाया गया है। खेल मंत्री बोले– झारखंड को गर्व है राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड को गर्व है कि वह दक्षिण एशिया के खिलाड़ियों का स्वागत कर रहा है। उन्होंने कहा, "मैं सभी खिलाड़ियों से आग्रह करता हूं कि वे पूरी निष्ठा से खेलें और सद्भावना के दूत बनकर लौटें। यह आयोजन राज्य के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जूनियर खिलाड़ियों को इससे बेहतरीन प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा।" टीमें और तैयारी पूरी भारतीय दल में 73 खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि श्रीलंका से 63, नेपाल से 27, बांग्लादेश से 20, मालदीव से 15 और भूटान से 8 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम के लगभग 50 प्रतिशत खिलाड़ी युवा हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा। JOA महासचिव एवं SAAF 2025 समन्वयक मधुकांत पाठक ने बताया कि भारत इस बार 25 से अधिक स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा। उन्होंने कहा, "पिछली बार कोच्चि (2008) में भारत ने 57 पदक जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। इस बार हम उस रिकॉर्ड को और बेहतर करने के लिए तैयार हैं।" मंत्री ने किया स्टेडियम का निरीक्षण कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य मंत्री सुदेश कुमार ने बिरसा मुंडा स्टेडियम का निरीक्षण किया और तैयारियों पर संतोष जताया। उनके साथ विभागीय अधिकारी शेखर जमुआर और मधुकांत पाठक भी मौजूद रहे। मंत्री ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि रांची खेल आयोजन की नई पहचान बनेगा। भारतीय धावक परमजीत सिंह ने कहा कि "SAAF जैसी प्रतियोगिताएं 2032 ओलंपिक की तैयारी के लिए बेहद अहम हैं। इससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और रैंकिंग पॉइंट्स दोनों मिलते हैं।" उत्साह से सराबोर रांची 21 अक्टूबर से खिलाड़ियों का आगमन शुरू हो चुका है और अभ्यास सत्र जारी हैं। सड़कों की सजावट, जगमगाते स्टेडियम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया है। रांची इस समय खेल, एकता और परंपरा का जीवंत प्रतीक बन चुका है। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और झारखंड की मेहमाननवाजी के साथ यह आयोजन न केवल खेलों का पर्व होगा, बल्कि दक्षिण एशियाई एकता और सांस्कृतिक मेल का प्रतीक भी साबित होगा।

## छठ की खरीदारी को लेकर बाजार में दिख रही रौनक, बाजार गुलजार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** धनतेरस से शुरू हुआ बाजार में चहल पहल का वातावरण दीपावली के बाद छठ पर्व को लेकर अभी भी बरकरार है। बाजार में ग्राहकों की काफी भीड़ गुरुवार को भी नजर आई। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर लोगों ने बाजार में छठ पर्व से जुड़ी आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी करते नजर आए। सूप और खाचे के दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई। कच्चे बांस के बने सूप का प्रयोग छठव्रती अर्घ्य देने के लिए करते हैं। हालांकि कई लोग पीतल के सूप से भी छठ का अर्घ्य देते हैं। लिहाजा बर्तन के दुकानों पर भी छठ व्रतियों की भीड़ देखी गई। छठ पर्व को लेकर बाजार में भी कई वस्तुओं के दामों में तेजी नजर आ रही थी। सामान्य रूप से बांस के बने सूप की कीमत सौ से डेढ़ सौ रुपए बाजार में थी तो वहीं बांस के बने खांचे की कीमत दो सौ से 250 रुपए तक बताई जा रही थी। इसके अतिरिक्त नहाय खाए को लेकर लोग किराना दुकानों पर सेंधा नमक, चने का दाल, नया चावल आदि खरीदते नजर आए। छठ पर्व को लेकर सब्जी बाजार में भी काफी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। बाजार में कद्दू, धनिया पत्ता, नया आलू समेत अन्य सब्जियों का मांग अधिक रहने से इनके भाव में भी डेढ़ गुना तक इजाफा सामान्य दिनों की तुलना में देखी गई। छठ पर्व को लेकर लोग अपनी जरूरत और आर्थिक हैसियत के हिसाब से बाजार में खरीदारी करते नजर आए। छठ पर्व को लेकर बाजार में नया गुड़ की मांग भी काफी अधिक थी। छठव्रती नए गुड़ की तलाश में किसानों के यहां भी भटकते भी दिखे। छठ पूजा को लेकर नए गुड़ की कीमत बाज़ार में 80 से 100 प्रति किलो बताई जा रही है।

आस्था का महापर्व कहे जाने वाले छठ को लेकर खरीदारी कर रहे लोग शुद्धता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते नजर आ रहे थे। बाजार में खरीदारी करते समय लोग खरीदी गई वस्तुओं को इधर-उधर रखने से परहेज भी कर रहे थे तो वही वस्तुओं को खरीदते समय भी शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ख्याल रख रहे थे। छठ पर्व को लेकर बाजार में भीड़ के साथ साथ यात्री वाहनों में भी धक्का-मुक्की की स्थिति देखी गई। वाहनों में भीड़ को देखते हुए कई लोग ऑटो रिजर्व करके भी खरीदारी के बाद सामान को अपने घर ले जा रहे थे। 4 दिनों तक चलने वाले छठपर्व के अनुष्ठान को लेकर बाजार में रौनक के साथ-साथ शुद्धता और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दुकानदारों की ओर से भी रखा जा रहा था। पवित्रता का पर्व माने जाने वाले छठ में सभी लोग आस्था के साथ साथ पवित्रता का ध्यान भी बाजार में रख रहे थे।

# चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर प्रेक्षकों ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जहानाबाद जिला में नामांकन वापसी के बाद सभी वैध अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 216-जहानाबाद, 217-घोसी और 218-मखदुमपुर के अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की उपस्थिति में सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षक सचिन्द्र प्रताप सिंह (घोसी), राजीव गांधी हनुमंतु (जहानाबाद), सुनील कुमार वर्मा (मखदुमपुर), गार्गी उमराव (व्यय प्रेक्षक) तथा सिद्धार्थ कुमार अंबेदकर (पुलिस प्रेक्षक) ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची निबंधक पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय, आचार संहिता और प्रचार-प्रसार से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी। नोडल पदाधिकारी, व्यय कोषांग द्वारा बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय हेतु केवल एक बैंक खाता का उपयोग करना होगा और किसी भी स्थिति में 10,000 से अधिक की नकद निकासी नहीं की जा सकेगी। जिन अभ्यर्थियों के पास स्वयं का वाहन है, उनके वाहन का किराया व्यय में शामिल नहीं होगा, लेकिन चालक का खर्च दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के पालन पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी और उसके कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि प्रचार के दौरान मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता EPIC कार्ड के साथ-साथ 12 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से किसी एक के आधार पर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के बिना भी मतदान किया जा सकता है, इसलिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया, अनुमान्य व्यय सीमा, प्रचार नियमों सहित निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार, सभा, जुलूस, रैली, लाउडस्पीकर और वाहन उपयोग के लिए अनुमति सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद कार्यालय में स्थापित एकल विंडो प्रणाली के माध्यम से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दी जा रही है।

# अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नशे के अवैध कारोबार पर एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम के पास पुलिस ने छापेमारी कर 2.7 किलो अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे उक्त अफीम को पंजाब के लुधियाना ले जाने वाले थे।

पुलिस ने मौके से तीन मोटरसाइकिल, एक छह चक्का गाड़ी और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम क्रमशः

संदीप कुमार (गिद्धौर, चतरा)

मो० जाहिद आलम (गिद्धौर, चतरा, वर्तमान पता रांची)

मो० सहजाद उर्फ सोनू (चतरा, वर्तमान पता रांची)

मंजीत सिंह (लुधियाना, पंजाब)

इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित छापामारी की। टीम में पेलावल अंचल निरीक्षक शाहिद रजा, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय, सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी शामिल थे।

इसी क्रम में 20 अक्टूबर को पेलावल ओपी क्षेत्र में एक अन्य छापेमारी में पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के दो आरोपितों सचिन कुमार (चतरा) और अभिषेक कुमार उर्फ मुन्ना (गया, बिहार) को 40 ग्राम ब्राउन शुगर और एक केटा गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया था।

इसके अलावा 11 अक्टूबर को बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना में 300 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर राजकुमार सिंह (चौपारण, हजारीबाग) को भी गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को ध्यान में रखते हुए जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान और अधिक तेज किया गया है। हजारीबाग पुलिस का यह सख्त रवैया नशे

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने राजदीप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के नागा बिगहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप गुरुवार को एक निजी आवास परिसर में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजदीप कुमार को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पिटू कुमार को जिला महासचिव, अभिषेक सक्सेना मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष सिकंदर कुमार, सचिव अमित रंजन को बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला इकाई का गठन अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अर्जेश राज श्रीवास्तव के निर्देश पर किया गया है। इसमें सभी जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी दिवेश मिश्रा ने बताया कि सभी मनोनीत अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया है। बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा गया है। अगली बैठक में आगे का निर्णय लिया जाएगा। मजबूती के साथ सभी पदाधिकारी संगठन का विस्तार करेंगे। इकाई गठन के बाद संगठन की मजबूती, फार्मासिस्टों के हितों की रक्षा, बीना फार्मासिस्ट के चल रही फर्जी दुकान और सामाजिक दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। फार्मासिस्ट एसोसिएशन स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और दवा वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मांग को लेकर मांग करेगी। अगली बैठक में दवा वितरण, फार्मेसी के संचालन, तथा सरकारी अस्पतालों में फार्मासिस्टों की भूमिका को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें अभी तक वह मान-सम्मान और अधिकार नहीं मिले, जिसके वे हकदार हैं। कहा कि अस्पतालों में दवाओं के गलत वितरण और मरीजों को सही परामर्श न मिलने की मुख्य वजह फार्मासिस्टों की कमी है। यदि हर अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की तैनाती सुनिश्चित की जाए, तो दवा जनित दुष्प्रभावों और गलत उपचार के मामलों में भारी कमी लाई जा सकती है। एसोसिएशन ने यह भी निर्णय लिया कि आम जनता को दवाओं के सही उपयोग, एक्सपायरी दवाओं के खतरे और चिकित्सक की सलाह के बिना एंटीबायोटिक लेने से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए राज्यभर में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दिवेश ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा विक्रेता नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य सलाहकार हैं, जो रोगी को सुरक्षित दवा उपयोग के बारे में मार्गदर्शन देते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा आईआरईपीएस पोर्टल अर्थात **www.ireps.gov.in** के जरिये **सियालदह मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम)** का ठेका प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी कैटेलॉग का विवरण निम्नानुसार है : **नीलामी कैटेलॉग संख्या : एटीएम-एसडीएएच-12-25**। **क्रम संख्या; एसईक्यू. संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; विवरण** एवं **लॉट समाप्ति की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **एटीएम-एसडीएएच-सीडीपी-जीईएन-41-22-1** (एटीएम-जनरल); चांदपाड़ा रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 27.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **2**; एए/2; **एटीएम-एसडीएएच-यूटीएन-जीईएन-106-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 12.40 बजे। **3**; एए/3; **एटीएम-एसडीएएच-बीटीवाई-जीईएन-73-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 12.50 बजे। **4** ; एए/4; **एटीएम-एसडीएएच-एचआरएसआर-जीईएन-83-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **5**; एए/5; **एटीएम-एसडीएएच-केएनजेआई-जीईएन-86-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.10 बजे। **6**; एए/6; **एटीएम-एसडीएएच-पीएनसीबी-जीईएन-97-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.20 बजे। **7**; एए/7; **एटीएम-एसडीएएच-पीएलवाई-जीईएन-98-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **8**; एए/8; **एटीएम-एसडीएएच-एसएमएक्स-जीईएन-30-22-1** (एटीएम-जनरल); सिमुराली रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.40 बजे। **9**; एए/9; **एटीएम-एसडीएएच-एमजेटी-जीईएन-31-22-1** (एटीएम-जनरल); माझेरहाट रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 27.10.2025 को दोपहर 1.50 बजे। **10**; एए/10; **एटीएम-एसडीएएच-बीएचकेए-जीईएन-66-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **11**; एए/11; **एटीएम-एसडीएएच-डीईबी-जीईएन-79-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.10 बजे। **12**; एए/12; **एटीएम-एसडीएएच-जेकेएल-जीईएन-85-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.20 बजे। **13**; एए/13; **एटीएम-एसडीएएच-पीसीएक्स-जीईएन-99-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.30 बजे। **14**; एए/14; **एटीएम-एसडीएएच-जीईडीई-जीईएन-52-23-1** (एटीएम-जनरल); गेदे रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.40 बजे। **15**; एए/15; **एटीएम-एसडीएएच-बीएचजीएच-जीईएन-67-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को दोपहर 2.50 बजे। **16**; एए/16; **एटीएम-एसडीएएच-बीटीकेबी-जीईएन-69-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **17**; एए/17; **एटीएम-एसडीएएच-केएलडब्ल्यू-जीईएन-87-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.10 बजे। **18**; एए/18; **एटीएम-एसडीएएच-एलजीएल-जीईएन-89-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.20 बजे। **19**; एए/19; **एटीएम-एसडीएएच-एमजीएम-जीईएन-91-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **20**; एए/20; **एटीएम-एसडीएएच-एनसीपीएम-जीईएन-95-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.40 बजे। **21**; एए/21; **एटीएम-एसडीएएच-टीएनएक्स-जीईएन-104-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 3.50 बजे। **22**; एए/22 ; **एटीएम-एसडीएएच-एचआरओ-जीईएन-44-22-1** (एटीएम-जनरल); हाड़ोया रोड रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **23**; एए/23; **एटीएम-एसडीएएच-बीपीसी-जीईएन-74-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.10 बजे। **24**; एए/24; **एटीएम-एसडीएएच-डीटीजी-जीईएन-81-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.20 बजे। **25**; एए/25; **एटीएम-एसडीएएच-एसजीवी-जीईएन-103-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.30 बजे। **26**; एए/26; **एटीएम-एसडीएएच-यूआरपी-जीईएन-107-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.40 बजे। **27**; एए/27; **एटीएम-एसडीएएच-बीएनकेए-जीईएन-68-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 4.50 बजे। **28**; एए/28; **एटीएम-एसडीएएच-बीटीपीजी-जीईएन-75-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.00 बजे। **29**; एए/29; **एटीएम-एसडीएएच-जीक्यूडी-जीईएन-82-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.10 बजे। **30**; एए/30; **एटीएम-एसडीएएच-जेजेजी-जीईएन-84-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.20 बजे। **31**; एए/31; **एटीएम-एसडीएएच-एनबीआरएन-जीईएन-93-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.30 बजे। **32**; एए/32; **एटीएम-एसडीएएच-एनसीपी-जीईएन-94-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.40 बजे। **33**; एए/33; **एटीएम-एसडीएएच-बीईबी-जीईएन-70-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 5.50 बजे। **34**; एए/34; **एटीएम-एसडीएएच-बीएफटी-जीईएन-71-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 27.10.2025 को अपराह्न 6.00 बजे। **35**; एए/35; **एटीएम-एसडीएएच-सीपीएचटी-जीईएन-78-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 10.30 बजे। **36**; एए/36; **एटीएम-एसडीएएच-डीएचयू-जीईएन-80-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 10.40 बजे। **37**; एए/37; **एटीएम-एसडीएएच-केआरपी-जीईएन-88-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 10.50 बजे। **38**; एए/38; **एटीएम-एसडीएएच-एमवाईएचटी-जीईएन-90-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 11.00 बजे। **39**; एए/39; **एटीएम-एसडीएएच-एमबीबी-जीईएन-92-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 11.10 बजे। **40**; एए/40; **एटीएम-एसडीएएच-आरईजे-जीईएन-96-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 11.20 बजे। **41**; एए/41; **एटीएम-एसडीएएच-बीएआरएन-जीईएन-45-22-1** (एटीएम-जनरल); बरानगर रोड रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 28.10.2025 को सुबह 11.30 बजे। **42**; एए/42; **एटीएम-एसडीएएच-बीएचपीए-जीईएन-64-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 11.40 बजे। **43**; एए/43; **एटीएम-एसडीएएच-बीक्यूजी-जीईएन-72-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को सुबह 11.50 बजे। **44**; एए/44; **एटीएम-एसडीएएच-सीएसजेड-जीईएन-77-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **45**; एए/45; **एटीएम-एसडीएएच-बीपीडी-जीईएन-58-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.10 बजे। **46**; एए/46; **एटीएम-एसडीएएच-बीएचएनए-जीईएन-76-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.20 बजे। **47**; एए/47; **एटीएम-एसडीएएच-सीवीएच-जीईएन-101-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **48**; एए/48; **एटीएम-एसडीएएच-यूकेएलआर-जीईएन-105-24-1** (एटीएम-जनरल); सियालदह मंडल में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) एवं एटीएम की स्थापना एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.40 बजे। **49**; एए/49; **एटीएम-एसडीएएच-एसडीएएच-जीईएन-38-22-1** (एटीएम-जनरल); रेलवे स्टेशन के नज़दीक स्टाफ कॉलोनी, सियालदह में एटीएम की स्थापना और परिचालन एवं 28.10.2025 को दोपहर 12.50 बजे। **दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (सभी के लिए)। **ट्रिप्स/दिन:** 1826 (सभी के लिए)। **लॉट शुरू होने की तारीख एवं समय:** 27.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे (सभी के लिए)। **न्यूनतम वृद्धि:** 0.2 % (सभी के लिए)। **लॉट की स्थिति:** ड्राफ्ट कैटेलॉग में नया (सभी के लिए)।

(SDAH-235/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: टॉयलेटअप_25-26, दिनांक 18.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** 18 (अठ्ठारह) महीनों की अवधि के अंदर कैरेज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में पीवी संख्या 320/2024-25 एवं 330/2025-26 के मार्फत मंजूर बल्क आरएसपी कार्य के तहत 240 अदद कोचों की कुल संख्या के लिए गैर-वातानुकूलित एलएचबी कोचों में शौचालयों का क्रमोन्नयन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 22,35,65,956.80। **जमा की जाने वाली बोली प्रतिभूति:** ₹ 12,67,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट 18.10.2025 से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 (अठ्ठारह) महीना। **विज्ञापन अवधि:** 18.10.2025 से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पहले से 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 69 (उनहत्तर) दिन। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे या उसके बाद खोली जाएगी।

(MISC-248/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: 24-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक: 22.10.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल: लो इंसुलेशन/क्षतिग्रस्त सिग्नलिंग केबल की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,59,78,284.80। **बयाना राशि:** ₹ 2,79,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 18 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.11.2025 को सुबह 11.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: **https://www.ireps.gov.in**।

(ASN-215/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/6787727, दिनांक 15.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा खुली निविदा के आधार पर कार्य ठेके के जरिये **05 वर्षों की अवधि के लिए एक्सल टर्निंग लेथ मशीन, क्रम सं. 92114000, डिपार्टमेंट संख्या 20/486, निर्माता - मेसर्स अस्कर माइक्रोन के वार्षिक रखरखाव अनुबंध के कार्य** हेतु खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **बोली समाप्त होने की तारीख/समय:** 05.11.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **बोली खुलने की तारीख/समय:** 05.11.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **जमा बयाना राशि:** बोली अनुमानित मूल्य का 2 % अर्थात ₹ 91,660। **ई-पीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 5%। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 45,83,000। **पूरा करने की अवधि:** 60 महीना। **एस्टीमेट संख्या:** एमसीपी/एम एंड पी/सीएएमसी/सीएनसी-एटीएल/20-486/2025, दिनांक: 15.07.2025। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होगा तथा जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के जरिये दरें ऑनलाइन कोट करनी होंगी तथा ऑनलाइन जमा करनी होंगी।

(MISC-244/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. ई–डीआरएम–ईएनजीजी–आद्रा–95–96–25, दिनांक 21.10.2025,** मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा द्वारा निम्नवर्णित विवरण के अनुसार डिपो बैलस्ट, प्लेटफॉर्म और विविध कार्यों के लिए **02 (दो) अदद** ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्यों का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) सं. ई–डीआरएम–ईएनजीजी–आद्रा–95–25, दिनांक 21.10.2025,** चन्द्रकोणा रोड– चन्द्रकोणा रोड में अप लूप लाइन और पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन कम अप लूप की सुविधा को हटाया जाना। **निविदा लागत:** रु.12,36,05,997.57, **(2) सं. ई–डीआरएम–ईएनजीजी–आद्रा–96–25, दिनांक 21.10.2025,** बोकारो डिपो में 50 मिमी माप में मशीन खंडित बैलस्ट की ढेर में आपूर्ति एवं डिलीवरी तथा किसी भी प्रकार के रेलवे वैगनों में इसकी लदाई। **निविदा लागत:** रु. 4,00,54,176/–, **ई–निविदाओं की अंतिम तिथि और समय** 19.11.2025 को 15.00 बजे है। उक्त ई–निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(PR-757)**

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 23-10-2025 22:09 Page 1



# जिले के सभी प्रत्याशियों को सिम्बल हुए आवंटित

## दसो विधानसभा क्षेत्र से कुल चार लोगों ने नाम लिए वापस, 61 नामांकन के रद्द हुए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी**। गया जी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नाम वापसी के अंतिम दिन के बाद गुरूवार को गया जिला अन्तर्गत सभी दस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधानसभा के लिए आम निर्वाचन द्वारा गुरुवार को सभी को सिम्बल आवंटित किया गया है।




इसमें सबसे पहले गुरुआ विधानसभा से कुल नोमनेशन 19 लोगों ने किया जिसमें 13 लोगों का सिम्बल आवंटित किया गया छः लोगों का रद्द किया गया है।

226 शेरधाटी विधानसभा क्षेत्र में कुल नोमनेशन 22 हुआ जिसमें सात लोगों का रद्द किया गया,एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिए है कुल 14 प्रत्याशी के सिम्बल आवंटित किया गया है।

227 इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में कुल 16 लोगों ने नामांकन किए थे जिसमें नो प्रत्याशी का नाम रद्द किया गया अब सात प्रत्याशी का सिम्बल आवंटित किया गया है।

228 बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में कुल 16 नामांकन पत्र दाखिल हुआ था। जिसमें पांच रद्द किया गया ग्यारह प्रत्याशी को सिम्बल आवंटित किया गया है।

229 बोधगया विधानसभा क्षेत्र अ0 जा0 से कुल 17 प्रत्याशी ने नामांकन किए जिसमें सात प्रत्याशी का रद्द हुआ है।कुल दस प्रत्याशी के सिम्बल आवंटित किया गया है।

230 गया शहर विधानसभा क्षेत्र से कुल 23 लोगों ने नामांकन किए थे जिसमें एक का रद्द हुआ है अभी 22 प्रत्याशी को सिम्बल आवंटित किया गया है।

231 टिकारी विधानसभा क्षेत्र से कुल 24 प्रत्याशी ने नामांकन किए थे।जिसमें 12 लोगों का रद्द हुआ है अभी 12 प्रत्याशी को सिंबल आवंटित किया गया है।

232 बेलागंज विधानसभा क्षेत्र कुल 23 लोगों ने नामांकन किए थे जिसमें सात प्रत्याशी के नामांकन रद्द हुआ,दो ने नामांकन वापस लिए है।कुल 14 प्रत्याशी के सिम्बल आवंटित किए हैं।

233 अतरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी ने नामांकन किए जिसमें तिन नामांकन रद्द किए,कुल 12 प्रत्याशी के सिम्बल आवंटित किया गया है।

234 वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से कुल 17 प्रत्याशी ने नामांकन किए थे जिसमें चार नामंकन रद हुआ,एक ने नामांकन वापस लिए,कुल बारह प्रत्याशी को सिम्बल आवंटित किया गया है।

## रेलकर्मी ने की आत्महत्या

**बिहारशरीफ**। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बेले पंचायत स्थित वीरा कुंवर गांव में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां राजा भैया नामक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक रेलवे में चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के पद पर महाराष्ट्र में कार्यरत था।

घटना की जानकारी मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक कुमार ऋषिराज ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली थी कि वीरा कुंवर गांव में एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल की।आत्महत्या के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा।

ग्रामीणों के अनुसार करीब 20 दिन पहले ही राजा भैया की मां का निधन दशहरा के दौरान हो गया था।

# छठी मैया और सूर्य देव की कहानियों को चित्रित और संगीत के माध्यम से बताने का प्रयास वास्तव में है खास : मैथिली ठाकुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा** । छठ पूजा केवल एक त्योहार नहीं है, यह आस्था की ऐसी भावना है, जो बिहार के लोगों के जीवन में गहराई से बसती है। भक्ति गीत छठ की महिमा के माध्यम से, हम उस भावना, आस्था, अनुशासन और आंतरिक शक्ति का सम्मान करना चाहते हैं, जिसे हर भक्त अपने भीतर संजोए रखता है। सनराइज का छठी मैया और सूर्य देव की कहानियों को चित्रित और संगीत के माध्यम से बताने का प्रयास वास्तव में खास है। ये बातें प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर ने आईटीसी सनराइज मसाले के दो नई रचनात्मक प्रस्तुतियों के पेशकश के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी महसूस हो रही है कि मैं अपनी आवाज इस छठगीत के लिए दे पा रही हूँ, जो हमारी परंपरा को संरक्षित रखते हुए नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाती है। आईटीसी सनराइज मसाले के बिजनेस हेड पीयूष मिश्रा ने कहा कि पिछले वर्ष शुरू किया गया ऊर्जा का वरदान अभियान, आईटीसी सनराइज मसाले के उस मिशन का एक अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बिहार के लोगों से गहरा जुड़ाव बनाना है। आईटीसी सनराइज मसाले ने दो नई रचनात्मक प्रस्तुतियां पेश की हैं, एक भक्ति गीत छठ की महिमा, जिसे बिहार की सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर ने गाया है और एक चित्रमय कहानी-पुस्तक ऊर्जा का वरदान, छठ की कहानियां जिसे पारंपरिक लोककला की शैली में सजाया गया है।



# जेपी सेतु घाट पर गूंजे छठ के गीत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। पटना नगर निगम द्वारा छठ तथा दीपावली पर्व के रंगोली एवं दीपोत्सव का आयोजन पटना के जेपी सेतु घाट पर किया गया। इस आयोजन में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और राज्य की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने पटना के सभी लोगों से अपील की कि मिलजुल कर पटना को साफ बनाए रखने के लिए प्रयास करें। स्वच्छता सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। नीतू नवगीत ने स्वच्छता जागरूकता गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उपस्थित दर्शकों की मांग पर उन्होंने छठ के पारंपरिक गीत गाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने मांगी ला हम वरदान हे गंगा मइया, छठी माई के करब हम वरतिया, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव, पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देहब हे छठी मैया, कौने खेत जन्मल धान सुधान हो... जैसे सुंदर-सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल छठ की पावन भावना से भर उठा।

## चेकपोस्ट पर जांच में 50 हजार से अधिक राशि जप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर**। विधानसभा चुनाव को लेकर कैमूर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिले के कैमूर रोहतास के सीमा पर बनाए गए सबार लांजी पुल नदी के पास एसएसपी चेक पोस्ट पर एक लग्जरी कार से 50 हजार से अधिक नगदी की जब्ती की गयी है। अफसर राशि को जप्त कर आगे की कानुनी कारवाई कर रहे है।

विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिले को जोड़ने वाली सभी सिमाओं पर चेकपोस्ट का निर्माण किया गया है। चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट, पुलिस अफसर एवं जवानों द्वारा कैमूर की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी छोटी बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की अवैध नकदी, शराब, या चुनाव आचार संहिता के उलंघन से संबंधित सामग्री का परिवहन न हो सके।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंतजी का ज्ञान कल्याण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। जैन धर्मावलंबियों ने पटना के मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंतजी का ज्ञान कल्याण। पटना के मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जिनेश जैन, कमलदह मंदिर में सोनु जैन, कालीबीबी का कटरा में मुकेश जैन, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर में धीरज जैन सहित सभी जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान पुष्पदंतजी के ज्ञान कल्याणक की पूजा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिरों पहुंचने लगे। प्रातः भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्ध्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि कमिटी के अंतर्गत आनेवाले पटना कमलदाह, राजगीर, पावापुरी, कुण्डलपुर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में नवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत जी के ज्ञानकल्याणक की पूजा की गई।

जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत को सुविधिनाथ भी कहा जाता है। इनके पिता का नाम राजा सुग्रीव राज तथा माता का नाम रमा रानी था, जो इक्ष्वाकु वंश से थीं। मार्गशीर्ष के कृष्ण पक्ष की पंचमी को काकांदी में आपका जन्म हुआ। मार्गशीर्ष के कृष्ण पक्ष की छठ को आपने दीक्षा ग्रहण की तथा कार्तिक कृष्ण पक्ष की तृतीया को आपको सम्मेद शिखर में कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। भाद्र के शुक्ल पक्ष की नवमी को आपको सम्मेद शिखर पर निर्वाण प्राप्त हुआ। आपका प्रतीक चिह्न - मकर है।

# महालक्ष्मी संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना** । मानव लक्ष्मी के बिना लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। परिश्रमी व्यक्ति के समीप ही लक्ष्मी रहती है। लक्ष्मी की महत्ता सभी ग्रन्थों में उपलब्ध है। लक्ष्मी धन, सौभाग्य और समृद्धि की देवी है -ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवम् उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने भगवती महालक्ष्मी स्मृति अन्तजार्लीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के समापन समारोह का उद्घाटन करते हुए कही। अपने अध्यक्षीय भाषण में अभियान के अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि यदि भारत को आत्मनिर्भर बनाना है तो भारत के सभी नागरिकों को संस्कृत में विचार व्यक्त करना होगा।

मुख्यातिथि धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन, उत्तर प्रदेश), मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा, उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, विशिष्टातिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ अवन्तिका कुमारी, डॉ बिधु बाला, डॉ नीरा कुमारी आदि वक्ताओं ने विस्तार से महालक्ष्मी एवं संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महालक्ष्मी संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मनीष कुमार, अदिति चोला,तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, डॉ रागनी कुमारी, डॉ पल्लवी, विमलेश पाण्डेय,बीजेन्द्र सिंह, स्वाति,आयुष रंजन,रीना, भव्या राज, शुभांगी परासर की प्रस्तुति सराहनीय रही। मनीष कुमार एवम् अदिति चोला को प्रथम पुरस्कार,तारा विश्वकर्मा एवं मुरलीधर शुक्ल को द्वितीय पुरस्कार तथा डॉ रागनी कुमारी एवं डॉ पल्लवी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वैदिक मंगलाचरण उग्र नारायण झा, स्वागत भाषण डॉ लीना चौहान, स्वागत गीत डा नीरा कुमारी, धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार तथा ऐक्य मन्त्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया।

# तीनों प्रखण्ड प्रमुखों का नामांकन रद्द होना बना चर्चा का विषय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी**। शेरघाटी विधानसभा की राजनीति इस बार कुछ अलग ही रंग दिखा रही है। चुनावी मैदान में उतरे तीनों प्रखंड प्रमुखों का नामांकन रद हो जाना पूरे इलाके में चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। डोभी, शेरघाटी और आमस–तीनों प्रखंडों के प्रमुखों ने बड़े जोश और तामझाम के साथ विधायक बनने की मंशा जताई थी, लेकिन मंगलवार को हुए नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी ने उनके सारे अरमानों पर पानी फेर दिया।

आमस प्रखंड प्रमुख मसीहजमा खान उर्फ लड्डन खान ने तेजप्रताप यादव की पार्टी जन शक्ति जनता दल से नामांकन किया था। उधर शेरघाटी प्रमुख नरेश कुमार ने स्वराज्य पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरने की ठानी।

वहीं डोभी प्रखंड प्रमुख सुनीता

### चले थे हरि भजन को, ओटन लगे . . .

देवी, जिनके पति और राजद के कद्दावर नेता भगत यादव उर्फ सुरेंद्र कुमार सुमन हैं, उन्होंने भी निर्दलीय नामांकन दाखिल कर सबको चौंका दिया था।

मगर मंगलवार को हुई जांच में तीनों के नामांकन पत्रों में कई खामियां पाई गईं, जिसके चलते निवार्ची पदाधिकारी ने सभी के नामांकन रद्द कर दिए। अब यह मामला पूरे क्षेत्र में ह्लतीन प्रमुख, तीन फेलह्व के रूप में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी तैयारी के बावजूद इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई?

राजद खेमे में भी इस घटनाक्रम से बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। भगत यादव को पार्टी टिकट से वंचित कर दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता देवी को चुनावी मैदान में उतार दिया। पर नामांकन रद्द होते ही विरोधी खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। हालांकि जब यह जानकारी सामने आई कि भगत यादव ने खुद भी नामांकन कर रखा है, तो राजद प्रत्याशी के समर्थकों के चेहरे से मुस्कान गायब हो गई।

अब सारा समीकरण फिर से बदलता दिख रहा है। डोभी में भगत यादव की सक्रियता और उनके समर्थकों की जुटान से राजनीतिक तापमान बढ़ गया है।

उधर आमस प्रमुख के नामांकन रद्द होने के बाद अल्पसंख्यक समाज के बीच एकता और रणनीति बनाने की हलचल तेज हो गई है। शेरघाटी की यह चुनावी कहानी अब नामांकन के रद्दीकरण से बनी राजनीतिक पहेली बन गई है।

# प्रीति सिन्हा को चित्रगुप्त सेवा सम्मान से किया गया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रीति सिन्हा को चित्रगुप्त सम्मान से सम्मानित किया गया।

चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस में गोष्ठी, सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रीति सिन्हा को चित्रगुप्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीमती सिन्हा को मोमेंटो, अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया। श्रीमती सिन्हा ने इस सम्मान के लिए चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान का शुक्रिया अदा किया है। गौरतलब है कि प्रीति सिन्हा क्रियेशन आर्ट एंड क्राफ्ट इंस्टीच्यूट की सचिव भी हैं।उन्होंने इंस्टीच्यूट के तहत कई महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई,मधुबनी पेंटिंग, डेकोपाश, पाककला का प्रशिक्षण दिया है। श्रीमती सिन्हा की संगीत में भी रूचि है। वह पाककला में निपुण हैं और गृहणियों को कई तरह के व्यंजन बनाने के टिप्स देती हैं।

# एचडीएफसी बैंक को दूसरी तिमाही में जोरदार मुनाफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना** । एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। अपने एकल शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 10.8 फीसदी की बढ़त हासिल की है। बैंक ने कर-पश्चात लाभ 18,641.28 करोड़ रुपये दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 16,820.97 करोड़ रुपये था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) अर्जित ब्याज और व्यय किए गए ब्याज के बीच का अंतर एक साल पहले के 30,113.9 करोड़ रुपये से 4.8 फीसदी बढ़कर 31,551.5 करोड़ रुपये हो गई। बैंक ने कहा कि उसका मुख्य शुद्ध ब्याज मार्जिन कुल परिसंपत्तियों पर 3.27 फीसदी रहा। तिमाही के लिए अन्य आय (गैर-ब्याज राजस्व) 14,350 करोड़ रुपये रही। इसमें शुल्क और कमीशन से 8,840 करोड़ रुपये, विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव राजस्व से 1,590 करोड़ रुपये और शुद्ध ट्रेडिंग और मार्क-टू-मार्केट लाभ से 2,390 करोड़ रुपये शामिल हैं। परिसंपत्ति गुणवत्ता में क्रमिक और वार्षिक दोनों स्तरों पर सुधार जारी रहा। 30 सितंबर, 2025 तक बैंक का सकल गैर-निष्पादित आस्तियाँ (एनपीए) अनुपात 1.24 फीसदी रहा, जबकि एक वर्ष पहले यह 1.36 फीसदी था। शुद्ध एनपीए शुद्ध अग्रिमों का 0.42 फीसदी था। 30 सितंबर, 2025 तक ऋणदाता की कुल बैलेंस शीट का आकार बढ़कर 40,03,000 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 36,88,100 करोड़ रुपये था। कुल जमा राशि 12.1 फीसदी बढ़कर 28,01,800 करोड़ रुपये हो गई, जबकि सकल अग्रिम 9.9 फीसदी बढ़कर 27,69,200 करोड़ रुपये हो गया।

## आईटीसी सनराइज मसाले ने दो नई रचनात्मक प्रस्तुतियां की पेश

**भागलपुर**। आईटीसी लिमिटेड के सनराइज मसाले ने अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष ऊर्जा का वरदान अभियान के तहत दो नई रचनात्मक प्रस्तुतियां पेश की हैं, एक भक्ति गीत छठ की महिमा जिसे बिहार की सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर ने गाया है और एक चित्रमय कहानी-पुस्तक ऊर्जा का वरदान, छठ की कहानियां जिसे पारंपरिक लोककला की शैली में सजाया गया है। आईटीसी सनराइज मसाले के बिजनेस हेड पीयूष मिश्रा ने कहा कि दोनों प्रस्तुतियां पवित्र कथाओं से प्रेरित हैं, जो बताती हैं कि छठ पूजा की शुरूआत कैसे हुई, सीता के प्रथम छठ व्रत से लेकर राजा प्रियव्रत और रानी मालिनी की संतान प्राप्ति की प्रार्थना तक, पांडवों की भक्ति से लेकर कर्ण के सूर्यदेव की आराधना तक। मैथिली ठाकुर की भावपूर्ण प्रस्तुति इन कहानियों को सुर और भावना के माध्यम से पुनर्जीवित करती है, साथ ही चित्रमय कहानी-पुस्तक इन कथाओं के सार को मधुबनी और टिकुली जैसी रंगीन लोक कलाओं के जरिए सजीव रूप में प्रस्तुत करती है, जो इस क्षेत्र की संस्कृति, रंगों और गर्व को दशार्ती है।

# सम्राट चौधरी ने महागठबंधन पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू यादव ने जबरदस्ती महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार अपने बेटे को घोषित करवा लिया।

भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में गुरुवार को सम्राट ने लालू यादव के 15 वर्षों के जंगलराज की ओर पत्रकारों का ध्यान आकृष्ट करते हुए महागठबंधन के सहयोगी दलों को टार्चर कर अपने बेटे को मुख्यमंत्री का प्रत्याशी बनाया है।

उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता ने राजद को 15 वर्ष तक शासन करने का मौका दिया, लेकिन बिहार के लोगों को लूट, हत्या, भ्रष्टाचार का इनाम मिला। लालू यादव जैसे भ्रष्टाचारी के पुत्र को कांग्रेस एवं अन्य सहयोगी दलों ने मुख्यमंत्री बनाए जाने का समर्थन दिया।

सम्राट ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार के लोगों और बिहार की सुविधा के लिए जरूरी है। भ्रष्टाचारी लोग जो गुंडागर्दी की बदौलत सत्ता में बैठना चाहते हैं, उन्हें बिहार की जनता छह एवं 11 नवंबर को मतदान के माध्यम से महागठबंधन को करारा जवाब देगी।

दूसरी ओर, जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व



विधान पार्षद नीरज कुमार व प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने गुरुवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना में दी जा रही राशि आर्थिक सहायता के रूप में है। यह राशि किसी भी स्तर पर वापस नहीं की जानी है। नेता प्रतिपक्ष यह बताएं कि क्या यह सही नहीं है?

नीरज ने कहा कि वर्ष 2011 में तेजस्वी यादव के पिता केंद्र की यूपीए सरकार के सहयोगी थे। उस समय केंद्र में बिहार की जीविका योजना को आजीविका के नाम से लागू किया गया। उस दौरान भी लालू प्रसाद चुप थे जबकि उस समय उनकी किडनी दुरुस्त थी और वह सजायाफ्ता भी नहीं थे। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से उनके पेट में क्यों दर्द हो रहा है?

## आरपीएफ ने बीमार महिला का कराया इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन**। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरिक्षक राम विलास राम ने बताया कि एक महिला यात्री काल्पनिक नाम रेणु देवी, उम्र - करीब 45 वर्ष, निवासी ओबरा, जिला - औरंगाबाद जो अपने बहू जीतन देवी एवं भतीजा नंदू विश्वकर्मा के साथ गाड़ी संख्या 63558 डीएन (वाराणसी बरकाकाना पैसेंजर) से डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर उतरी उसी समय मिर्गी का दौरा आने से प्लेटफार्म पर गिर गई और बेहोश हो गई जिसे स्टेशन के माध्यम से रेलवे डॉक्टर डेहरी ऑन सोन को सूचना दिया गया। सूचना पर रेलवे डॉक्टर हरदीप सिह पहुंचकर प्राथमिक उपचार किए बाद अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी ऑन सोन के लिए रेफर किए जिसे उक्त बीमार महिला रीता देवी को अनुमंडलीय अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी पहुंचाया गया। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम के लिए रेफर किया गया जहां उनकी देख रेख हेतु परिवार वाले साथ में गए हैं।

## प्रत्याशी को मिली धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज विधानसभा क्षेत्र में बाबजूद गंभीर धमकी मिलने पर इलाके में खलबली मच गई। थाना प्रभारी तथा वैशाली पुलिस कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से कॉल कर कहा गया कि अगर भाजपा के विरोध में मैदान में उतरी राजद प्रत्याशी शिवानी शुक्ला घटारो गांव आयीं तो उन्हें गोली मार कर हत्या कर दी जाएगी। सूचना मिलते ही पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गईं और संबंधित शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

करणतापा थाना प्रभारी कुणाल कुमार आजाद ने अपनी तहरीर में बताया कि उनके सरकारी मोबाइल पर एक फोन आया। जब उन्होंने कॉल पर पूछा कि कौन बोल रहा है तो कॉल करने वाले ने कहा कि राजद प्रत्याशी शिवानी शुक्ला के पास पर्याप्त पैसा है और उनसे रंगदारी ली जानी है। फोन करने वाले ने कहा कि अगर पैसा नहीं दिया गया तो जब शिवानी घटारो आएँगी तो उन्हें गोली मार दी जाएगी और इतना कहकर कॉल काट दिया गया।

# देशी कारवाईन, चार देशी कट्टा समेत चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डिहरी ऑन-सोन। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत एक अवैध करवाईन समेत चार देशी पिस्टल ,11 जिदा कारतूस के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है।

एसपी रौशन कुमार के अनुसार कच्छवा थाना क्षेत्र के कंचन टोला में धर्मेंद्र यादव के घर पुलिस ने छापेमारी कर दीवार में बने तहखाना से एक देसी कार्बाइन तथा एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी धर्मेंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली की बड़हरी थाना क्षेत्र के हरेरामपुर गांव में एक व्यक्ति अपने पास एक देसी कट्टा रखे हुए था। जिससे अचानक फायर हो जाने के कारण वह व्यक्ति जख्मी हो गया। वह किसी निजी अस्पताल में इलाज करा कर अपने घर आ गया था। गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से देशी कट्टा तथा जिदा 11 जिदा कारतूस बरामद किया गया। सुदर्शन मुसहर को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में सासाराम सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तिलौथू थाना क्षेत्र से सूचना मिली की तीन व्यक्ति अवैध हथियार के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में परिसर में जमा हुए हैं। जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। तिलौथू थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक देशी कट्टा के साथ अमझोर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद सरैया निवासी निशम अली, अमझोर थाना क्षेत्र के पड़रिया निवासी अजीत कुमार वजयकिशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास एक देशीकट्टा, एक मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद किया गया।

## आरपीएफ ने विक्षिप्त लड़की को परिवार के किया सुपुर्द

डिहरी ऑन सोन । रेलवे सुरक्षा बल ने विक्षिप्त लड़की को उसके परिवार को सुपुर्द किया किया है। पोस्ट निरिक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ स्टाफ डिहरी स्टेशन पर गशत व चेकिग के दौरान प्लेटफार्म संख्या ०2 के पश्चिमी छोर पर स्थित यात्री शेड में शारीरिक और मानसिक रूप से विक्षिप्त एक लड़की अकेले बैठी मिली तभी महिला आरक्षी प्रीति कुमारी को बुलाकर संदेह के आधार पर पूछताछ किया तो अपना नाम व पता स्पष्ट नहीं बता पायी। उसे पोस्ट पर लाकर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी की देखरेख में रखा गया और उनके परिवार वालो को पता लगाकर सूचित किया गया। सूचना पर लड़की के भाई सोनू शाह, पिता स्वर्गीय सत्यनारायण शाह, निवासी-अकोडी गोला, जिला- रोहतास (बिहार) आरपीएफ पोस्ट डिहरी पर उपस्थित हुए और लड़की की पहचान की। बताया कि इसका दिमागी हालत ठीक नहीं है। उचित पहचान व सत्यापन उपरांत सही सलामत बरामद लड़की को उसके भाई सोनू कुमार को फोटोग्राफी के उपरांत सुपुर्द किया गया है।

# चुनाव व मतदान को लेकर डीएम ने की प्रेक्षकों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर नाम निर्देशन, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन, ईवीएम एवं वीवीपैट की तैयारी, मतदान एवं मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें जिला पदाधिकारी ने जिले के भौगोलिक नक्शा के माध्यम से सभी सातों विधानसभा 63- कटिहार, 64- कदवा, 65- बलरामपुर, 66- प्राणपुर, 67- मनिहारी, 68- बरारी, 69- कोढ़ा के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस क्रम में उन्होंने पीपीटी के माध्यम से विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में बनाये गये मतदान केन्द्रों, विधानसभावार मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या, +85 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या सहित निर्वाचन संबंधित अन्य बातों की विस्तृत जानकारी दी। अवगत कराया गया। फिर नाम निर्देशन, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन, ईवीएम एवं वीवीपैट की तैयारी, मतदान एवं मतगणना पर विस्तृत विचार -विमर्श किया गया। उपस्थित प्रेक्षकों ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया एवं जिला पदाधिकारी से चुनाव से संबंधित हरेक बिन्दुओं पर लगातार मॉनिटरिंग करने का अनुरोध किया। बैठक में सामान्य प्रेक्षक विजय नामदेवराव जये, फतिंग राहुल हरिदास, पवार नर्सिंग सम्भाजी, गिरीष शर्मा, थ्रिलोक चन्द्र केवी, राज कुमार यादव, गौतम सिंह, पुलिस प्रेक्षक कटिहार बासवराज तेली, एसपी शिखर चौधरी, सातो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी एडीएम डॉ विनोद कुमार, डीडीसी अमित कुमार, एसडीओ आकांक्षा आनंद त्रिलोकी नाथ सिंह, आलोक चंद्र चौधरी, डीसीएलआर शंशाक वर्णवाल, कुमारी प्रियंका सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।



# नवविवाहिता ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा/ कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के पचमा वार्ड संख्या 12 में एक नवविवाहिता ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार डेढ़ वर्ष पूर्व पचमा निवासी स्व मंटू चौधरी के पुत्र राहुल चौधरी ने सिमरिया पंचायत निवासी सुबोध सिंह की पुत्री अंशु कुमारी (18) के साथ अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। जब से शादी हुई तब से दोनों पति-पत्नी राजीखुशी से रह रहे थे।

संदेहास्पद स्थिति में संध्या में फंदे से लटकता शव मिला है। इस बाबत मृतका के पति राहुल कुमार ने बताया कि जलाने के लकड़ी लाने के हुए विवाद में गले में फंदे लगा ली। उसकी सास मानती देवी उस समय गाय के चारे लाने गई थी। मैं खेत से जलावन लाने गया हुआ था। जब आपस घर आया तो अंदर से घर का फाटक लगे देख कर जब किवाड़ को धक्के मार कर खोला तो देखा कि मेरी पत्नी फंदे से लटक रही है। तब मैंने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देते हुए कोढ़ा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढा ले गया। जहां चिकित्सक ने अंशु देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा पुलिस सदलबल के साथ अस्पताल परिसर पहुंची। मामले की जानकारी लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है। जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा की मामला हत्या या आत्महत्या से जुड़ा है । दूसरी तरफ लड़की के परिजन को सूचना मिलते ही उनके दादा सुनील सिंह व उनकी मां अंजना देवी अस्पताल परिसर कोढ़ा पहुंची। जहां चिख पुकार मच गयी. सभी परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है. इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।



# सजने लगी चुनावी बिसात, अहम बन रही कार्यकताओं की भूमिका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** नामांकन के बाद से हीं प्रत्याशियों ने जहॉ जनसंपर्क तेज कर दिया है,वहीं पार्टी और गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच परस्पर समन्वय को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को कदवा विधायक सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शकील अहमद खान ने सहयोगी दलों के कार्यकताओं के साथ डंडखोरा और सौरिया में चुनावी रणनीति को लेकर बैठक की। तो वहीं थाना चौक स्थित पीरमाजार परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आलोक चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में गठबंधन प्रत्याशी पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी,पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, रवि साह,जिला महामंत्री गोविंद अधिकारी जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान, संगठन प्रभारी चंदन पटेल, डा.संतोष बिपीन, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक ऋषि सहित सैकड़ो की संख्या में राजग गठबंधन के जिला,प्रखंड व बूथस्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए।इस दौरान नेताओं ने कार्यकताओं से आपसी मतभेद भुलाकर राजग प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के समन्वय बनाकर प्रचार करने की अपील की।उन्होंने कहा कार्यकताओं को पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा होती है।लेकिन पार्टी टिकट किसी एक को हीं टिकट दे सकती है।फिर गठबंधन धर्म निर्वाह की भी मजबूरी होती है।नेताओं ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व काफी सोच विचार कर हीं दुलाल गोस्वामी को गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किया है।इसलिए राष्ट्र और राज्यहित में दुलाल गोस्वामी को गठबंधन का प्रत्याशी मानते हुए विजयी बनायें।वहीं दुलाल गोस्वामी ने संसदीय काल में कदवा विधानसभा क्षेत्र के लिए शुरू किये गये विकास की योजनाओं का हवाला देते हुए कार्यकताओं से राज्य में एनडीए की सरकार बनाने के लिए उसे जिताने की अपील की।बैठक में पहुंचे कुछ कार्यकताओं ने अपनी नाराजगी भी जाहिर किया।लेकिन समवेत स्वर में वर्तमान विधायक शकील अहमद खान को हराने तथा राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए जदयू प्रत्याशी पूर्व सांसद को जिताने का संकल्प लिया।बैठक का संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश मंडल तथा प्रखंड जदयू अध्यक्ष कुंदन महतो ने की।मौके पर इंद्रजीत सिंह, मुकेश पोद्दार, सुशील मंडल,मनोज मंडल,अशोक मेहता, अरुण सिंह, धर्मेन्द्र ठाकुर, सूरज साह,बिपीन साह,जदयू नेता शंकर पोद्दार, पुरुषोत्तम वर्मा,रमेश मंडल, इजहार खान,विजय दास,अमित साह,हम जिलाध्यक्ष दीपक ऋषि सहित कदवा एवं डंडखोरा प्रखंड के सैकड़ो स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में महिला कार्यकताओं की उपस्थिति भी काफी रही।

# नगर आयुक्त ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा 2025 की तैयारियों को लेकर कटिहार नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार के नेतृत्व में निगम के पदाधिकारियों ने शहर के बीएमपी छठ घाट, कोशी छठ घाट, कारी कोसी छठ घाट, तिनगछियां काली मंदिर छठ घाट, महाभारत क्लब बैगना छठ घाट, विजय स्पोर्टिंग क्लब विजय बाबू पोखर छठ घाट, बाबू पोखर छठ घाट, संतोषी चौक छठ घाट एवं अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर छठ घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार ने पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया कि घाट पर नियमित रूप से साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यस्था कराया जाए ताकि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।



# आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार, 15,900 नकदी व शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** जिले के कोढा पुलिस को जुआ और अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। थाना अंतर्गत ग्राम नया टोला जुराबगंज में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में नकद रुपए, विदेशी शराब और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।?थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार की रात्रि सूचना मिली कि ग्राम नया टोला जुराबगंज में जुआ का अवैध अड्डा चल रहा है।

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, थानाध्यक्ष ने अपनी पुलिस बल के साथ उक्त गांव में दबिश दी।?छापेमारी के दौरान जुआ खेलते हुए छह व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में माखन कुमार यादव, अमन यादव, कालू पासवान, राजा साह, साजन वाला साह और संजय सिंह शामिल हैं। इनमें से कई जुराबगंज वार्ड नंबर-01, कोढ़ा, जिला-कटिहार और अन्य रंगरा एवं राजगंज, जिला-जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।?पुलिस ने गिरफ्तार जुआरियों के पास से 15,900/- पंद्रह हजार नौ सौ रुपए नगद, 3.750 लीटर विदेशी शराब, ताश की 02 गड्डी और 02 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# 114 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बाइक जप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** जिले के कोढा थाना पुलिस को विदेशी शराब की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मॉ अम्बे ढ़ाबा गोंदवाडा की ओर एक मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति शराब की खेप लेकर आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए मैं अपने पुलिस बल के साथ पहुँचा तो पुलिस बल को देखकर एक मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति भागने लगा।

जिसे मौजूद पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति की पहचान राज कुमार ठाकुर (20) पिता योगेश यादव रमेली थाना रौतारा जिला कटिहार निवासी के रूप मे हुई है। वही विधिवत तलाशी लेने पर एक मोटरसाईकिल पर लदे114 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक तथा शराब को विधिवत जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है । गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



# काली पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के श्री श्री 108 सार्वजनिक काली मंदिर बिशनपुर में तीन दिवसीय काली पूजा का आयोजन किया गया हैं। मंदिर परिसर में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। धूमधाम के साथ पूजा पाठ किया जा रहा हैं एवं तीन दीवा रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया हैं।

इसकी जानकारी देते हुए मेला कमेटी के अध्यक्ष राम शकल यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी श्री श्री 108 सार्वजनिक काली मंदिर बिशनपुर में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई हैं,धूमधाम के साथ पूजा पाठ किया जा रहा हैं,मंदिर परिसर के आसपास मेले जैसा नजारा दिख रहा हैं,कई तरह की दुकान लगी हुई हैं,जहां पर लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं एवं मंदिर परिसर में श्रद्धालु गन प्रसाद चढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वजों से सार्वजनिक काली मंदिर बिशनपुर में प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया जाता हैं,अब हम सभी युवा पीढ़ी मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ कर रहे हैं,वहीं भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष रामशकल यादव, रणधीर यादव,कोषाध्यक्ष अमित कुमार,सचिव सुनील कुमार यादव,सदस्य में वार्ड सदस्य उमेश यादव,हरि बोल यादव, संजीत ठाकुर,टुनटुन यादव, राकेश कुमार,मनीष ठाकुर, आनंद ठाकुर,सदानंद यादव, जिछो यादव आदि मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया गया भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एक दूसरे को दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में गुरूवार को पाप पुण्य के लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शहर के लडकियां टोला चित्रगुप्त मंदिर, सिमरा बगान, चित्रगुप्त मंदिर इस्लामिया स्कूल के सामने, हफलागंज, कदवा, आजमनगर नगर, मनिहारी, बरारी सहित अन्य जगहों पर धुमधाम के साथ कलम दवात की पुजा करने वालो ने पुजा अर्चना की।

भगवान चित्रगुप्त की पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की यम द्वितीया तिथि को किया जाता है। यह पुजा ?मुख्य रूप से कायस्थ समाज के साथ कलम की पुजारी द्वारा मनाए जाने वाला त्योहार है। जहॉ भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। भगवान चित्रगुप्त को मृत्यु के देवता यमराज का सहायक और मनुष्यों के कर्मो का लेखा-जोखा रखने वाला माना कहा जाता है। इस दौरान कलम, दवात और बही खातों की विशेष पूजा की गई। ज्ञान, बुद्धि और लेखन कार्य में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से की गई इस पूजा में, लोगों ने भगवान चित्रगुप्त से अपने जाने-अनजाने में हुए पापों के लिए क्षमा मांगी और अगले वर्ष के लिए अच्छे कर्मो का संकल्प लिया। पुजा के दौरान डॉ. एसएन कर्ण, प्रो. प्रभु नारायण लाल दास,रोहित मल्लिक,निगम पार्षद बिट्टू घोष, आलोक वर्मा, अजीत कंठ,जयंत मल्लिक,सुनील कर्ण, धनजंय कुमार राजेश कुमार वर्मा, सत्येन्दु सुमन, चित्रा मल्लिक,मनोज सिन्हा,ओमरंजन वर्मा, सुचित्रा सुमन, कुमारी पल्लवी, सत्यप्रकाश,अनामिका वर्मा, मोनालिसा चौधरी,अशोक कुमार, पुजा कुमारी, तरन्नुम सिन्हा, ज्योति कुमारी,आशा कुमारी, कुमारी आभा, सोनी कुमारी, अवधेश वर्मा, शशि कुमार, सुमित वर्मा, नवेन्दु मल्लिक, दीपक सिन्हा, लुसी कुमारी, किरण कुमारी, रवि श्रीवास्तव, अमित सिन्हा, आनंद वर्मा, बौआ दास, मनोज कर्ण, अनिल चौधरी, पंकज कर्ण, छोटी कुमारी, कुन्दन कुमार मनोज वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। आज दिन कायस्थों ने पुजन के बाद कलम का उपयोग नहीं किया। जगह जगह भाई बहन का पर्व भातृ द्वितीया एव भाई दुज भी मनाया गया।



## भाई बहन का पर्व भातृ द्वितीया भी मनाया गया

# विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कि ओर से सातों विधानसभा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अभियान में प्रांत सह मंत्री विनय सिंह, विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक आशीष झा, प्रदेश सफेद एसएफडी संयोजक ऋषि राज ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम कुमार, खेल प्रमुख रोहित कुमार, नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह, मोनू यादव, अमित गुप्ता, कृष कुमार, ध्रुव झा, अमन सिंह, कारण सिंह, जय कुमार, सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा मतदाताओं को वोट के महत्व और उनके अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे मतदान के दिन स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और कम मतदान प्रतिशत वाले इलाकों में निरंतर और लक्षित मतदाता जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

## संपादकीय

# दिवाली के बाद दिल्ली की हवा फिर क्यों हुई ‘ खराब’?

आमतौर पर हर वर्ष दिवाली के बाद अगले दिन दिल्ली की हवा की दशा ऐसी हो जाती है कि बहुत सारे लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत महसूस होने लगती है। इस वर्ष फिर स्थिति ऐसी हो गई कि मंगलवार को दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य इलाकों में वायु की गुणवत्ता ‘बहुत खराब’ श्रेणी में दर्ज की गई। यह स्थिति तब है, जब पिछले कई वर्षों से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर हर स्तर पर गंभीर चिंता जताई जाती रही है। यहां की हवा को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ प्रदूषण का कारण बनने वाली गतिविधियों पर रोक के लिए सख्त कदम उठाने के दावे किए जाते हैं। इस बार दिवाली के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हरित पटाखे चलाए जाने की इजाजत दी थी, मगर इस छूट का किस हद तक बेजा इस्तेमाल किया गया, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली में कई जगहों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक को तीन सौ से ज्यादा पर दर्ज किया। गौरतलब है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआइ पर तीन सौ से चार सौ के बीच के आंकड़े को ‘बहुत खराब’ की श्रेणी में बताया गया है। दिल्ली में ठंड की शुरुआत के साथ ही हवा घनीभूत होने के कारण प्रदूषण का संकट गहराने लगता है। यह अमूमन हर वर्ष की हकीकत है, लेकिन हैरानी की बात है कि इन तथ्यों को जानते-बूझते हुए भी सरकार की ओर से जो कदम उठाए जाते हैं, वे या तो केवल नाम भर के लिए साबित होते हैं या फिर बेअसर रहते हैं। दूसरी ओर, दिल्ली के ज्यादातर निवासियों को लगता है कि इस समस्या पर नियंत्रण पाने के मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है। नतीजतन, प्रदूषण की मार झेलने के बावजूद बहुत कम लोगों के भीतर यह दायित्वबोध दिखता है कि वे प्रदूषण के कारणों पर काबू पाने में सक्रिय भागीदारी करें। इसके उलट ज्यादातर लोग सरकार या अदालतों की ओर से मिली मामूली छूट के बाद इस कदर बेलगाम हो जाते हैं, मानो उन्हें प्रदूषण के संकट को और बढ़ाने की इजाजत मिल गई! दरअसल, इस वर्ष प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका के मद्देनजर पटाखे पर पाबंदी के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने थोड़ी राहत दी थी और हरित पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। मगर दिवाली से पहले ही ग्रैप चरण दो भी लागू किया गया था, ताकि प्रदूषण फैलाने वाले अन्य कारणों को कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सके, लेकिन पटाखों की धूम में यह प्रयास बेअसर हो गया। इसमें दोराय नहीं कि सर्दियों की आहट के साथ प्रदूषण की समस्या के गहराने में मौसम की भूमिका होती है। मगर इतना जरूर किया जा सकता है कि जिन वजहों से वायु की गुणवत्ता में तेज गिरावट होती है।

**बिहार विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। दो चरणों में कुल 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। बिहार में दोनों बड़े गठबंधनों की पिछले 35 वर्षों से सरकार है। बिहार में बीस साल तक, अभी तक सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड नीतीश कुमार के नाम दर्ज है लेकिन इस बार बिहार विधानसभा के चुनावों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव यह दिखायी दे रहा है।**

# बिहार विधानसभा चुनाव- राजद या महागठबंधन, किस करवट बैठेगा ऊंट?

(मोहन सिंह)

इस बदलाव के असली नायक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जनसुराज पार्टी है। बिहार के जिन बुनियादी सवालों को मुद्दा बनाकर पिछले तीन वर्षों से वे जमीनी राजनीति कर रहे है,उससे खतरा दोनों गठबंधनों को पैदा हो गया है। उससे भी महत्वपूर्ण बदलाव है कि जिन मुद्दों को महागठबंधन के मुख्य विपक्षी दल होने के नाते राजद को उठाना चाहिए, उन मुद्दों को चुनावों के एन वक्त उठाने और धारदार बनाने में फिलहाल प्रशांत किशोर कामयाब होते दिख रहे हैं।

इस हद तक कि राजद के प्रमुख घटक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंगल पाण्डेय जैसे बड़े नेता चुनाव के समय प्रशांत किशोर के उठाएं मुद्दों से मुंह चुराते नजर आ रहे हैं। भाजपा बिहार प्रदेश के बड़े नेताओं को भ्रष्टाचार की कटघरे में खड़ा कर केन्द्रीय नेतृत्व को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि कैलाशपति मिश्र और सुशील मोदी के दिवंगत हो चुके इन दलबदलू नेताओं पर भरोसा करना भविष्य की राजनीति के लिए नुकसान दायक हो सकता है।

यह जरूरी नहीं कि अपने पहले ही चुनाव में प्रशांत किशोर इस विधानसभा चुनावों को फतह कर दें पर जैसा राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि चुनाव सिर्फ जीतने के लिहाज से ही नहीं लड़ा जाता, अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को प्रचारित करने, जनता के बीच उन्हें के लिए भी चुनाव लड़ना चाहिए। प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के लिए यह कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं होगी, अगर दो मजबूत गठबंधनों के बीच अपनी एक मजबूत स्थिति दर्ज कराने में कामयाब हो गये।

अपने सतत राजनीतिक अभियान से प्रशांत किशोर ने आम लोगों में इतनी जागरूकता तो जरूर पैदा किया है कि पिछले 35 वर्षों से चली आ रही लालू- राबड़ी और नीतीश कुमार की सरकारों के दौर के जिन जरुरी मुद्दों का समाधान नहीं हो पाया है उनके प्रति एक समझ और समाधान करने का भरोसा लोगों में पैदा किया है।

यह बात नीतीश कुमार के बारे में एक समय उनके सबसे करीबी रहे प्रशांत किशोर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आज भी इतने वर्षों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार व्यक्तिगत छवि कोई अंगुली नहीं उठा सकता। पर क्या ऐसा ही दावा उनके मंत्रियों और आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों के बारे में किया जा सकता है?

बिहार की राजनीति को करीब से समझने वाले से पूछा, तो इसका जवाब ‘ना’ में मिला। यही वह बड़ा मुद्दा है जो नीतीश कुमार कि सन् 2015 के पहले बनी सरकार सुशासन बाबू की छवि को तार-तार कर दे रही है।



वे तीन मुद्दे जिन पर कभी नीतीश कुमार लोगों के दिलों पर राज करते थे, यानी तीन ‘सी’ अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक राजनीति से परहेज। नीतीश कुमार के मौजूदा कार्यकाल में इन तीनों मुद्दों के साख पर अब बट्टा लगता दिख रहा है।कम से कम नीतीश कुमार इस बार के शासन काल में ‘जस की तस धर दिन्ही चदरिया’ की गान करने की स्थिति में तो नहीं है।

सवाल यह भी है कि आम आदमी के रोजमर्रा के सरोकारों जुड़े इन मुद्दों को महागठबंधन मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने में कामयाब हुआ? शायद नहीं?

वजह यह सरकार के सत्ता विरोधी रुझान को राजनीतिक चुनावी मुद्दे में तब्दील कर अभियान चलाने के बजाय महागठबंधन के घटक दल भी ‘वोटर अधिकार यात्रा’ पर निकल पड़े। बिहार की राजनीतिक जमीन पर उतरता मुद्दा अब दिखायी नहीं है। इस दौरान चाहे जितने प्रकार के ‘बम फोड़े ’ जाने का दावा किया जा रहा था,वह चुनाव आते- आते फुस्स हो गया। कोई खास असर छोड़ता नहीं दिखायी दे रहा है।

**‘वोटर अधिकार यात्रा’ का क्या हुआ असर?:** इससे महागठबंधन का नुकसान यह हुआ कि राहुल गांधी की अगुआई में 3 जुलाई से 9 अगस्त, 15 दिनों तक चले ‘वोटर अधिकार यात्रा ’ में चुनावों के ऐन वक्त सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने का कीमती समय हाथ से निकल गया। यही वह जब समय था जब नीतीश सरकार को घेरा जा सकता था।

बिहार की राजनीति की औसत समझ रखने वाला आदमी भी यह जानता है कि किसी भी चुनाव के ठीक दो -तीन महीने का समय खासकर विपक्षी दलों के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। इसके अलावा नामांकन दाखिल अन्तिम दिन तक तय नहीं हो पाया कि किसे कहां से चुनाव लड़ने मैदान में उतारा जाएगा। राजद गठबंधन में खींच -तान कम नहीं है। जब कि नामांकन के दो -तीन ही दिन शेष बचे हैं।

फिलहाल राजद और महागठबंधन दोनों अनिर्णय की दुर्दशा से ग्रस्त दिखायी दे रहे हैं। कहा यह जा रहा है महागठबंधन का ज्यादा पेंच कांग्रेस की वजह से फंसा है। कांग्रेस ज्यादा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरने की इच्छुक है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से बेहतर भला कौन जानता है कि जितनी सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, उतनी ही महागठबंधन की जीत की संभावनाएं कमजोर होती जाएंगी। यह पिछले विधानसभा चुनावों में भी साबित हो चुका था और इस बार के चुनाव में भी कांग्रेस की सांगठनिक और राजनीतिक जमीन पर उतना मजबूत नहीं दिखायी दे रहा, जितना कांग्रेस दावा कर रही है। इस राजनीतिक हकीकत को तेजस्वी यादव से बेहतर लालू यादव समझते हैं। ‘पैरासूट’ वाले उम्मीदवारों पर चर्चा किसी चुनाव एक और आधार जिसे भाजपा में आजकल खूब आजमा रही है और पहले कांग्रेस भी आज़माती रही है। वह है चुनाव के अन्तिम समय तय होने वाले ‘डील’ के जरिये तय होने वाले उम्मीदवार। ऐसे उम्मीदवार ‘पैरासूट’ उतरने वाले उम्मीदवार होते हैं। पार्टी कोई और होती है चुनावी ‘सिंबल’ किसी और का होता है। इस ‘डील’ की कूट भाषा को वे लोग अच्छी तरह से समझते हैं, जिनके पास धन-संसाधनों की कमी नहीं होती है। ऐसे उम्मीदवारों दलीय वफादारी हमेशा संदिग्ध रहती हैं।बिहार विधानसभा के चुनावों में इन मुद्दों के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे, जो निर्णायक साबित होंगे। पहला यह कि महिलाओं का रुझान इस बार किस ओर होगा? क्या गैर यादव पिछड़ी जातियों में यह सन्देश पहुंच चुका है कि नीतीश कुमार की शारीरिक और मानसिक स्थिति अब वैसी नहीं है कि वे सत्ता संचालन के सारे तंत्र की उचित निगरानी कर सके और अपने सुशासन बाबू की छवि को बराकरार रख सके? क्या नीतीश बाबू के समर्थकों को यह अंदेशा हो चुका हैं कि चुनाव के वक्त भले ही भाजपा उनको आगे कर चुनाव लड़ने की घोषणा करे, पर अंततः यह स्थिति लम्बे समय तक कायम रहने वाली नहीं? भाजपा की आज मजबूरी है कि गैर यादव पिछड़ी जातियों को लामबंद करने के लिए पूरे चुनाव के दौरान नीतीश कुमार के नाम को खूब जोरशोर और गाजे बाजे के साथ उछालने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। पर चुनाव के बाद भी यह सिलसिला चलता रहेगा, इसको लेकर बिहार की राजनीति को ठीक से समझने वाले हर किसी को शक हैं। महागठबंधन के बारे में एक महत्वपूर्ण सवाल कि क्या तेजस्वी यादव अपने स्वजातीय बंधुओं के अति सत्ता और उन्माद नियंत्रण के पाएंगे जो पिछले विधानसभा चुनावों में उनके हार का कारण बना था? आमतौर पर कई बार अन्तिम समय में इस स्वजातीय उन्माद को ही अन्य पिछड़ी जातियां जंगलराज का पर्याय मानने को विवश हो जाती हैं। कुछ और मुद्दे जो इस चुनाव में निर्णायक हो सकते हैं, प्रशांत किशोर की पार्टी के वोट काटने की क्षमता से तय होंगे। किस गठबन्धन को प्रशांत किशोर कितना नुकसान करेंगे ? इससे प्रशांत किशोर की बिहार में भविष्य की राजनीति तो तय होनी है। फिलहाल तो दोनों गठबंधन उनकी कार्यशैली मुद्दा आधारित बेबाक और निर्भीक राजनीति पूरी तरह से भयभीत नहीं तो कुछ सहमे- सहमे दिख ही रहे हैं। प्रशांत किशोर भाजपा की बी टीम होने के आरोप को ध्वस्त कर ही चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व को यह सोचने के मजबूर कर दिया कि स्व कैलाशपति मिश्र और स्व सुशील मोदी के दिवंगत होने के बाद अगर बिहार की मौजूदा नेतृत्व के भरोसे पर ही टिकी रही, तो संभावना क्या दिखाई दे रही है? फिलहाल यही कहा जा सकता है कि प्रशांत किशोर बिहार में ऐसे ही मुद्दे आधारित राजनीतिक अभियान चलाते रहे, तो इसकी प्रबल संभावना है कि इसकी शुरुआत इस विधानसभा चुनावों से होने जा रही है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# अभूतपूर्व रही दीपावली अमीर गरीब सब तक पहुंची उम्मीद की रोशनी

**मनोज कुमार अग्रवाल**

इस वर्ष दिवाली ने देशभर में व्यापार की दुनिया में नया रिकार्ड बनाया है.कारोबार से लेकर सेवा सेक्टर तक सब को यह दीवाली रोशन कर गयी इतना ही नहीं भविष्य के लिए भी बेहतर उम्मीद की किरण पैदा कर गयी है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की रिसर्च शाखा, रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के एक शोध के अनुसार, इस त्योहारी सीजन में देश में जमकर व्यापार हुआ. वस्तुओं के व्यापार का आंकड़ा 5.40 लाख करोड़ रुपये पर जाकर ठहरा तो सेवाओं में करीब 65 हज़ार करोड़ रुपये का बिजनेस हुआ। यह भारतीय रिटेल मार्केट के लिए अब तक का सबसे बड़ा त्योहारी सीजन साबित हुआ। 2024 में त्योहारी बिक्री 4.25 लाख करोड़ रुपये रही थी. यह इस साल की बिक्री से 25 प्रतिशत से कम थी।

इस वृद्धि का एक बड़ा कारण जीएसटी दरों में हुई कटौती भी रही। कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, फुटवियर, रेडीमेड गारमेंट्स, उपभोक्ता ड्यूरेबल्स और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी कम होने से कीमतें प्रतिस्पर्धात्मक हुईं और उपभोक्ता खरीदारी के लिए अधिक प्रोत्साहित हुए. 72त्न व्यापारियों ने इस बात की पुष्टि की कि उनके बिक्री के आंकड़े सीधे जीएसटी में कटौती के कारण बढ़े।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसके मुताबिक दिवाली पर रिकॉर्ड तोड़ सेल हुई है. लोगों ने जमकर भारतीय चीजों की खरीदारी की है। 5.40 लाख करोड़ रुपये की चीजें बिकीं हैं, जबकि सेवाओं में 65,000 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। दिवाली पर यह बंपर सेल भारत की आर्थिक मजबूती और स्वदेशी भावना को दर्शाता है। दिवाली पर स्वदेशी सामानों की खूब बिक्री हुई है। पिछले साल की तुलना में इस बार दिवाली पर 25 फीसदी ज्यादा सेल हुई है। लोगों ने चीनी प्रोडक्ट्स को छोड़कर भारतीय निर्मित प्रोडक्ट्स को खरीदना पसंद किया है।

**50 लाख लोगों को मिला रोजगार–** इस बार की दिवाली ने देशभर के छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए भी नई ऊर्जा पैदा की. लगभग 50 लाख लोगों को अस्थायी रोजगार मिला, जिसमें लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट, रिटेल सहायता, पैकेजिंग और डिलीवरी शामिल हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खरीद शक्ति बढ़ी और इसने कुल बिक्री में लगभग 28 प्रतिशत योगदान दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि दिवाली का व्यापार केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांव और छोटे शहरों तक इसकी रौनक पहुंची। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ की दिवाली त्यौहारी बिक्री 2025 पर रिसर्च रिपोर्ट राज्यों की राजधानियों और टियर 2 व 3 शहरों समेत 60 प्रमुख वितरण केंद्रों पर किए गए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी सर्वे पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल दिवाली पर कुल बिक्री रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ तक पहुंच गई, जिसमें वस्तुओं में 5.40 लाख करोड़ और सेवाओं में 65,000 करोड़ शामिल है। यह भारत के व्यापारिक इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा फेस्टिवल कारोबार है। चांदनी चौक से सांसद और व्यापार संगठन के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने और स्वदेशी अपनाने के एक मजबूत ब्रांड एंबेसडर के रूप में उभरे हैं, जिससे व्यापारिक समुदाय और ग्राहक दोनों ही प्रेरित हुए हैं।

प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी दिवाली नारों ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है. 87 प्रतिशत कंज्यूमर्स ने विदेशी सामानों की तुलना में भारतीय निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दी यानी 100 में से 87 लोगों ने भारतीय सामान खरीदें, जिस कारण चीनी वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई। व्यापारियों ने पिछले साल की तुलना में भारतीय निर्मित उत्पादों की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। दिवाली 2025 के व्यापार के आंकड़े पिछले साल के 4.25 लाख करोड़ की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाता है। नॉन-कॉर्पोरेट और पारंपरिक बाजारों ने कुल व्यापार में 85 प्रतिशत का योगदान दिया। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया ने प्रमुख त्यौहारी वस्तुओं की बिक्री के बारे में जानकारी दी. उनके मुताबिक, किराना और एफएमसीजी 12 प्रतिशत, सोना और आभूषण, 10 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल्स, 8 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं 7 प्रतिशत, रेडीमेड वस्त्र 7 प्रतिशत, गिफ्ट प्रोडक्ट्स 7 प्रतिशत, गृह सज्जा, 5 प्रतिशत, फर्निशिंग और फर्नीचर, 5 प्रतिशत, मिठाई और नमकीन 5 प्रतिशत, कपड़ा और फैब्रिक 4 प्रतिशत, पूजा सामग्री 3 प्रतिशत, फल और सूखे मेवे 3 प्रतिशत, बेकरी और कन्फेक्शनरी 3 प्रतिशत, जूते 2 प्रतिशत, अन्य वस्तुएं, 19 प्रतिशत कुल व्यापार का हिस्सा हैं।

# पुतिन का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति प्रदर्शन, क्या महायुद्ध की आहट है?

(अंकित सिंह)

रूस ने राष्ट्रपति पुतिन के निरीक्षण में ज़मीन, समुद्र और हवा में व्यापक परमाणु अभ्यास किया, जिसमें ज़मीनी ‘यार्स’ आईसीबीएम और पनडुब्बी से ‘सिनेवा’ बैलिस्टिक मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण शामिल था। यह अभ्यास अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन कर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सैन्य तत्परता और कमांड क्षमताओं का मूल्यांकन करने हेतु आयोजित किया गया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को रूस की परमाणु शक्तियों के व्यापक परीक्षण का निरीक्षण किया, जिसमें ज़मीन, समुद्र और हवा में उनकी तैयारियों और कमान संरचनाओं का मूल्यांकन किया गया। इस अभ्यास में एक कॉस्मोड्रोम से एक ज़मीनी ‘यार्स’ अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल, बैरेंट्स सागर में एक परमाणु पनडुब्बी से एक ‘सिनेवा’ बैलिस्टिक मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षकों से परमाणु-सक्षम क्रूज़ मिसाइलों का प्रक्षेपण शामिल था। एक सामरिक पनडुब्बी क्रूजर द्वारा बैरेंट्स सागर से एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। रूस अपने परमाणु बलों का नियमित अभ्यास करता है, ताकि उन्हें अपनी क्षमता का परीक्षण करा सके तथा अपने विरोधियों को यह याद दिला सके कि पूर्व-पश्चिम के बीच बढ़ते तनाव के दौर में उसके पास विश्व का सबसे बड़ा परमाणु शस्त्रागार है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, इस अभ्यास में सैन्य कमान की तैयारी के स्तर और अधीनस्थ बलों के नियंत्रण को व्यवस्थित करने में परिचालन कर्मियों के व्यावहारिक कौशल का परीक्षण किया गया। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के खार्किव शहर में एक रूसी ड्रोन ने रात भर चले एक बड़े हमले के बाद एक किंडरगार्टन पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। ज़ेलेंस्की ने ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा कि सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और अब वे आश्रय गृहों में हैं। दुर्भाग्य से, एक व्यक्ति की मौत हो गई है, शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएँ। सात लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि हमले के बाद कई बच्चों में गंभीर तनाव के लक्षण दिखाई दिए। राष्ट्रपति ने कहा कि किंडरगार्टन पर ड्रोन हमले का कोई औचित्य नहीं है, न ही कभी हो सकता है। स्पष्ट रूप से, रूस और अधिक निर्लज्ज होता जा रहा है। ज़ेलेंस्की ने इस हमले को शांतिपूर्ण समाधान पर ज़ोर देने वाले सभी लोगों के मुँह पर रूस का थूक बताया और कहा कि ठगों और आतंकवादियों को केवल बलपूर्वक ही उनकी जगह पर रखा जा सकता है।

# लग्जरी लोकपाल कैसे बनेंगे भ्रष्टाचार विरोधी और सार्वजनिक जीवन में शुचिता की मिसाल?

(नीरज कुमार दुबे )

भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सशक्त और स्वतंत्र संस्था के रूप में लोकपाल का गठन किया गया था। उद्देश्य स्पष्ट था– सत्ता के गलियारों में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल कसना और सार्वजनिक जीवन में शुचिता को संस्थागत रूप देना। परंतु विडंबना देखिए कि आज वही संस्था, जिसके गठन से आम जनता ने पारदर्शिता और सादगी की उम्मीद की थी, अब अपनी छवि पर सवालों के घेरे में है। वजह है लोकपाल कार्यालय की ओर से सात बीएमडब्ल्यू 330एलआई एम स्पोर्ट कारों की खरीद के लिए जारी किया गया करोड़ों रुपये का निविदा आमंत्रण।

यह कदम न केवल नैतिक दृष्टि से सवाल खड़े करता है, बल्कि उस वैचारिक आधार को भी कमजोर करता है जिस पर लोकपाल की इमारत खड़ी की गई थी। जब संस्था का गठन हुआ था, तब लोग उम्मीद कर रहे थे कि लोकपाल सत्ताधारी वर्ग की जवाबदेही तय करेगा। लेकिन आज, जब लोकपाल खुद विलासिता की राह पर अग्रसर दिखाई देता है, तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वही संस्था है जिसके लिए देश की जनता सड़कों पर उतरी थी?

हम आपको बता दें कि लोकपाल कार्यालय



द्वारा जारी टेंडर में कहा गया है कि ये वाहन संस्थान के ‘अध्यक्ष एवं सदस्यों’ के उपयोग हेतु होंगे। सवाल यह है कि एक ऐसी संस्था, जिसे सार्वजनिक धन की शुचिता पर नजर रखनी चाहिए, वह खुद इतने महंगे वाहनों की खरीद को कैसे उचित ठहरा सकती है? जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भी सामान्य सिडान कारों से कार्य कर सकते हैं, तब लोकपाल के लिए करोड़ों की जर्मन गाड़ियाँ क्यों आवश्यक हैं?

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने इसी तर्क को रेखांकित करते हुए पूछा है, ‘जब सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश साधारण गाड़ियों में चलते हैं, तो लोकपाल को बीएमडब्ल्यू की क्या आवश्यकता है?’ यह प्रश्न केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक और प्रशासनिक संवेदनशीलता का भी है।

जनता के कर के पैसे से बनी संस्थाओं की जवाबदेही जनता के प्रति होती है। परंतु जब ऐसी संस्थाएँ अपने ही संसाधनों को विलासिता में व्यय करने लगें, तो यह संकेत है कि व्यवस्था में आत्ममुग्धता प्रवेश कर चुकी है। यह बात भी विचारणीय है कि अब तक लोकपाल ने कितने बड़े भ्रष्टाचार मामलों में कार्रवाई की है? वर्ष 2014 से लेकर अब तक, इस संस्था की उपलब्धियाँ नगण्य रही हैं। कई राज्यों में लोकायुक्त सक्रिय हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकपाल की भूमिका अधिकतर औपचारिक ही दिखी है। ऐसे में करोड़ों रुपये खर्च कर विलासिता का यह प्रदर्शन, न केवल नैतिक असंगति है, बल्कि जनता के विश्वास का भी दुरुपयोग है।

विपक्षी नेताओं के अलावा नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने भी इस निविदा पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि लोकपाल को यह टेंडर रद्द कर मेक इन इंडिया की भावना के अनुरूप महिंद्रा या टाटा के इलेक्ट्रिक वाहनों का चयन करना चाहिए था। यह सुझाव केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक दृष्टि से भी सार्थक है। जब देश आत्मनिर्भर भारत और ईवी मिशन की दिशा में अग्रसर है, तब विदेशी विलासिता को अपनाना आत्मनिर्भरता की भावना के विपरीत है।

देखा जाये तो लोकपाल जैसी संस्था का नैतिक बल उसकी सादगी और ईमानदारी में निहित होता है। यदि वही संस्था आम जनता से कटकर अभिजात्य मानसिकता अपनाने लगे, तो उसका नैतिक अधिकार स्वतः कमजोर हो जाता है। यह केवल एक टेंडर का मामला नहीं है; यह उस सोच का प्रतीक है जिसमें सेवा की जगह सुविधा ने ले ली है।


बहरहाल, लोकपाल के गठन का मकसद भ्रष्टाचार से लड़ना था, न कि जनसंसाधनों से विलासिता का आनंद लेना। इस प्रकरण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि संस्थाएँ अपने आदर्शों से विचलित हों, तो वह जनता की नज़र में अपनी विश्वसनीयता खो देती हैं। लोकपाल को चाहिए कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करे, निविदा को रद्द करे और एक बार फिर उस सादगी की राह पर लौटे, जिसकी प्रेरणा से उसका जन्म हुआ था।

सच्चाई यह है कि भ्रष्टाचार केवल धन के लेनदेन से नहीं, बल्कि मानसिकता से शुरू होता है। जब शुचिता की प्रतीक संस्था ही विलासिता की प्रतीक बन जाए, तो यह केवल विडंबना नहीं, बल्कि चेतावनी है– उस आदर्श की, जो धीरे-धीरे धुंधला पड़ता जा रहा है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 23-10-2025 22:01 Page 1



# एटीएम में गोंद लगाकर उड़ाये 50 हजार रुपये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** लंबे समय के बाद हजारीबाग में एक बार फिर एटीएम में गम चिपकाकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र गोला रोड का है।

यहां ठगों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम में गम चिपकाकर 50 हजार रुपये की ऑनलाइन निकासी कर ली। भुक्तभोगी कानी बाजार निवासी शशिकांत सिन्हा ने इस संबंध में साइबर थाना हजारीबाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, धनतेरस पर्व के दिन शशिकांत सिन्हा एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्होंने पहले 3000 रुपये निकाले, लेकिन इसके बाद उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया।

कार्ड बाहर नहीं निकलने पर वे घबरा गए और एटीएम के भीतर दीवार पर लिखे कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर दिया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताकर उनसे कहा कि वे मशीन से एक फीट दूर खड़े होकर पिन कोड डालें।

पिन डालते समय एटीएम के बाहर खड़ा एक संदिग्ध व्यक्ति उनके पिन नंबर को देख रहा था। कुछ देर बाद कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें शाखा जाने की सलाह दी।

इसी बीच ठगों ने मशीन में फंसा कार्ड निकाल लिया और उसका दुरुपयोग करते हुए 10 हजार रुपये नकद निकाले, साथ ही नेट बैंकिंग के जरिए 40 हजार रुपये अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए।

भुक्तभोगी को जब मोबाइल पर मैसेज मिला तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। मामले की जांच साइबर थाना पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि एटीएम में समस्या होने पर किसी अज्ञात नंबर पर कॉल न करें और सीधे बैंक शाखा से संपर्क करें।

## संविदा कर्मियों को दो माह से वेतन के लाले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिला प्रशासन की ओर से डीएमएफटी फंड के तहत बहाल किए गए स्वास्थ्य विभाग के 150 संविदा कर्मियों को दो महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से संविदा कर्मी काफी मायूस है।

संविदा कर्मियों का कहना है दिवाली पर उम्मीद थी कि वेतन मिल जाएगा। लेकिन वेतन नहीं मिल पाया। ऐसे में दीपावली बेरंग गुजरा। अब छठ पूजा भी शुरू हो रहा है। लेकिन अभी तक वेतन नहीं दिया गया है।

कर्मियों का कहना है सिविल सर्जन से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों तक शिकायत की गई। लेकिन इस पर अभी तक कोई पहल नहीं हो पाया है।

सदर अस्पताल से लेकर विभिन्न स्वास्थ्य केदो में नर्स, पैरामेडिकल, ड्रेसर, कंपाउंडर, सफाई कर्मी, फार्मासिस्ट आदि कार्यरत हैं। कर्मियों का कहना है काम के लिए 8 से 12 घंटे कर रहे हैं। लेकिन जब वेतन की बात आती है, तो कभी भी समय पर नहीं मिलता। ऐसे में पर्व त्यौहार तो दूर घर का खर्च भी नहीं चल पाता हैं।

# शांति और समृद्धि की कामना के साथ की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भगवान चित्रगुप्त की पूजा पूरे जिले में बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चित्रगुप्त पूजा का उल्लास छाया रहा। चित्रांश समाज के लोगों ने पूरे5 विधि-विधान के साथ भगवान चित्रगुप्त की आराधना करते हुए समाज में ज्ञान, न्याय और सदाचार की भावना के प्रसार की कामना की मुख्य पूजा कार्यक्रम की शुरूआत सुबह हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। शहर के वकालत खाना, बरमसिया, करबला रोड स्थित चित्रांश भवन, शास्त्री नगर, सिहोडीह, पुराना जेल परिसर और बनियाडीह समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधान में पूजा-पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया और कई स्थानों पर समाजिक तौर से भंडारे का भी आयोजन हुआ।

इस दौरान चित्रांश समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा लेखन-कर्म, न्याय और नैतिकता का प्रतीक है। इस पर्व का उद्देश्य समाज को एकजुट कर शिक्षा और सभ्य जीवन के प्रति जागरूकता फैलाना है। आयोजन में स्थानीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा के समापन पर शांति, समृद्धि और समाज में सद्भावना की कामना की।

# श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हुआ गिरिडीह

## छठ पर्व की तैयारियां चरम पर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** साफ-सफाई और सजावट का काम तेज महापर्व छठ को लेकर गिरिडीह शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निर्देश के बाद नगर निगम ने शहर के सभी छठ घाटों की सफाई और मरम्मत का जिम्मा अपने हाथों में ले लिया है। जेसीबी की मदद से घाटों की मिट्टी हटाई जा रही है, वहीं सफाईकर्मी लगातार घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में जुटे हैं। वहीं छठ पूजा समितियों द्वारा भी छठ घाटों को आकर्षक तरीके से सजाने का काम तेजी से चल रहा है ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के सूर्य उपासना कर सकें। हर ओर श्रद्धा और तैयारियों का उल्लास दिखाई दे रहा है।

## पत्नी की गोली मारकर हत्या

**गयाजी।** अतरी थाना क्षेत्र के सीढ गांव निवासी 30 वर्षीय पत्नी रीना देवी की पति श्याम ठाकुर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पति श्याम ठाकुर अपनी पत्नी को घूमाने के लिए गयाजी ले गया था और फिर वहां से लौटने के दौरान थाना क्षेत्र के बंधु बिगहा गांव से गांव जाने वाली सुनसान रास्ते में गोली मार कर पत्नी की हत्या कर दिया। मृतका के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। नौ वर्षीय पुत्र शुभम ने बताया कि पापा जब रात में घर लौटे तो मां के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मां कहीं चली गई है। फिर पापा गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने चले गए। रात दो बजे जब पापा वापस घर आए तो हम लोग मां के बारे में पूछने लगे और हल्ला किया तो आसपास के लोग मेरे घर आ गए और मां के बारे में पूछा जिसके बाद पापा ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और मुंह में कपड़ा बांधकर दीवार लांघ भाग गया। बुधवार की अल सुबह जब ग्रामीणों ने एक महिला का शव देखा तो इसकी सूचना थाना को देने के लिए कई बार फोन किया, लेकिन पुलिस ने फोन नहीं उठाया जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना नीमचक बथानी डीएसपी सुरेंद्र कुमार सिंह को दी।

# छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रो विनीता कुमारी प्रदेश छठ महापर्व के पावन अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठव्रतियों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। चार दिनों तक लगातार चलने वाले छठ महापर्व बहुत ही श्रद्धा और भक्ति के साथ लोग मनाते हैं।भगवान भास्कर को सुबह का अर्ध्य के साथ ही महापर्व का समापन होता है।इसी को देखते हुए गिरिडीह के कर्बला रोड एवं बरमसिया में नगर मंत्री अमित आर्या के नेतृत्व में प्रो विनीता कुमारी, वार्ड पार्षद गुड़िया देवी,भाजपा नगर मंत्री समीर दीप , वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश गुप्ता आदि ने छठव्रती माताओं के बीच साड़ी का वितरण कर माताओं से आशीर्वाद लिया। प्रो विनीता ने कहा कि श्रद्धा, विश्वास और लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में हमारा प्रयास होता है कि लोगों की सेवा कर पुण्य की भागी बनूं। आगे भी श्रद्धा और भक्ति के साथ फल का वितरण करुंगी। मैं कामना करती हूं कि छठी मईया का आशीर्वाद सभी लोगों पर बनी रहे।

## छठ घाटों पर बिजली विभाग की होगी निगहबानी

**पटना।** छठ के दौरान घाटों पर बिजली व्यवस्था निर्बाध हो इसे केंद्र में रख बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड बड़े और महत्वपूर्ण घाटों पर नियंत्रण कक्ष बनाएगा। विभाग के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को छठ की तैयारियों को ले समीक्षा बैठक की। सीएमडी ने कहा कि इस बार नदियों में पानी अधिक होने के कारण घाटों पर कम जगह उपलब्ध हो पाएगा। इस कारण विद्युत सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। आसन्न चुनाव के मद्देनजर भी अधिक लोगों की उपस्थिति की संभावना है। उन्होंने यह निर्देश दिया कि नदियों एवं तालाबों पर बने अधिक भीड़ वाले घाटों की भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित करते हुए वहां दो कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाए। बड़े और अत्यंत महत्वपूर्ण घाटों पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाए। घाटों पर, वहां जाने वाले पहुंच पथ, रास्तों एवं आसपास के बिजली के तारों, आप्टिकल फाइबर तथा डिश तारों की बंचिंग, एंटी सैगिंग कार्य आदि के अवशेष कार्य को 24 घंटे के पूर्ण करने को कहा।

# गोशाला मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रख्यात ऐतिहासिक गोशाला मेला छोटकी खरगडीहा, जो पिछले 35 वर्षों से लगातार लग रहा है, उसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश साव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान मुखिया महेन्द्र प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे।बैठक में बाबुचंद साव, जितेन्द्र वर्मा, रामदेव साव, भुनेश्वर साव, विजय साव, धर्मेंद्र साव, विशुन साव, त्रिभुवन साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समिति सदस्य मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गोशाला मेला इस वर्ष साप्ताहिक रूप में आयोजित किया जाएगा। मेले की शुरूआत 28 अक्टूबर को रात 8 बजे विधि-विधान के साथ मूर्ति पूजा के उपरांत की जाएगी। मेला समिति ने बताया कि इस वर्ष मेले को और अधिक आकर्षक एवं मनोरंजक बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से भी कलाकारों को आमंत्रित किए जाने की योजना है।

# तेजस्वी को सीएम एवं सहनी डिप्टी सीएम की घोषणा से कार्यकर्ताओं में हर्ष

## नई सरकार बनने से नया बिहार का सपना होगा साकार : इरफान आलम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार राजद के जनप्रिय युवा नेता तेजस्वी यादव एवं उपमुख्यमंत्री पद पर वीआईपी के मुकेश सहनी को घोषित किए जाने पर झारखंड जिला कमेटी राजद की ओर से बधाई दिया। इरफान आलम ने कहा कि तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी दोनों लोकप्रिय युवा चेहरा हैं। बिहार की तमाम जनता एवं 62 फीसदी युवा वर्ग महागठबंधन को वोट देकर बिहार के अचेत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं कट्टरपंथी बीजेपी एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

विदित है बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगभग 20 वर्षों से एवं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों से केंद्र में बीजेपी जेडीयू एनडीए सरकार चल रही है। उसके बावजूद बिहार में एक सुई की कारखाना भी नहीं खुलवा सकी। बिहार में नीतीश-मोदी की जोड़ी ने राज्य में पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा, विधि व्यवस्था सुरक्षा उद्योग धंधा यूनिवर्सिटी युवाओं को नौकरी किसान मजदूर की खुशहाल जिंदगी बदहाल करने का काम किया है ।उन्होंने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एक दूरदर्शी विजन के साथ तेज रफ्तार महागठबंधन प्रोग्रेसिव युवा सरकार बनेगी और नौकरी, रोजगार, उद्योग-धंधा यूनिवर्सिटी, शिक्षक संस्थान तकनीकी शिक्षा एवं स्वास्थ संस्थान का विकास होगा और किसान मजदूर पलायन बेरोजगारी रुकेगा।

बधाई देने वाले में जिला अध्यक्ष इरफान आलम बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव एहसान आलम युवा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव प्रदेश सचिव इनामुल हक की जमुआ विधानसभा के नेता सुखदेव हाजरा जी डॉक्टर सी के रंजन ललन यादव रामकिशन हाजरा जी अतुल कुमार चौधरी बिट्टू शुक्ला सहित जिला के तमाम पदाधिकारियों ने बधाई में शामिल हैं।

## जनसुराज प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

**सीतामढ़ी।** जिला मुख्यालय स्थित 28 सीतामढ़ी विधानसभा सीट से जन सुराज पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी ज्याउद्दीन खां ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इसे जिले में प्रशांत किशोर की जन सुराज के लिए भारी झटका माना जा रहा है। बेदाग छवि और अल्पसंख्यक समाज से होने के कारण वे यहां त्रिकोणात्मक संघर्ष के आसार बनाते दिख रहे थे। नामांकन वापस लेने के बाद उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि मेरे शुभचिंतक और समाज के लोग परेशानी में थे, इसलिए हमने दूसरी बार अपनी खुद की कुबार्नी दी है।

## गुस्से में की पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करपी।** शहर तेलपा थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में चंदन मांझी नामक एक युवक ने गुस्से में पत्नी की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह दिवाली की रात अपने मायके वालों से मोबाइल पर लंबी बातचीत कर रही थी। चंदन की 22 वषीर्या पत्नी राधा देवी का मायका करपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामापुर गांव में था। हत्या के बाद आरोपित पति चंदन मांझी भाग निकला। राधा की छोटी बहन के साथ तीन मासूम बच्चों (दो पुत्र, एक पुत्री) ने अपनी मां को बचाने के लिए पिता से काफी गुहार लगाई, लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा। मौत के बाद वह भाग निकला, तब राधा की बहन ने अपने भाई सुभाष मांझी को मोबाइल पर सूचना दी और पड़ोसियों को भी बताया। महिला का भाई और पुलिस मौके पर पहुंची तो खून से लथपथ शव आंगन में पड़ा था, जिससे लिपटकर बच्चे बिलख रहे थे। शहर तेलपा थानाध्यक्ष ने कहा कि मृतका राधा देवी के भाई सुभाष मांझी के बयान पर प्राथमिकी कर ली गई है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# विनज एंटरटेनमेंट फिल्म्स' का हुआ उद्घाटन

## झारखंड के कलाकारों को मिलेगा बड़ा मंच : विनीत स्वरूप सिन्हा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्थानीय कलाकारों को समर्पित, नई उम्मीदों के साथ 'विनज एंटरटेनमेंट फिल्म्स' का भव्य शुभारंभ 22 अक्टूबर को संपन्न हुआ। जिसके डायरेक्टर विनीत स्वरूप सिंहा, सीईओ रवि राज और प्रोडक्शन हेड साहिल सिंह है। यह नई फिल्म प्रोडक्शन हाउस शिवम क्लिनिक के सामने, रामा कॉम्प्लेक्स में स्थित है। इसका उद्घाटन दिनेश यादव और रवि रंजन द्वारा किया गया। 'विनज एंटरटेनमेंट फिल्म्स' का मुख्य लक्ष्य अभिनय, नृत्य और कला के क्षेत्र को बढ़ावा देना है। यह मंच विशेष रूप से झारखंड के स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें पेशेवर मार्गदर्शन के साथ एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। निदेशक स्वयं विनीत स्वरूप सिन्हा हैं, जिन्होंने अपनी पकड़ बॉलीवुड तक बनाई है। उन्होंने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कला के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए एक सुनहरा अवसर देगा।

निदेशक ने आगे बताया, हमारी यही मंजिल है कि हम हर छोटे-बड़े कलाकार को उनकी मंजिल तक पहुँचाएँ और क्षेत्रीय कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएं। उन्होंने बताया कि 'विनज एंटरटेनमेंट फिल्म्स' के बैनर तले बहुत जल्द ही एक फिल्म की शूटिंग भी होने जा रही है। इससे हर कलाकार को एक स्पष्ट मार्गदर्शन और पेशेवर वातावरण में काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई गणमान्य व्यक्तियों और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर निशांत और प्रीति भास्कर, पंजाब एंड सिंध नेशनल बैंक के प्रबंधक भक्त राज आनंद,सामाजिक कार्यकर्ता संगीता सिन्हा, डीएवी के शिक्षक अरित चंद्र, महेश अमन, गिरिडीह कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. मृगेंद्र नारायण सिंह, कॉन्सेप्ट ट्यूटोरियल के निदेशक रोहित कुमार श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद सुमित कुमार गुप्ता, और विकास कुमार सिन्हा तथा विनीत भूषण सहित कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।इन सभी अतिथियों ने 'विनज एंटरटेनमेंट फिल्म्स' की पहल की सराहना की और इसे क्षेत्रीय कला और संस्कृति के विकास का रास्ता कहा।

# मृतक के आश्रितों से मिले फॉरवर्ड ब्लॉक नेता

## प्रशासन से की आश्रितों के बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विगत सितंबर माह में कुछ ही दिनों के अंतराल में सदर प्रखंड के पालमो गांव के दो युवकों, प्रमोद पंडित तथा रवि कुमार विश्वकर्मा की अलग-अलग वजहों से असामयिक मौत होने से एक तरफ उनके परिवार के समक्ष जहां संकट खड़ा हो गया है, वहीं उनके बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

सूचना पाकर पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने दोनों ही मृतकों के परिजनों और बच्चों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए उचित सहायता तथा बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था करने की मांग की। इस बाबत श्री यादव ने कहा कि, प्रशासन के माध्यम से सरकार को ऐसे बेबस परिवारों का संज्ञान लेकर उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता, तो ऐसे परिवारों के लिए संभल पाना कठिन हो जाएगा। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता संजय चौधरी, रुस्तम अंसारी सहित दोनों ही मृतकों के परिजन बद्री पंडित, पूनम देवी, शंभू विश्वकर्मा, पिंकी देवी आदि आश्रित बच्चों के साथ मौजूद थे।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का होगा आयोजन : गुड्डू यादव

## महोत्सव के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मौका




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन कराया जाएगा। आयोजन उद्देश्य युवाओं को खेल और फिटनेस का राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। यह महोत्सव प्रधानमंत्री मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान का हिस्सा है। इसी उद्देश्य से जिला में आगामी नवंबर माह में युवाओं को खेल एवं फिटनेस के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन होगा।

इसकी जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव ने बताया सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर आगामी माह में कई प्रकार के खेल का आयोजन होगा। जिसमें क्रिकेट , कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन,तीरंदाजी , वॉलीबॉल एवं अन्य खेल कराया जाएगा। सांसद का यह मानना है कि जिला में बहुत से टैलेंटेड खिलाड़ी हैं जिनको इस मंच के आधार पर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले राज्य स्तर पर पप्रतिभाओं को मौका मिले इस प्रदर्शन की गूंज दिल्ली तक जाए। मौके पर जीपीएल चेयरमैन मो० इरशाद, गिरिडीह जिला क्रिकेट संघ के सचिव संतोष तिवारी, ज्वाइंट सेक्रेट्री आलोक रंजन, एवं खेल प्रेमी शम्स आलम , अविनाश यादव , मेराज खान, रूपेश , अमन, आयुष आदि मौजूद रहे।

# चाचा ने भतीजे के लिए लिया नामांकन पत्र वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** नाम वापस लेने के आखिरी दिन गुरुवार को चकाई विधानसभा क्षेत्र से एक अभ्यर्थी पवन सिंह ने नामांकन पर्चा वापस ले लिया है। पवन सिंह निर्दलीय प्रत्याशी चंदन सिंह के चाचा हैं। अब जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 41 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। यहां कुल 59 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था।

सबसे अधिक जमुई विधानसभा क्षेत्र में 16 ने नामांकन दाखिल किया था। स्क्रूटनी के बाद चार नामांकन पत्र रद कर दिए गए और कुल 12 प्रत्याशी फिलहाल मैदान में हैं।

सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र से यहां 15 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। इसमें पांच प्रत्याशी का नामांकन रद होने के बाद कुल 10 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं।

झाझा विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। यहां भी पांच प्रत्याशी का नामांकन रद होने के बाद कुल नौ प्रत्याशी मैदान में हैं।

चकाई विधानसभा क्षेत्र में भी 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन तीन प्रत्याशी का नामांकन रद होने तथा एक की नाम वापसी के 10 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं।चार विधानसभा क्षेत्रों में 1,96,483 वयोवृद्ध और 18,152 दिव्यांग मतदाता करेंगे मतदान

आगामी 11 नवंबर को जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान, यानी कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में कुल 1,96,483 वयोवृद्ध मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके अपनी सहभागिता निभाएंगे। साथ ही 18,152 दिव्यांग मतदाता भी अपने वोट का प्रयोग करेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिया गया है।

अब बात वयोवृद्ध मतदाताओं की करें तो 60 से 120 वर्ष के कुल 1,96,483 मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने जज्बे के बल पर आहुति देने को तैयार हैं। वे भी किसी से कम नहीं है और लोकतंत्र के महापर्व में हर हाल में अपना मजबूत योगदान देंगे।

वहीं, 18,152 दिव्यांग मतदाताओं में से अधिकांश मतदाताओं ने फॉर्म-12(डी) के माध्यम से मतदान केंद्र पर ही पहुंचकर मतदान करने की सहमति प्रदान की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र के इस सबसे बड़े उत्सव में वह भी अपनी सहभागिता निभाने से पीछे नहीं है रहे हैं। उन्होंने भी यह तय कर लिया है कि हम भी हर हाल में अपने इस सबसे बड़े अधिकार का प्रयोग करेंगे।

# कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल के दाम में आज आग लगी है। हालांकि, भारत के लिए राहत की बात ये है कि पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक ब्रेंट



क्रूड वायदा 1.76 प्रतिशत उछलकर 64.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अभी कुछ दिन पहले यह 60.91 डॉलर प्रति बैरल पर था। दूसरी ओर, यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स भी चंद दिन पहले 57.46 डॉलर पर था और आज 1.65 प्रतिशत की उछाल के साथ 60.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। कच्चे तेल के रेट में इस उछाल के बीच ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट अपडेट कर दी हैं। आज दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर बिक रहा है। बता दें मार्च 2024 में पेट्रोल-डीजल के दाम 2 प्रति लीटर घटाए गए थे।

# जुलाई में भारी निवेश और सितंबर में भारी निकासी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिक्स्ड इनकम यानी डेट म्यूचुअल फंड योजनाओं से सितंबर महीने में 1.02 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। बड़े संस्थागत निवेशकों की निकासी इसकी प्रमुख वजह रही। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की संस्था एम्फी की तरफ से जारी



आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। अगस्त में इन फंड योजनाओं से 7,980 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई थी जबकि जुलाई में 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने ऋण या बॉन्ड में निवेश करने वाली 16 में से 12 एमएफ श्रेणियों में शुद्ध निकासी दर्ज की गई। इनमें लिक्विड फंड योजनाओं से 66,042 करोड़ रुपये, मनी मार्केट फंड से 17,900 करोड़ रुपये और बेहद कम अवधि वाले फंड से 13,606 करोड़ रुपये की निकासी शामिल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में विश्लेषक नेहाल मेश्राम ने कहा कि यह निकासी मुख्यत: सितंबर तिमाही के अंत की नकदी जरूरतों और अग्रिम कर भुगतान से जुड़ी संस्थागत निकासी का नतीजा है

## बड़े पैमाने पर निकासी

बड़े पैमाने पर निकासी होने से ऋण आधारित फंड योजनाओं की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां सितंबर अंत तक घटकर 17.8 लाख करोड़ रुपये रह गईं, जो अगस्त में 18.71 लाख करोड़ रुपये थीं। वहीं, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर महीने के दौरान 30,421 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जो अगस्त के 33,430 करोड़ रुपये से नौ प्रतिशत कम है।

# सस्ते आयात और डंपिंग से इस्पात क्षेत्र को नुकसान

## नीतिगत समर्थन जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के इस्पात क्षेत्र को 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रमुख वैश्विक स्टील उत्पादकों के सस्ते आयात एवं डंपिंग के कारण भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। आरबीआई ने अक्तूबर बुलेटिन में प्रकाशित लेख में कहा, अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतें कम होने के कारण इस्पात आयात में बढ़ोतरी देखी गई है। 2023-24 में भारत के इस्पात आयात में 22 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। आयात वृद्धि से इससे घरेलू इस्पात उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऐसे में घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन की जरूरत है।

## स्टील अंडर सीज

अंडरस्टैंडिंग द इम्पैक्ट ऑफ डंपिंग ऑन इंडिया शीर्षक वाले लेख में कहा गया है, वैश्विक उत्पादकों के सस्ते इस्पात की डंपिंग से घरेलू इस्पात उत्पादन को खतरा हो सकता है। हालांकि, इसे उपयुक्त नीतिगत उपायों से कम किया जा सकता है। हाल ही में सुरक्षा शुल्क लगाने की पहल इस्पात आयात डंपिंग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है।



**रक्षोपाय शुल्क से लगा अंकुश-** भारत ने खपत मांग को पूरा करने के लिए इस्पात उत्पादों का आयात किया। देश के लौह एवं इस्पात आयात में 2024-25 की पहली छमाही में 10.7 फीसदी की वृद्धि रही। वहीं, 2024-25 की दूसरी छमाही में कमी दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण रक्षोपाय शुल्क था। 45 प्रतिशत इस्पात दक्षिण कोरिया और चीन समेत कईदेशों से भारत आयात करता है।

## 2024-25 में तेजी से बढ़ा आयात

भारत करीब 45 फीसदी इस्पात का आयात करता है इसमें दक्षिण कोरिया की हिस्सेदारी 14.6 फीसदी और चीन की 9.8 फीसदी है इसके अलावा, भारत अमेरिका से 7.8 फीसदी, जापान से 7.1 फीसदी और ब्रिटेन से 6.2 फीसदी इस्पात आयात करता है। लेख में कहा गया है कि 2022 से घरेलू खपत और उत्पादन के बीच का अंतर बढ़ गया है। 2024-25 के दौरान चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया और वियतनाम से इस्पात आयात में वृद्धि दर्ज की गईहै। इसके अलावा, अप्रैल, 2022 से नवंबर, 2024 तक भारत की इस्पात खपत औसतन 12.9 फीसदी (मासिक वृद्धि दर का औसत) की रफ्तार से बढ़ी है। यह लेख अप्रैल, 2013 से मार्च, 2025 तक के मासिक आंकड़ों पर आधारित है। लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ये आरबीआई को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

**निर्यातक देशों की मूल्य तय करने की नीतियां चिंताजनक-** आरबीआई के सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन विभाग के अधिकारी अनिर्बन सान्याल और संजय सिंह ने लेख में कहा, बढ़ते आयात और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

# ऑनलाइन बिक्री अब त्योहारों पर ही निर्भर नहीं

## मोबाइल-इलेक्ट्रॉनिक का वर्चस्व, अब पूरे साल खरीदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ऑनलाइन खरीद-बिक्री की निर्भरता अब सिर्फ त्योहारी मौसम पर नहीं रह गई है।लोग अब पूरे साल ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं।हालांकि, त्योहारी मौसम के दौरान बिक्री की रफ्तार बढ़ाने में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की भूमिका अब भी काफी महत्वपूर्ण है। परामर्शदाता कंपनी रेडसीर ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, भारत का ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र अब पूरे वर्ष में अधिक संतुलित मांग की राह पर बढ़ रहा है। इसके बावजूद मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी श्रेणियां अब भी वार्षिक त्योहारी उछाल पर निर्भर हैं। यानी त्योहारों के दौरान मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स ही अब भी बिक्री की रफ्तार तय करते हैं।

## सुझाव...विभिन्न ब्रांड भी घटा सकते हैं निर्भरता

रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न ब्रांड को त्योहारी सीजन पर अपनी निर्भरता घटाने के लिए कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही जैसे सुस्त बिक्री समय में विशेष उत्पादों की पेशकश या प्रचार अभियान शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। भविष्य में ये कंपनियां होंगी सबसे आगे...रेडसीर ने रिपोर्ट में कहा, दौर बदलने के साथ भारत में ऑनलाइन खुदरा कारोबार धीरे-धीरे त्योहारों के समय की चरम स्थिति से बाहर निकल रहा है। भविष्य में वही कंपनियां बाजार की अग्रणी होंगी, जो न सिर्फ त्योहारी उच्च मांग को कुशलता से संभालने में सक्षम होंगी, बल्कि सुस्त महीनों में भी मांग पैदा कर सकेंगी।

## इन वस्तुओं की बिक्री पर त्योहारी असर नहीं

राशन के सामान, सौंदर्य उत्पाद और व्यक्तिगत देखभाल वाली श्रेणियों को ऑनलाइन बिक्री के लिहाज से सबसे स्थिर बताया गया है, क्योंकि इनमें सालभर मांग लगभग समान रहती है। यह कम मूल्य वाले और बार-बार खरीदे जाने वाले उत्पादों की विशेषता है। घरेलू साज-सज्जा एवं फर्नीचर के साथ फैशन श्रेणियां मध्यम मौसमी प्रवृत्ति दिखाती हैं। इनमें त्योहारी महीनों में उछाल तो आता है, पर उतार-चढ़ाव उतना अधिक नहीं होता है।

**छोटे शहरों ने ऑनलाइन खरीदारी का तोड़ा रिकॉर्ड-** त्योहारी सीजन की ऑनलाइन खरीदारी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब छोटे शहरों के लोग भी जमकर ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं ।दिवाली पर टियर-2 और टियर-3 शहरों में रहने वाले लोगों ने दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्डतोड़ ऑनलाइन खरीदारी की है। लॉजिस्टिक्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म क्लिकपोस्ट की ओर से किए गए 4.25 करोड़ से ज्यादा शिपमेंट के विश्लेषण से यह साफ हुआ कि अब गैर-मेट्रो शहर ई-कॉमर्स की नई रीढ़ बन चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिवाली पर कुल ऑर्डर का 50.7 फीसदी सिर्फ टियर-3 शहरों से आया, जबकि टियर-2 शहरों का योगदान 24.8 फीसदी रहा। यानी देश के कुल ऑनलाइन ऑर्डर वॉल्यूम में छोटे शहरों का हिस्सा 74.7 प्रतिशत रहा।

## ऑर्डर मूल्य में भी इजाफा

इस साल त्योहारों के दौरान औसत ऑर्डर मूल्य बढ़कर 4,346 रुपये पहुंच गया, जो 2024 में 3,281 रुपये था ।यानी छोटे शहरों से किए गए ऑर्डर में 32.5 फीसदी का इजाफा हुआ है। यह दिखाता है कि ग्राहक अब न सिर्फ ज्यादा, बल्कि महंगी-प्रीमियम चीजें भी खरीद रहे हैं।

# फेसबुक की मूल कंपनी मेटा का बड़ा फैसला, आई में 600 नौकरियां हुई खत्म



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग में 600 नौकरियां खत्म का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम कंपनी के कामकाज को दुरुस्त करने के लिए उठाया गया है। कंपनी ने पहले बहुत अधिक तेजी से नौकरियां बढ़ाई थीं।

**किस पर असर नहीं होगा-** यह नौकरी कटौती मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग द्वारा स्थापितटीबीडी लैब नामक विशेष प्रोजेक्ट को प्रभावित नहीं करेगी। इस लैब में ओपनएआई और एप्पल जैसी प्रतिस्पर्धी कंपनियों के टॉप शोधकर्ताओं को बहुत ऊँचे वेतन पर लाकर टीम बनाई गई है।

**कहां होगी कटौती-** यह नौकरी कटौती आई से जुड़े प्रोडक्ट्स पर उनकी बेसिक स्ट्रक्चर पर काम करने वाली टीमों पर केंद्रित होगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, इसका उद्देश्य कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ाना है, साथ ही कंपनी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स के काम को प्रभावित नहीं होने देना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कटौती से प्रभावित कई कर्मचारियों को कंपनी में दूसरे विभागों में लगाया जा सकता है।

# चार प्रतिशत चढ़ा इंफोसिस का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी कंपनी इंफोसिस लिमिटेड के शेयरों में आज गुरुवार को 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे की वजह एक खबर को माना जा रहा है। इंफोसिस लिमिटेड ने दी जानकारी में बताया है कि प्रमोटर्स बायबैक में हिस्सा नहीं लेंगे। बीएसई में इंफोसिस लिमिटेड के शेयर 1515 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में इंफोसिस लिमिटेड के शेयर 4.20 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1535.10 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था।

**सुधा मूर्ति और नंदन निलेकणी ने बनाई दूरी-** 22 अक्टूबर को इंफोसिस लिमिटेड ने दी जानकारी में कहा था कि कंपनी के प्रमोटर्स नंदन निलेकणी, सुधा मूर्ति और अन्य 18000 करोड़ रुपये के बायबैक का हिस्सा नहीं होंगे। बता दें, प्रमोटर्स का बायबैक में हिस्सा ना लेना कंपनी के आत्मविश्वास को दर्शाता है। वहीं, रिटेल निवेशक भी बायबैक में अपनी स्थिति बेहतर कर सकते हैं।

**18000 करोड़ रुपये का बायबैक-** इंफोसिस ने 18000 करोड़ रुपये के बायबैक का ऐलान किया है। कंपनी 10 करोड़ शेयरों को वापस खरीद रही है। इसके लिए कंपनी ने 1800 रुपये प्रति शेयर कीमत तय की है। जोकि बुधवार की क्लोजिंग की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। बता दें, अभी तक इंफोसिस ने बायबैक का रेशियो, रिकॉर्ड डेट और अन्य तारीखों का ऐलान नहीं किया है।

# खाद्य तेल उद्योग पर सरकार की नजर

## अब कंपनियों को करना होगा ये काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा से जुड़े अहम क्षेत्र खाद्य तेल उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार एक्शन मोड में है। सरकार ने बुधवार को कहा कि वह नए नियामकीय आदेशों के अनुपालन की जांच के लिए देशभर में निरीक्षण अभियान शुरू करेगी। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि ये निरीक्षण जांच हाल ही में संशोधित एक आदेश के तहत की जाएंगी, जिसमें खाद्य तेल बनाने, प्रसंस्करण करने और बेचने वाली सभी इकाइयों को रजिस्ट्रेशन कराना और हर महीने उत्पादन का ब्योरा देना अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम नियमों का पालन नहीं करने वाली इकाइयों पर कार्रवाई के लिए है। इसका उद्देश्य अनुपालन की गंभीरता को सुदृढ़ करना और खाद्य तेल क्षेत्र के राष्ट्रीय डेटा तंत्र की विश्वसनीयता को बनाए रखना है।

## 1.4 करोड़ टन से अधिक खाद्य तेल का आयात

सरकार का यह कदम ऐसे समय आया है जब भारत खाद्य तेल की अपनी घरेलू मांग पूरी करने के लिए आयात पर बहुत निर्भर है। देश हर साल 1.4 करोड़ टन से अधिक खाद्य तेल का आयात करता है, जिनमें प्रमुख रूप से इंडोनेशिया एवं मलेशिया से पाम तेल और अर्जेंटीना एवं ब्राजील से सोया तेल मंगाया जाता है।

## कहां कराना होगा रजिस्ट्रेशन

संशोधित 'वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन एवं उपलब्धता (नियमन) आदेश, 2025' के तहत खाद्य तेल कंपनियों को नेशनल सिंगल विंडो व्यवस्था पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और उन्हें एडिबलऑयलइंडिया.इन के पोर्टल पर मासिक रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि इन प्रावधानों का पालन नहीं करने वाली खाद्य तेल कंपनियों के खिलाफ संशोधित आदेश और सांख्यिकी संकलन अधिनियम, 2008 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि बड़ी संख्या में खाद्य तेल इकाइयों ने पहले ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा लिया है जिससे यह संकेत मिलता है कि उद्योग इस नियामकीय बदलाव में सहयोग कर रहा है। सरकार का कहना है कि यह व्यवस्था खाद्य तेल क्षेत्र में वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित करेगी और नीतिगत हस्तक्षेप की क्षमता को बेहतर बनाएगी। मंत्रालय ने इसे भारत की खाद्य सुरक्षा अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# उधार के 100 से करोड़ों की मालकिन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के मलप्पुरम की शरीफा कलथिंगल ने व्यावसायिक सफलता की अनूठी मिसाल पेश की है। उन्होंने 100 रुपये उधार लेकर अपने काम की शुरुआत की थी। आज वह तीन होटलों की मालकिन हैं। ये तीनों कोट्टक्कल में हैं। 2000 के दशक के अंत में जब उनके परिवार के पास चावल का दलिया खरीदने तक के पैसे नहीं थे, तब शरीफा ने उन्नियप्पम (चावल के आटे की बनी मिठाई) बनाकर स्थानीय दुकानों पर बेचना शुरू



किया था। अपनी एक साल की बेटी को गोद में उठाकर चार किलोमीटर पैदल चलने से लेकर अब करोड़ों की संपत्ति की मालकिन बनने तक शरीफा ने गरीबी और असफलता दोनों को चुनौती दी। आज वह 40 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार देकर ऐसी रोल मॉडल बन गई हैं, जिनकी कामयाबी का आधार सिर्फ कड़ी मेहनत है। आइए, यहां शरीफा कलथिंगल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**गरीबी का फंदा तोड़ने का किया फैसला -** शरीफा कलथिंगल का सफर गरीबी और अभाव से शुरू हुआ। उनके पति सक्कीर एक पेंटर थे। मॉनसून के महीनों में उन्हें अक्सर चावल का दलिया भी नसीब नहीं होता था।

## बैंकों ने कर्ज देने से कर दिया मना

लगातार छोटी सफलता के बाद शरीफा ने एक छोटा कैटरिंग व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों से कर्ज लेने की कोशिश की। लेकिन, कोलेट्रल (गिरवी रखने के लिए संपत्ति) न होने के कारण सभी बैंकों ने उन्हें मना कर दिया। ताने अलग से दिए। इस अस्वीकृति से निराश न होकर उन्होंने केरल सरकार के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम कुटुम्बश्री से जुड़ने का फैसला किया। 2018 में कुटुम्बश्री से 2 लाख रुपये का कर्ज लेकर उन्होंने अपने बेटे मुथु के नाम पर मुथु कैटरिंग को लॉन्च किया। व्यवसाय तेजी से बढ़ा और उन्होंने बिरयानी, पाथरी (रोटी जैसा चावल से बना व्यंजन) और चपाती की सप्लाई शुरू कर दी।

## रॉकेट की स्पीड से बढ़ा कारोबार

जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तभी 2020 में कोरोना महामारी ने उनके व्यवसाय को बुरी तरह प्रभावित किया। सभी ऑर्डर रुक गए। इस संकट के समय कुटुम्बश्री ने शरीफा को मंजेरी मेडिकल कॉलेज में कोरोना मरीजों के लिए भोजन (नाश्ता और चावल का दलिया) सप्लाई करने का मौका दिया। उन्होंने इस मौके को लपक लिया। लगभग 2,000 मरीजों के लिए भोजन पहुंचाना शुरू किया। इसके लिए उन्होंने 10-15 महिलाओं को काम पर रखा। महामारी के थमने के बाद उन्हें कोट्टक्कल आयुर्वेद कॉलेज की कैंटीन चलाने का काम मिला। इस सफलता के बाद उन्होंने कोट्टक्कल में एक होटल खरीदकर अपने व्यवसाय को विस्तार दिया।

# छोटे दुकानदार ग्राहकों को नहीं दे रहे जीएसटी सुधार का पूरा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी की दरों में कटौती के लागू होने के लगभग एक महीने बाद भी उपभोक्ताओं को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुछ सामान छोटी दुकानोंमें पुरानी कीमतों पर बेचे जा रहे हैं। अधिकारियों ने पाया है कि विक्रेता अपना पुराना माल कम कीमत पर बेचने के बजाय पुराने प्रिंट रेट पर बेच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन विक्रेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती, क्योंकि वे जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड नहीं हैं।

**सरकार छह माह तक कीमतों पर रखेगी नजर-** एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार कम से कम छह माह तक कीमतों पर नजर रखने की योजना बना रही है और इसके लिए लोगों को भी जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदारों के साथ कुछ समस्याएं आ रहीं हैं, लेकिन उम्मीद है कि दिसंबर तक सभी को पूर्ण रूप से जीएसटी सुधार का लाभ मिलने लगेगा। यदि कोई भी दुकानदार 40 लाख रुपये वार्षिक से अधिक का व्यापार करता है तो उसे जीएसटी रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होता है। सर्विस सेक्टर में, 20 लाख रुपये से अधिक के कारोबार वाले व्यवसायों को अनिवार्य रूप से



जीएसटी के लिए पंजीकरण कराना होगा। गली-मुहल्लों में ज्यादातर छोटे दुकानदार इस सीमा के दायरे में नहीं आते। इसी के चलते उनपर कार्रवाई करना आसान नहीं है।

## सामान खरीदते समय क्या सावधानी बरतें

पैकेट पर एमआरपी देखें, हमेशा सामान पर छपा नया एमआरपी चेक करें। अगर दो एमआरपी दिख रहे हैं, तो कम कीमत वाला नया एमआरपी सही है।



# हंसिका मोटवानी ने सरनेम में किया बदलाव! पति सोहेल कथूरिया संग तलाक की है चर्चा

हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया के तलाक की चर्चा कई दिनों से हो रही है। इस बीच अब एक्ट्रेस ने अपने सरनेम में एक अक्षर जोड़ लिया है। फैंस इसके बारे में भी जोरशोर से चर्चा कर रहे हैं कि क्या उन्होंने अंक ज्योतिष के कारण ऐसा किया है या फिर कोई और वजह है।

साउथ और हिंदी फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने अपने सरनेम की स्पेलिंग में एक छोटा सा बदलाव किया है। लेकिन फैंस का ध्यान इस पर चला गया है। उन्होंने इस अपडेट को फौरन नोटिस कर लिया है, क्योंकि ये बदलाव बिजनेसमैन पति सोहेल कथूरिया संग तलाक की अफवाहों के बीच हुआ है। क्या ये पर्सनल च्वॉइस की वजह से किया है या अंक ज्योतिष का मामला है या उनके रिश्ते में कथित बदलाव हुआ है। इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिला है।

देसमुदुरु, कोई मिल गया और महा जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए फेमस एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने अपने सरनेम की स्पेलिंग आधिकारिक तौर पर अपडेट की है। इसकी वजह का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन किस्मत या अंक ज्योतिष के लिए नाम बदलना सेलेब्स के बीच एक आम चलन है।

चाइल्ड एक्ट्रेस शुरू किया था करियर

हंसिका ने बतौर चाइल्ड एक्टर काम करना शुरू कर दिया था। वो शाका लाका बूम बूम टीवी शो के बाद ऋतिक रोशन की कोई मिल गया में नजर आई थीं। फिर 2007 में अल्लू अर्जुन की देसामुदुरु से साउथ में डेब्यू किया। वो तमिल और तेलुगू फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस बन गईं।

### 2022 में की थी शादी

हंसिका ने साल 2022 में जयपुर में बिजनेसमैन सोहेल कथूरिया से धूमधाम से शादी की थी। उनकी वेडिंग एनिवर्सिरी को जियो हॉटस्टार की एक डॉक्यूसीरीज लव, शादी, ड्रामा में दिखाया गया था। पर बीते कुछ समय से कयास लगाया जा रहा है कि वो अपने पति के साथ नहीं रहती हैं।

अपनी मां के साथ रहती हैं हंसिका

सूत्रों का दावा है कि हंसिका सोहेल का घर छोड़कर चली गई हैं। अब अपनी मां के साथ रह रही हैं, जबकि सोहेल कथित तौर पर अपने माता-पिता के साथ रह रहे हैं। 2023 से सोशल मीडिया पर कम एक्टिव रहने वाले सोहेल ने अपने अकाउंट को प्राइवेट कर लिया है।




# अपने आखिरी दिनों में शेफाली जरीवाला ने मुझसे बात की थी

## सलमान कभी मेरे बॉयफ्रेंड नहीं रहे

जर्मन-पोलिश मूल की एक्ट्रेस क्लॉडिया सिएस्ला ने बिग बॉस 3 में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। वह क्या कूल हैं हम और देसी कट्टे जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। बड़े पर्दे पर अक्षय कुमार के साथ उनका आइटम नंबर बलमा सुपरहिट रहा। बीते कुछ समय से वह एक्ट्रेस होने के साथ ही न्यूट्रीशियनिस्ट के रूप में भी प्रैक्टिस कर रही हैं। क्लॉडिया ने शेफाली जरीवाला संग अपनी आखिरी मुलाकात, सलमान खान से रिश्ते पर बेबाक बातचीत की है।

क्लॉडिया बताती हैं कि अभिनय के अलावा हेल्थ और फिटनेस ने हमेशा से ही आकर्षित किया है। वह कहती हैं, मैंने न्यूट्रीशियनिस्ट का कोर्स किया। मैंने जब मॉडलिंग और एक्टिंग शुरू की थी, तब साइज जीरो और एजलेस लुक का बहुत प्रेशर था। आज भारत में डायबिटीज, मोटापा और क्रोनिक बीमारियां बढ़ रही हैं, फिर भी लोग साइज जीरो और हमेशा जवान दिखने के दबाव में रहते हैं।

**अपने आखिरी दिनों में शेफाली ने मुझसे बात की थी**



शेफाली जरीवाला के अकस्मात निधन ने सभी को सकते में डाल दिया था। उनके बारे में चर्चा थी कि वे एंटी एजिंग पिल्स ले रही थीं और जिस दिन वे गुजरीं उन्होंने व्रत में ये पिल्स ली थीं। इस पर क्लॉडिया कहती हैं, शेफाली मेरी अच्छी दोस्त थी, इसलिए ये मेरे लिए भी काफी शॉकिंग था। हेल्थ और ब्यूटी को लेकर हमारी बात हुई थी। वो काफी हेल्थ कॉन्शियस थी और हमेशा फिटनेस को महत्व दिया करती थीं। उसको जिम भी जाना होता था। वो हमेशा हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाया करती थी। मुझे कभी नहीं लगा कि उसे इतनी सलाह की जरूरत थी। वो जो चाहती थी, पूछ लेती थी, तो जब ये खबर आई, तो मैं तो सदमे में आ गई थी।

### बिग बॉस में आई, तब पहली बार अमिताभ बच्चन को सर्च किया

क्लाउडिया आगे कहती हैं, ये 2009 की बात थी। मैं अपनी एक फिल्म का प्रमोशन करने इंडिया आई थी। जब मुझे बिग बॉस का ऑफर मिला और बताया गया कि इसे अमिताभ बच्चन होस्ट करने वाले हैं, तब मैंने पहली बार अमिताभ बच्चन को सर्च किया था। उस वक्त बिग बॉस का सीजन 12 हफ्तों का था और मैं दस हफ्तों तक रही। मेरे करियर के लिए वो टर्निंग पॉइंट था।

### सलमान खान बहुत सपोर्टिव हैं



क्लॉडिया का नाम एक तरफ सलमान खान से जुड़ा था, तो दूसरी तरफ बिग बॉस के कंटेस्टेंट प्रवेश राणा के साथ भी उनके लिंकअप्स की ख़बरें थीं। इस पर वह हंसते हुए कहती हैं, बिग बॉस 3 में, सिर्फ मैं और प्रवेश सिंगल थे, बाकी सब शादीशुदा थे। हम अच्छे दोस्त थे, लेकिन कुछ लिमिटेड फुटेज देखकर लोगों ने बातों को बढ़ा-चढ़ा दिया। जहां तक सलमान खान से नाम जुड़ने की बात है, हम सिर्फ एक पार्टी में मिले थे। न जाने कैसे अफवाह बन गई। मैं कई साल से इस बात का खंडन कर रही हूं। सलमान अच्छे इंसान और सपोर्टिव फ्रेंड हैं, मगर वो मेरे बॉयफ्रेंड नहीं हैं। मेरे बॉयफ्रेंड हैं अर्जुन गोयल, वो मेरे सोलमेट हैं। हम चाहते हैं जिंदगी साथ बिताएं और शायद आगे किसी रियलिटी शो में साथ नजर भी आएं।

### अक्षय के साथ बलमा सॉन्ग मास्टरक्लास रही



हाल ही में फिल्मफेयर अवॉर्ड फंक्शन में क्लॉडिया ने अक्षय कुमार के साथ बलमा गाने पर परफॉर्म किया। वह पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहती हैं, खिलाड़ी 786 में मुझे अक्षय कुमार के साथ डांस करने का मौका मिला और मैं कह सकती हूं कि ये मेरे लिए डांस की मास्टर क्लास थी। एक तरह से बॉलीवुड में मेरी एंट्री। अक्षय काफी एनर्जेटिक थे। वो मेरा पहला गाना था। मैंने उनसे काफी स्टेप्स सीखे। गाने की शूटिंग के दौरान मुझे अगर एक और टेक चाहिए था, तो अक्षय सर ने खुशी-खुशी दिया। वे निर्देशक के एक्टर हैं। उनके साथ काम करके बहुत मजा आया था। गाना सुपरहिट साबित हुआ और आज भी पार्टी या क्लब में बजता है।


# मैडॉक के हॉरर कॉमेडी शक्ति शालिनी में लीड रोल करेंगी अनीत

यशराज फिल्म्स की सैयारा में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके करियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, आज मैडॉक की थामा थिएटर्स में रिलीज हो गई है। फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी।

मैडॉक फिल्म्स ने थामा की स्क्रीनिंग के दौरान शक्ति शालिनी का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है।

फिल्म शक्ति शालिनी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

झसाझा किए गए वीडियो में या देवी सर्वभूतेषु मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा।





# द लंचबॉक्स 2 में अनिल कपूर को लेना चाहते हैं निर्माता

इरफान खान की अदाकारी वाली फिल्म द लंचबॉक्स साल 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की काफी सराहना हुई थी। हाल ही में इस फिल्म की निर्माता गुनीत मोंगा ने इस फिल्म के काल्पनिक सीक्वल को लेकर अहम बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर इस फिल्म का सीक्वल बनता है तो वह इरफान की जगह पर इस फिल्म में वह किसे लेंगी।

### इरफान की जगह अनिल कपूर

कोमल नाहटा के पॉडकास्ट गेम चेंजर्स में बातचीत के दौरान फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा से पूछा गया कि अगर उन्हें दिवंगत इरफान खान की जगह फिल्म द लंचबॉक्स के सीक्वल में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करना पड़े, तो वह किसे चुनेंगी। मोंगा ने कुछ देर रुकने के बाद जवाब दिया अनिल कपूर। क्या फिल्म का सीक्वल बनेगा? इस पर निर्माता ने कोई बात नहीं की है।

### कान में हुआ द लंचबॉक्स का प्रीमियर

रितेश बत्रा द्वारा निर्देशित फिल्म द लंचबॉक्स उन फिल्मों में से एक है जिसे दुनियाभर में खूब सराहा गया। इसका प्रीमियर कान में हुआ और कई वैश्विक समारोहों में पुरस्कार जीते। गुनीत मोंगा और करण जौहर द्वारा सह-निर्मित इस फिल्म में इरफान खान, निमरत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शानदार किरदार निभाया था।

### अनिल कपूर का काम

गुनीत मोंगा ने इरफान खान की जगह अनिल कपूर को ऐसे ही नहीं चुना है। यह अनिल कपूर की बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है। अनिल कपूर ने फिल्म मिस्टर इंडिया, लम्हे से लेकर दिल धड़कने दो और द नाइट मैनेजर तक, हर दौर में बेहतरीन अभिनय किया है। हाल ही में वॉर 2 में नजर आए थे। जल्द ही वह अल्फा का हिस्सा होंगे।



# इंडस्ट्री में हर कोई शाहरुख का कर्जदार

**अरशद वारसी के करियर पर नजर डाली जाए तो कई घुमावदार मोड़ आए। कॉस्मेटिक बेचने वाले सेल्स मैन, असिस्टेंट डायरेक्टर, कोरियोग्राफर, हीरो, कॉमिक अदाकार जैसे रूपों से गुजरने वाले अरशद को इंडस्ट्री में 25 साल से भी ज्यादा का वक्त हो गया है। बेबाक अरशद ने कई इंटेंस किरदार किए, मगर दर्शकों को उनका सर्किट वाला रूप ज्यादा भाया।**

जॉली एलएलबी 3 की कॉमेडी के बाद अरशद एक बार फिर भागवत चैप्टर वन-राक्षस की इंटेंस भूमिका से। इससे पहले भी अरशद इश्किया और सहर जैसी फिल्मों में संजीदा भूमिकाएं कर चुके हैं। इस खास मुलाकात में वे फिल्म, अपनी बेटी की सेफ्टी, अपनी स्मोकिंग की लत, आर्यन खान के बुरे दौर और विवादों पर बेबाकी से करते हैं।

**अरशद दिवाली-दशहरे के मौके पर आप अपने अंदर के किस राक्षस का नाश करना चाहेंगे? आपकी फिल्म भी तो इसी विषय का सूचक है?**

मेरी बीवी (मारिया गोरेट्टी) ने मेरे अंदर के सारे राक्षसों को मार डाला है। मेरे अंदर कुछ नहीं बचा (जोर से ठहाका लगाते हैं) मैं तो वैसा कुछ सोच ही नहीं सकता, मेरी कुटाई हो जाएगी। सबके अंदर थोड़ा अच्छा और थोड़ा बुरा होना चाहिए। जब तक थोड़ी बुराई न हो, तो अच्छाई का अहसास नहीं होता। जैसे अच्छे एक्टर्स की पहचान के लिए कुछ बुरे एक्टर्स का होना जरूरी है (हंस पड़ते हैं) मेरे अंदर एक बुराई थी स्मोकिंग की, जो मैंने बंद कर दी। मैं कई सालों से बहुत सिगरेट पीता था और वो बहुत ज्यादा हो गई थी। मैंने एक ऐप की मदद से वो स्मोकिंग बंद की। उसका एक बड़ा कारण ये है कि आप जो करते हैं, बच्चे भी उसी का अनुसरण करते हैं, तो बच्चों ने भी वो शुरू कर दिया था। बस मैंने बिलकुल छोड़ दी और उसके बाद तो मैं इतना अच्छा हो गया कि लोगों ने मुझे बोरिंग करार देने लगे।

**अरशद आप जिस तरह से कॉमिक भूमिकाओं में मजे करवाते हैं, उसी तरह इंटेंस किरदारों की गहराई में भी ले जाते हैं, कितना आसान या मुश्किल होता है आपके लिए?**

मैं हमेशा से कहता हूं कि एक एक्टर को एक्शन और कट के बीच उस किरदार में घुसना चाहिए, बाकी के समय वो जितना नॉर्मल रहे, उतना अच्छा है। हमने देखा है कि 90 प्रतिशत अदाकार सनकी हो जाते हैं। असल में आप जिस पर्सनैलिटी से पैदा हुए हैं, उसको कभी नहीं देखते। जब आप काम कर रहे हैं, तो कोई और बंदे हैं और काम के बाद लोगों के सामने कोई और। आप जो असल में होते हैं, सिर्फ उसी वक्त जब आप अकेले होते हैं या फिर आप जब अपने परिवार के साथ हों। असल में अभिनय की प्रक्रिया बहुत खतरनाक होती है। उसे कई मुखोटों के साथ जीना पड़ता है। कई बार आपने देखा होगा कि कई कलाकार अपनी फिल्म खत्म होने के बाद कारपेंटरी या फिर खेती-बाड़ी करने चले जाते हैं, तो ये बहुत जरूरी होता है कि उस किरदार से निकल जाना। अभिनय मूल रूप से मेंटल वर्क है।आपको अपने दिमाग को किसी और की सोच और पर्सनैलिटी में ढालना होता है, तो जरूरी है कि उस कैरेक्टर को छोड़ कर अपने आप में आ जाओ, क्योंकि जीना-मरना आपको खुद के साथ है।


### सबसे मुश्किल दौर क्या था?

मैं ये नहीं कह सकता कि जब काम नहीं था, तो वो सबसे मुश्किल दौर था। तब भी उतना खराब नहीं था। मैं ठीक था। पता नहीं ये कहना चाहिए या नहीं, मुझे कहने में बुरा लग रहा है, मगर ये फिल्म के वक्त मैं बहुत प्रेशर में था, बहुत ज्यादा, क्योंकि मुझ पर जबरदस्ती का SEBI का केस आ गया था और फिर मैं फंस गया। मेरे दिमाग में इतना ज्यादा प्रेशर था। बहुत टफ टाइम था। मेंटली मैं सही स्थिति में नहीं था। बहुत टेरीबल था। देखिए, आपकी खुद की मुसीबत को आप कंट्रोल कर सकते हैं, मगर बाहर से आई मुसीबत पर आपका नियंत्रण नहीं रहता। कहीं से भी कुछ भी आ सकता है और उसको आपको डील करना पड़ता है। ऐसे हालातों का सामना आपको करना ही पड़ता है। उस वक्त सभी को लगा था कि पता नहीं मैं क्या -क्या पीना शुरू कर दूंगा। मैं बता नहीं सकता कि मेरे दिमाग में क्या-क्या चल रहा था और उसके बीच में ये इंटेंस रोल। ये बहुत ही बुरा दौर था और मैं कभी नहीं चाहूंगा कि ये दोबारा आए।

# भारतीय पहलवान विश्वजीत मोरे ने कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य

## ममायरबेकोव को दी मात

नई दिल्ली, एजेंसी। मोरे ने 55 किग्रा वर्ग में पदक जीता। मोरे ने इससे पहले जॉर्जिया के जियोर्जी कोचालिड्ज़े के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता (9-1) से मुकाबला जीतकर रेपचेज में अपने मौके का पूरा फायदा उठाया। भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान विश्वजीत मोरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। विश्वजीत ने कजाकिस्तान के



येरासिल ममायरबेकोव को 5-4 से हराया। मोरे ने 55 किग्रा वर्ग में पदक जीता। मोरे ने इससे पहले जॉर्जिया के जियोर्जी कोचालिड्ज़े के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता (9-1) से मुकाबला जीतकर रेपचेज में अपने मौके का पूरा फायदा उठाया।

### तीन महिला पहलवानों को मिली हार

भारत की तीन महिला पहलवानों को हालांकि अपने-अपने शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। हन्नी कुमारी (50 किग्रा) यूडब्ल्यूडब्ल्यू ध्वज तले प्रतिस्पर्धा कर रही स्वियातलाना कटेंका के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में पटखनी खाने से हार गईं। कटेंका ने जब भारतीय पहलवान के खिलाफ पिन मूव हासिल किया तो स्कोर 4-6 था। दीक्षा मलिक (72 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं और चीन की युकी लियू से 3-9 से हार गईं। इसके बाद लियू को भी हार का सामना करना पड़ा जिससे इस भारतीय पहलवान के लिए प्रतियोगिता में बने रहने का रास्ता बंद हो गया।

# विराट कोहली ने एडिलेड में दिए संन्यास के संकेत

- शून्य पर आउट होने के बाद किया ऐसा; फैंस मायूस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान का शेर, जिसने सालों तक इस खेल पर राज किया. वो विराट कोहली अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं, ऐसा हम नहीं बल्कि क्रिकेट का हर दिग्गज बोल रहा है. हालांकि विराट की फिटनेस शानदार है, लेकिन माना जा रहा है कि वह वनडे से भी जल्द रिटायरमेंट ले लेंगे. कोहली पर्थ में शून्य पर आउट हुए थे, एडिलेड में भी वही हुआ. कोहली खाता नहीं खोल पाए, लेकिन यहां ग्राउंड से पवेलियन लौटते हुए



उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिसने फैंस को परेशान कर दिया है. विराट कोहली 7वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब कप्तान शुभमन गिल के रूप में भारत का पहला विकेट गिरा था. कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद थी क्योंकि इस मैदान पर वह इससे पहले खेली 4 पारियों में 2 बार शतक जड़ चुके थे. लेकिन आज वह खाता भी नहीं खोल पाए, जेवियर बार्टलेट ने एक ही ओवर में गिल और कोहली को आउट किया.

### विराट कोहली ने किया गुड बाय!

जब विराट कोहली एडिलेड में शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौट रहे थे, तब फैंस खड़े हो गए तो विराट कोहली ने हाथ उठाकर गुड बाय जैसा इशारा किया. उन्होंने फैंस से शुक्रिया कहा, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी लगातार वायरल हो रहा है. फैंस चिंतित हैं कि कहीं कोहली अब संन्यास का एलान न कर दें. इस दौरान क्रिकेट कमेंटरी में कहा जा रहा था कि हो सकता है वह एडिलेड फैंस का शुक्रिया इसलिए कर रहे थे कि वह अब इस मैदान पर कभी नहीं खेलेंगे, जो उनके पसंदीदा ग्राउंड में से एक है.

# महिला प्रीमियर लीग: नीलामी की तारीख आई सामने

## नम्बर में दिल्ली में इस दिन होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग की नीलामी नई दिल्ली में होगी। फ्रेंचाइजियों को अभी तक कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई है, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि सभी टीमों को संभावित स्थल के बारे में अनौपचारिक रूप से बता दिया गया है। नीलामी की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन अब इसकी समय सीमा 26-27 नवंबर कर दी गई है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने संकेत दिया था कि नीलामी 26 से 29 नवंबर के बीच होगी। सैद्धांतिक रूप से एक बड़ा आयोजन होने के बावजूद नीलामी एक ही दिन में पूरी होने की उम्मीद है।

डब्ल्यूपीएल में केवल पांच टीमें हैं और अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम है, इसलिए इस प्रक्रिया में ज़्यादा समय लगने की संभावना नहीं है, भले ही 90 खिलाड़ियों की नीलामी हो। हालांकि, यह एक असंभव परिदृश्य है, क्योंकि टीमों के नीलामी में काफी संख्या में रिटेन किए गए खिलाड़ियों के साथ उतरने की उम्मीद है।

फ्रेंचाइजी को 5 नवंबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करने के लिए कहा गया है। प्रत्येक टीम को पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति है और अगर कोई टीम सभी 5 खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसे पहले खिलाड़ी के लिए 3.5 करोड़ रुपए, दूसरे खिलाड़ी के लिए 2.5 करोड़ रुपए, तीसरे खिलाड़ी के लिए 1.75 करोड़ रुपए, चौथे खिलाड़ी के लिए 1 करोड़ रुपए और पांचवें खिलाड़ी के लिए 50 लाख रुपए का नुकसान होगा। नीलामी के लिए खिलाड़ियों की कुल राशि 15 करोड़ रुपए है और पांच रिटेंशन पर एक टीम को 9.25 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। डब्ल्यूपीएल ने कहा है कि यह दिशानिर्देश मूल्य केवल वेतन सीमा की गणना के लिए है और किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि सुझाए गए मूल्य से भिन्न हो सकती है। डब्ल्यूपीएल ने हाल ही में फ्रेंचाइजियों को लिखे एक नोट में कहा, हालांकि किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि दिशानिर्देश मूल्य से भिन्न हो सकती है, लेकिन रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर कुल राशि का उपयोग वेतन सीमा की गणना के लिए किया जाएगा।



एक अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करने की दिशानिर्देश मूल्य 50 लाख रुपए है और प्रत्येक टीम अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। इसके अलावा एक फ्रेंचाइजी अधिकतम तीन कैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है और रिटेंशन सूची में अधिकतम दो विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। बीसीसीआई ने पांच राइट टू मैच विकल्पों को मंजूरी दी है, लेकिन किसी फ्रेंचाइज़ी के लिए उपलब्ध आरटीएम की संख्या रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या पर निर्भर करेगी। प्रत्येक रिटेन किए गए खिलाड़ी के लिए, फ्रेंचाइजी एक आरटीएम विकल्प खो देगी। उदाहरण के लिए अगर कोई टीम पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसके पास नीलामी में राइट टू मैच का इस्तेमाल करने का विकल्प नहीं होगा। दूसरी ओर, बिना किसी रिटेंशन के नीलामी में जाने वाली टीम अपने पांच खिलाड़ियों के लिए राइट टू मैच का इस्तेमाल कर सकती है।



फ्रेंच ओपन 2025

# इंडोनेशिया की जोड़ी से हारने के बाद सात्विक-चिराग फ्रेंच ओपन से बाहर, उन्नति हुड्डा जीतीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया के रहमत हिदायत और मुहम्मद रियान अर्दियांतो के खिलाफ हार के बाद बाहर हो गए। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी बुधवार को इंडोनेशिया के रहमत हिदायत और मुहम्मद रियान अर्दियांतो के खिलाफ राउंड ऑफ 32 पुरुष युगल मैच में हारकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने यह मुकाबला 18-21, 20-22 से गंवाया।

**उन्नति हुड्डा जीतीं-** उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन आयुष शेट्टी पुरुष एकल में जापान के कोकी वातानबे से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए।

उन्नति ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए महिला एकल के पहले दौर के मैच में मलेशिया की लेत्शाना करुपथेवन को 11-21, 21-13, 21-16 से हराया लेकिन इससे पहले आयुष को जापान के अनुभवी खिलाड़ी वातानबे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 19-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के पहले दौर में चीन की हान यू के खिलाफ 15-21, 11-21 से हार गईं जबकि अनमोल खरब को भी दक्षिण कोरिया की आन से यंग के खिलाफ 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# एश्ले गार्डनर ने महिला वनडे विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया

**इंदौर, एजेंसी।** बुधवार को होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वनडे विश्व कप 2025 का 23वां मैच खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर ने 104 रन की नाबाद यादगार पारी खेली। गार्डनर का ये शतक महिला वनडे विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक है। एश्ले गार्डनर ने 69 गेंद पर शतक लगाया। महिला वनडे विश्व कप इतिहास का ये सबसे तेज शतक है। इससे पहले का रिकॉर्ड डेंड्रा डॉटिन के नाम था। डॉटिन ने 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ 71 गेंद पर शतक लगाया था। इसी विश्व कप में एलिसा हिली ने बांग्लादेश के खिलाफ 73 और एश्ले गार्डनर ने 77 गेंद पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाया है। इंग्लैंड की मौजूदा कप्तान नेट सेवियर ब्रंट ने 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ 76 गेंद पर शतक लगाया था। इंग्लैंड के खिलाफ हुए इस मैच में 73 गेंद पर 16 चौकों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए। गार्डनर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई थीं। छठे नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज है। गार्डनर ने छठे नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 3 शतक लगाए हैं। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 244 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए टैमी ब्यूमोंट ने 105 गेंद पर 1 छक्का और 10 चौकों की मदद से 78 रन की पारी खेली थी। एलिस कैप्से ने 38 और चार्लोट डीन ने 26 रन बनाए थे। 245 के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 68 के स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे।



# बाबर आजम की 10 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी

- नसीम शाह 11 महीने बाद लौटे; साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व कप्तान बाबर आजम की करीब 10 महीने बाद पाकिस्तान की टी-20 टीम में वापसी हो गई है। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 मैच 13 दिसंबर 2024 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। बाबर के साथ तेज गेंदबाज नसीम शाह की भी लगभग 11 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है। नसीम ने अपना पिछला टी-20 मुकाबला 16 नवंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेला था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज और अगले महीने होने वाली त्रिकोणीय सीरीज (ट्राई सीरीज) के लिए भी टीम का ऐलान किया है। इस त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका और जिम्बाब्वे भी हिस्सा लेंगे। यह फोटो 13 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच की है। इस मैच में सैम अय्यूब और बाबर आजम ने मिलकर 45 गेंदों पर 87 रन की साझेदारी की थी। यह फोटो 13 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच की है।



# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास

## ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बना दिया ये बड़ा रिकॉर्ड

एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) : भारत के सुपरस्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैचों में 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। रोहित ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। उनके साथ विराट कोहली भी हैं, जो वर्तमान में 802 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने की दौड़ में हैं। हिटमैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी धरती पर 21 मैचों में 56.36 की औसत और 89.32 के स्ट्राइक रेट से 1071 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 171* रहा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 97 गेंदों में 7 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 75.26 का था। उनकी पारी का सबसे खास पल मिशेल ओवेन के खिलाफ लगाए गए दो बड़े पुल शॉट थे, जिन्हें स्टैंड में छक्के के लिए भेजा गया। रोहित ने अब तक 275 वनडे और 267 पारियों में 48.69 की औसत से 11,249 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक और 59 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 रहा है। शर्मा पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी पीछे छोड़कर वनडे में भारत के तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने गांगुली को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 308 मैचों में 40.95 की औसत से 22 शतक और 71 अर्द्धशतकों के साथ 11,121 रन बनाए थे। रोहित ने 2022 के बाद से 19 बार पचास से अधिक का स्कोर बनाया है और यह केवल दूसरा ऐसा मौका था जब उन्होंने 100 से कम स्ट्राइक रेट से 50 रन का मील का पत्थर हासिल किया। आखिरी बार उन्होंने 2023 में घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 66 गेंदों में 50 रन बनाए थे। इस साल वनडे में रोहित ने 10 पारियों में 38.30 की औसत से 383 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रहा है।



# चैंपियंस लीग: रियल मैड्रिड, लिवरपूल और चेल्सी ने दर्ज की

**मैड्रिड, एजेंसी।** रियल मैड्रिड ने जुवेंटस को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग अभियान में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। इस टीम ने तीन मुकाबलों में नौ अंक हासिल कर लिए हैं।मुकाबले के पहले हाफ में मैड्रिड ने दबदबा बनाए रखा, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। मैड्रिड को सबसे शानदार मौका हाफ-टाइम के दौरान मिला। किलियन एम्बाप्पे ने ब्राहिम के प्रभावशाली पास को अपने पास लिया और बॉक्स के अंदर से बाएं पैर से एक शक्तिशाली ड्राइव लगाई, लेकिन डि ग्रेगोरियो के शानदार रिएक्शन स्टॉप ने 40वें मिनट में फ्रांसीसी खिलाड़ी को गोल करने से रोक दिया। ब्रेक के बाद गतिरोध तोड़ते हुए जूड बेलिंगहैम ने 57वें मिनट में गोल दागकर रियल मैड्रिड को 1-0 से बढ़त दिला दी। एक अन्य मैच में लिवरपूल ने पहले हाफ के 10 मिनट में तीन गोल दागकर फ्रैंकफर्ट पर 5-1 से जीत दर्ज की। रेड्स ने ड्यूश बैंक पार्क में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा और इस सीजन के लीग चरण में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। रासमस क्रिस्टेंसन ने 26वें मिनट में मुकाबले का पहला गोल दागा, जिसके बाद ह्यूगो एकिटिके ने शानदार गोल के साथ स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद वर्जिल वैन डाइक (39) और इब्राहिमा कोनाटे (44) ने पहले हाफ में कॉर्नर से गोल करके मैच का रुख पलट दिया। लिवरपूल इस मैच में 3-1 से आगे थी। दूसरे हाफ में कोडी गाकपो (66) और डोमिनिक सोबोस्ज्लाई (70) के गोलों ने आर्ने स्लॉट की टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। दूसरी ओर, चेल्सी ने अजाक्स को 5-1 से शिकस्त दी। 18वें मिनट मार्क गुइयू ने गोल दागकर मैच का खाता खोला।



## संक्षिप्त समाचार

### पटना के लिए उड़े विमान में खराबी, दिल्ली से टेकऑफ के बाद दोबारा उतारा गया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से पटना के लिए उड़े विमान में तकनीकी खराबी की वजह से इसे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोबारा उतारा गया। आसमान में पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का अहसास हुआ जिसके बाद विमान को वापस दिल्ली में लैंड कराने का फैसला किया गया। यात्रियों और एयरपोर्ट प्रबंधन ने तब राहत की सांस ली जब विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की

### मुख्यमंत्री के पास फाइल न भेजने पर एलजी नाराज, बोले सीएम की राय जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के कई विभाग संवेदनशील मामलों की फाइल मुख्यमंत्री की सलाह के बिना सीधे उपराज्यपाल को भेज रहे हैं। इस पर एलजी वीके सक्सेना ने कड़ी नाराजगी जताई है। इसके बाद सभी अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव की राय लेने के बाद ही एलजी को फाइल भेजें। दिल्ली सरकार के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि कुछ विभाग जीएनसीटीडी ऐक्ट, 1991 की उस धारा का पालन नहीं कर रहे। इसके तहत संवेदनशील मामलों में मुख्यमंत्री के माध्यम से उपराज्यपाल के पास फाइल भेजी जाती है। मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी प्रशासनिक सचिवों से कहा गया है कि वह उपराज्यपाल के विचार के लिए किसी भी प्रस्ताव और मामले को भेजने से पूर्व नियमों का पालन सुनिश्चित करें। ऐसे मामले जो दिल्ली की शांति और सौहार्द को प्रभावित करते हैं। ऐसे मामले जो विशेष समुदाय, एससी-एसटी, पिछड़े वर्गों या किसी अन्य वर्ग के व्यक्तियों के हितों को प्रभावित करते हैं। ऐसे मामले जो दिल्ली सरकार के केंद्र सरकार, किसी राज्य, सुप्रीम कोर्ट या दिल्ली हाईकोर्ट से संबंधों को प्रभावित करते हैं। साथ ही दया याचिकाएं या अन्य जरूरी मामले।

### डीडीए के प्लॉटों को खरीदने का मौका, इस तारीख से होगी ई-नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण की तरफ से विभिन्न स्थानों पर लगभग 100 प्लॉटों की ई-नीलामी के पंजीकरण 27 अक्तूबर से शुरू होंगे। इसमें विभिन्न स्थानों पर कई श्रेणियों के प्लॉट खरीदारों के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आवासीय, औद्योगिक और व्यावसायिक प्लॉट को खरीदार ई-नीलामी के जरिए बोली लगाकर खरीद सकेंगे। इसमें रोहिणी और राजेंद्र नगर में 17 आवासीय प्लॉट हैं। इसके अतिरिक्त रोहिणी में 11 संस्थागत प्लॉट (धार्मिक उपयोग सहित), पीतमपुरा में 18 व्यावसायिक प्लॉट हैं। कीर्ति नगर, मंगोलपुरी और ओखला में 44 औद्योगिक प्लॉट, यमुना विहार में एक सीएनजी स्टेशन प्लॉट और द्वारका जैसे क्षेत्रों में दो समूह आवासीय प्लॉट शामिल हैं। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि सभी प्लॉट दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर मौजूद हैं। प्लॉटों को खरीदने के इच्छुक नागरिक, व्यापारी और अन्य के लिए डीडीए वेबसाइट पर पंजीकरण 27 अक्तूबर से 17 नवंबर तक होगा। इस दौरान इन प्लॉटों की ई-नीलामी में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले लोग बयाना राशि (ईएमडी) भी जमा करा सकते हैं। आवेदकों की सहायता के लिए डीडीए के आईएनए स्थित कार्यालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आवासीय और समूह प्लॉटों की ऑनलाइन ई-नीलामी की बोली 20 नवंबर से शुरू होगी। जबकि औद्योगिक, सीएनजी व व्यावसायिक प्लॉटों की ई-नीलामी की बोली 21 नवंबर से शुरू होगी।

# दिल्ली की सांसों पर प्रदूषण का पहरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के लोगों को प्रदूषण के जहर वाली हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। हवा की रफ्तार सुस्त पड़ने के चलते प्रदूषण के स्तर में इजाफा हुआ है। बुधवार को लगातार दूसरे दिन दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। अनुमान है कि दिल्ली की हवा में मौजूद धुएं और धुंध की यह परत अगले दो-तीन दिनों तक बनी रह सकती है। आज भी दिल्ली में हवा का स्तर बेहद खराब बना हुआ है। कई जगहों पर एक्यूआई 350 के पार है।

अच्छे मानसून के चलते इस बार राजधानी दिल्ली की हवा आमतौर पर साफ-सुथरी रही थी, लेकिन बीते नौ दिनों में ही प्रदूषक कणों में तेजी से इजाफा हुआ है। 13 अक्तूबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक 189 के अंक पर रहा था। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है और यह सुरक्षित दायरे में है। इसके बाद से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से इजाफा हुआ है और पहले तो हवा खराब और फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई। पिछले तीन दिनों से दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर यानी बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। दीवाली की शाम हुई आतिशबाजी का धुआं अभी भी वायुमंडल में बना हुआ है। हवा की रफ्तार कम होने के चलते प्रदूषक कणों के विसर्जन की गति बेहद धीमी है। हवा रही बेहद खराब- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 353 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह सूचकांक 351 के अंक पर रहा था। दिल्ली नेहरू नगर और पंजाबी बाग जैसे इलाकों का सूचकांक 400 के अंक के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंचा हुआ है। प्रदूषण और नमी के चलते दिल्ली के वायुमंडल में धुंध और धुएं की एक परत छाई हुई है। दिल्ली के पालम इलाके में सुबह के समय हल्का कोहरा देखने को मिला। सुबह आठ बजे के लगभग कोहरे और धुंध के चलते दृश्यता का स्तर गिरकर 800 मीटर तक पहुंच गया। राजधानी दिल्ली की हवा में अभी सामान्य से लगभग तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद हैं। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। बुधवार की शाम तीन बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 293 और पीएम 2.5 का स्तर 185 पर रहा। प्रदूषक कणों का स्तर मानकों से लगभग तीन गुना ज्यादा बना हुआ है। प्रदूषण से बच्चों का फेफड़ा प्रभावित हो सकता है। इसके मद्देनजर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और मैसूर इन चार शहरों में चार हजार किशोरों के फेफड़े पर प्रदूषण का दुष्प्रभाव जानने के लिए एक अध्ययन शुरू किया गया है। एम्स, आईआईटी बांबे, बेंगलुरु स्थित सेंट जॉन्स नेशनल एकेडमी ऑफ हेल्थ साइंसेज के कम्युनिटी स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य संस्थान मिलकर यह अध्ययन कर रहे हैं। दुष्प्रभाव के कारण कमजोर फेफड़े से पीड़ित बच्चे किस शहर में ज्यादा हैं? साथ ही प्रदूषण के दुष्प्रभाव से क्षतिग्रस्त फेफड़े की जल्दी पहचान के लिए एक बायोमार्कर सामने आएगा। कृत्रिम बारिश के लिए उपयुक्त बादलों की मौजूदगी नहीं होने के चलते इसका परीक्षण फिलहाल नहीं हो पा रहा है।

## यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसेगा न्यू हाथरस, मास्टर प्लान की तैयारी तेज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया हाथरस यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे दोनों तरफ बसेगा। नए शहर को विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। यमुना विकास प्राधिकरण ने हाथरस अर्बन सेंटर के मास्टर प्लान के लिए जारी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) के तहत आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर तीन नवंबर कर दिया है।

अब टेक्निकल बिड छह नवंबर को खुलेगी। चयनित कंपनी को आठ माह में प्लान तैयार करना होगा। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र छह जिलों तक फैला है। प्राधिकरण जहां मथुरा में प्रमुख तौर पर हेरीटेज सिटी विकसित कर रहा है, वहीं टप्पल में लॉजिस्टिक हब बनाने जा रहा है। आगरा में भी पर्यटन और धरोहर को तवज्जो दी गई है। अब हाथरस में नए शहर का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। चयनित कंपनी पहले शहर की भौगोलिक स्थिति का सर्वेक्षण करेगी और उसके बाद प्लान तैयार करेगी। शुरुआती चरण में दो से चार हजार हेक्टेयर में यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ नया शहर बसाया जाएगा। यीडा के अधिसूचित क्षेत्र में हाथरस के 358 गांव शामिल हैं। नया शहर खासतौर पर डेयरी, कपड़ा और ब्रास उत्पादों का मुख्य केंद्र बनकर उभरेगा। हाथरस के सदर, सादाबाद और सासनी तहसील के गांवों में भूमि अधिग्रहीत होगी।

एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में हाथरस जिले में एमएसएमई (लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग) और कुटीर उद्योग प्रमुख हैं। जिले में लगभग 10,293 उद्योग पंजीकृत हैं। उद्योगों का अधिकतर हिस्सा क्लस्टर (समूह) के रूप में विकसित है। मास्टर प्लान 2041 (फेज-2) के तहत हाथरस में नए शहर का विकास होना है।

## नई बाइक की पार्टी मनाने गए थे, एक साथ 3 दोस्तों की मौत; दिल्ली का हादसा रुला देगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक जीटी रोड पर रखे जर्सी बैरियर से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों युवक पार्टी करके मुरथल से घर लौट रहे थे। पुलिस ने बुधवार को तीनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान अनुराग, मोहित और सुमित के तौर पर हुई है। तीनों युवक बचपन के दोस्त थे और नांगलोई इलाके में आसपास ही रहते थे। वहीं मोहित, अनुराग के सगे चाचा का बेटा था। चूंकि हम उम्र होने के वजह से साथ रहता था। अनुराग ने धनतेरस पर बाइक खरीदी थी। सभी दोस्त पार्टी मांग रहे थे। मंगलवार रात तीनों ने पार्टी करने की योजना बनाई। सुमित अपनी बाइक पर अनुराग और मोहित के साथ रात 11 बजे नांगलोई से मुरथल के लिए रवाना हुआ। वहां भोजन करने के बाद वापस लौटे। वे करीब रात डेढ़ बजे जीटी रोड पर बने लिबासपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे थे। बाइक में लगी आग - सिंघु बार्डर से दिल्ली आते समय फ्लाईओवर के बाएं हिस्से की सड़क खराब हो गई है। करीब 15 फीट लंबे और 10 फीट चौड़े क्षतिग्रस्त स्थल को जर्सी बैरियर से घेरा गया है। देर रात लौट रहे बाइक सवार इसी जर्सी बैरियर से भिड़ गए। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक में तुरंत आग लग गई। डीसीपी ने बताया कि हादसे के वक्त बाइक सवारों ने हेल्मेट भी नहीं लगाया था। इस टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर गये। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी और तीनों युवकों को बुराड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके परदो युवकों के मोबाइल फोन मिले थे जिसमें से एक फोन खुला हुआ था। इसी फोन से परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैरियर से करीब 30 मीटर की दूरी से टायर घिसटने के निशान हैं। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि बाइक सवारों ने नजदीक आने पर बैरियर देखा तो ब्रेक लगाने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हो सके और पूरी रफ्तार से बाइक बैरियर में भिड़ गई। वहीं अनुराग के पिता गोपाल ने एनएचएआई पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर डायवर्जन रहता तो बेटे की जान बच सकती थी। हालांकि एनएचएआई ने बैरियर पर पीले रंग का रिफ्लेक्टर लगाया हुआ है। कक्षा सात से दोस्ती थी अनुराग, सुमित और मोहित के दोस्त विष्णु ने बताया कि वे सभी कक्षा छह-सात से दोस्त थे। वे सभी एक साथ घूमते थे। विष्णु ने बताया कि तबियत खराब होने की वजह से वह मुरथल नहीं गया। विष्णु के अनुसार वे सभी इलाके में ही एक रेस्टोरेंट पर जमा हो कर पार्टी करते थे।

## दिल्ली के पूसा चौक को मिलेगा नया रूप, 2 करोड़ रुपये से बनेगा हरा-भरा पार्क




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने करोल बाग के पूसा रोड-पटेल रोड जंक्शन को नया रंग-रूप देने का फैसला किया है। यह जंक्शन, जो नई दिल्ली को सेंट्रल दिल्ली से जोड़ता है, अब सिर्फ ट्रैफिक का ठिकाना नहीं, बल्कि हरा-भरा और आकर्षक सार्वजनिक स्थल बनने जा रहा है। पूसा रोड, शंकर रोड, पटेल रोड और डॉ. केएस कृष्णन मार्ग जैसे मुख्य मार्गों को जोड़ने वाला यह जंक्शन अब पूरी तरह से बदलने वाला है। चार ट्रैफिक आइलैंड्स और मिनी-पार्क्स, जिन्हें सामूहिक रूप से चौधरी ब्रह्म प्रकाश चौक के नाम से जाना जाता है, को नया रूप दिया जाएगा। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री के नाम पर बने इस चौक की हालत अभी जर्जर है। लेकिन अब सरकार इसे चमकाने की तैयारी में है। पीडब्ल्यूडी इस प्रोजेक्ट पर करीब 2 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। इसमें पूसा राउंडअबाउट, पूसा हरित क्रांति पार्क, मंदिर पार्क और चेतन दास पार्क शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया, हम इस जगह को पूरी तरह से नया रूप देंगे। पुराने फिक्सचर्स हटाकर नई मिट्टी की परत बिछाई जाएगी। राउंडअबाउट को एक खूबसूरत पार्क में बदला जाएगा, जिसमें वॉकिंग ट्रैक, घास, और सजावटी पौधे होंगे। 4450 सिंगापुर डेजी, लिली, प्लूमेरिया अल्बा, फिकस रेटुसा और सफेद चंपा जैसे पौधे लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं, इन हरे-भरे इलाकों की देखभाल के लिए प्राइवेट गार्डनर्स की टीम भी तैनात की जाएगी। अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि यह जगह हमेशा तरोताजा और सुंदर बनी रहे। चौक पर सजावटी लाइट्स, फ्लडलाइट्स और फव्वारे लगाए जाएंगे, जो इसे रात में भी चमकदार बनाएंगे। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अगले चार महीनों में यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। हाल ही में पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग जंक्शन को भी ऐसा ही नया रूप दिया गया, जिसका नाम दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मदन लाल खुराना के नाम पर रखा गया। हाल ही में हरियाली के रखरखाव के लिए नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी किया है। इसमें प्राइवेट एजेंसियों को सड़कों के रखरखाव का जिम्मा सौंपा जाएगा। हर 2500 वर्ग मीटर हरे क्षेत्र के लिए कम से कम एक माली की तैनाती अनिवार्य होगी।

## जिनेवा में मिले भारतीय और नेपाली संसदीय प्रतिनिधिमंडल, सहयोग पर की चर्चा

**जिनेवा, एजेंसी।** भारतीय और नेपाली संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने जिनेवा में 151वीं अंतर संसदीय सभा (आईपीयू) के दौरान आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा की। बुधवार को सभा से इतर एक बैठक में दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता का जिक्र करते हुए जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने, आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंध और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। इंडिया एट यूएन के खाते से सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में यह जानकारी दी गई। पोस्ट में कहा गया है, जिनेवा में चल रही आईपीयू सभा में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मानवीय कार्रवाई, लोकतांत्रिक शासन और वैश्विक संस्थागत सुधारों पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ की पहल को न केवल वित्तीय दक्षता पर, बल्कि ऐसे सार्थक सुधारों पर भी केंद्रित होना चाहिए जो वैश्विक संस्थानों को अधिक समावेशी और प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाएं। भारत का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार ऐसे प्रयासों के मूल में बने रहने चाहिए। ठाकुर ने कहा, मानवीय सिद्धांत हमारी साझा मानवता की नींव हैं।

## नेतन्याहू का कड़ा रुख: अमेरिका का गुलाम देश नहीं, सुरक्षा का फैसला खुद करेंगे



**येरूसलम, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से गाजा युद्धविराम समझौते की प्रगति पर चर्चा से पहले कहा कि इजराइल अमेरिका का संरक्षित देश नहीं है और अपनी सुरक्षा का निर्णय स्वयं करेगा। उनका यह बयान जनता में यह आशंका कम करने के उद्देश्य से आया कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की उपस्थिति इजराइल की हमले की क्षमता को सीमित कर सकती है। वेंस ने बैठक से पहले कहा कि हमास को निरस्त्र करना और गाजा का पुनर्निर्माण करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा बल की संरचना पर विचार-विमर्श चल रहा है और उन्होंने तुर्की और इंडोनेशिया जैसी देशों से सैनिकों की तैनाती की उम्मीद जताई।

इजराइल ने दो और बंधकों के शवों की पहचान कर ली है। रेड क्रॉस द्वारा सौंपे गए शव एरी ज़लमानोविच और तामीर अदार के हैं, जो 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले में मारे गए थे। युद्धविराम के बाद अब तक 15 बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटाए जा चुके हैं, जबकि 13 बंधकों को अब भी सौंपना बाकी है। साथ ही, गाजा के दीर अल बलाह कब्रिस्तान में 54 फलस्तीनियों को दफनाया जाएगा। दफनाने से पहले शवों को खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के बाहर प्रदर्शित किया गया। बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल थे।

## 'पॉवरफुल प्रधानमंत्री ने मेरा रेप किया' मुझे तड़पते, जान की भीख मांगते देख वह खुश होता था

### वर्जीनिया गिफ्रे का दर्दनाक खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की चर्चित यौन शोषण पीड़िता वर्जीनिया गिफ्रे एक बार फिर सुर्खियों में हैं। जेफ्री एपस्टीन के कुख्यात सेक्स ट्रैफिकिंग नेटवर्क की प्रमुख सर्वाइवर मानी जाने वाली गिफ्रे की मौत के बाद उनकी आत्मकथा नोबडीज़ गर्ल: दुर्व्यवहार से बचने और न्याय के लिए लड़ने का संस्मरण प्रकाशित हुई है। इस किताब में उन्होंने अपने दर्दनाक अनुभवों का विस्तार से उल्लेख किया है - और इसी के साथ एक ऐसा दावा किया है जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है।

गिफ्रे ने खुलासा किया है कि 2002 में एक प्रमुख प्रधानमंत्री ने एपस्टीन के निजी द्वीप पर उनका रेप किया था। हालांकि उन्होंने पुस्तक में उस प्रधानमंत्री का नाम नहीं लिखा, लेकिन बाद में अदालत में उन्होंने उसे इज़राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुड बराक के रूप में पहचाना था। बराक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है, हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि वे एपस्टीन के परिचित थे।

**गला दबाया गया, जान की भीख मांगनी पड़ी...:** वर्जीनिया गिफ्रे ने बताया कि यह घटना उनके जीवन की सबसे भयावह रात थी। किताब के मुताबिक, उस दौरान उन्हें न केवल शारीरिक प्रताड़ना



झेलनी पड़ी बल्कि मानसिक रूप से भी तोड़ दिया गया। गिफ्रे ने लिखा – वह खुश था मुझे तड़पते और जान की भीख मांगते देख कर। यह अनुभव ही उनके जीवन का ऐसा मोड़ बना जिसने उन्हें एपस्टीन के नेटवर्क से बाहर निकलने और न्याय की लड़ाई लड़ने की ताकत दी।

**डर, धमकी और चुप्पी की साज़िश:** अपनी आत्मकथा में गिफ्रे ने खुलासा किया है कि एपस्टीन के नेटवर्क से जुड़े कई ताकतवर लोगों के नाम वह उजागर नहीं कर पाई। उनका कहना है कि इन लोगों ने उन्हें मुकदमों, धमकियों और आर्थिक नुकसान की चेतावनी देकर चुप रहने को मजबूर किया। वे लिखती हैं कि उनके खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चलाया गया ताकि वे डरकर पीछे हट जाएं।

**यह केवल शोषण की कहानी नहीं, बल्कि साहस की यात्रा है:** 400 पन्नों की इस आत्मकथा में वर्जीनिया ने केवल अपनी पीड़ा नहीं बताई, बल्कि यह भी दिखाया है कि कैसे उन्होंने टूटे हुए मन से उठकर न्याय की दिशा में कदम बढ़ाए। यह किताब किसी 'विक्टिम स्टोरी' से ज्यादा एक सर्वाइवल जर्नी है–जहां हर पन्ना उनके साहस, संघर्ष और आत्मसम्मान की लड़ाई का प्रतीक है।

**प्रिंस एंड्रयू का भी नाम आया सामने:** गिफ्रे की कहानी ब्रिटिश शाही परिवार तक भी पहुंचती है। उन्होंने इस संस्मरण में यह भी बताया है कि जब वे किशोर अवस्था में थीं, तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन उत्पीड़न किया था। गिफ्रे के मुताबिक, जब उन्होंने अदालत में यह केस लड़ा तो प्रिंस एंड्रयू के समर्थकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बदनाम करने की कोशिश की और ट्रोलिंग के जरिए मानसिक प्रताड़ना दी। हालांकि प्रिंस एंड्रयू ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

**न्याय की लड़ाई का प्रतीक बनी वर्जीनिया:** वर्जीनिया गिफ्रे अब नहीं रहीं, लेकिन उनकी आत्मकथा उन अनगिनत पीड़ितों के लिए उम्मीद की किरण बन गई है जो न्याय पाने की हिम्मत जुटा नहीं पाते। उन्होंने साबित किया कि सच कितना भी दबाया जाए, एक दिन वह सामने आ ही जाता है। उनकी यह किताब न सिर्फ एपस्टीन स्कैंडल के काले सच को उजागर करती है, बल्कि समाज को यह भी याद दिलाती है कि भय से बड़ी ताकत, साहस की होती है।

## ड्रग्स तस्करों के खिलाफ फिर एक्शन में यूएस, जहाज पर हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ड्रग तस्करों पर अमेरिका की लगातार कार्रवाई जारी है। कथित तौर पर अमेरिका ने प्रशांत महासागर में ड्रग ले जा रही एक जहाज पर हमला किया। बताया जा रहा है कि इस हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। इस बात की जानकारी अमेरिकी रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने दी है।

दरअसल, ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अमेरिका ताबड़तोड़ एक्शन ले रहा है। इसी कड़ी में ड्रग्स ले जा रही किसी जहाज पर ये आठवां हमला है। यह हमला दक्षिण अमेरिका में मादक पदार्थ की तस्करी पर ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई को बढ़ा रहा है।

बता दें कि इससे पहले सात हमले कैरिबियव सी में हुए थे। वहीं, पहली बार मंगलवार को प्रशांत महासागर में किसी ड्रग्स ले जारही जहाज पर हमला हुआ है। अमेरिकी रक्षामंत्री ने बताया कि ड्रग्स तस्करी के खिलाफ एक्शन में मारे गए लोगों की संख्या 34 हो गई है। जानकारी के अनुसार, कैरिबियन सागर में हुए जहाजों पर पिछले सात हमलों में से मंगलवार को हुआ ये हमला काफी अलग था।

# छठ घाटों की साफ सफाई का अधिकारियों ने किया निरीक्षण






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक आस्था का महापर्व छठ अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है। इसके मद्देनज़र बोकारो जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने आज अधिकारियों की टीम के साथ बोकारो और चास क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था जैसी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त अजय नाथ झा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छठ पर्व साफ-सफाई और पवित्रता का प्रतीक है। प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि समय से पूर्व ही घाटों की सफाई शुरू कर दी गई है, लेकिन वे स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। झा ने यह भी बताया कि घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिन घाटों पर पानी अधिक गहरा है, वहां एनडीआरएफ और गोताखोरों की तैनाती, साथ ही बैरिकेडिंग और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बिजली, जलापूर्ति, और यातायात व्यवस्था से जुड़े विभागों को भी सतर्क रहने को कहा है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि छठ से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी ताकि व्रती और श्रद्धालु सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निभाएं। इस प्रकार, बोकारो जिला प्रशासन ने छठ पर्व को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा की पूर्ण तैयारी का आश्वासन दिया है, जिससे श्रद्धालु निश्चिंत होकर इस महापर्व का पालन कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल में यूरेट्रिक स्टोन का सफल ऑपरेशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में उरेट्रिक स्टोन (मूत्र नली की पथरी) का ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन सर्जन डॉ. संजीव गोलाश के नेतृत्व में किया गया। इस संबंध में अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि बरवाअड्डा के रहने वाले 59 वर्षीय मरीज नारायण दास पिछले एक वर्ष से पेट के दर्द से पीड़ित थे। लगातार असहजता के कारण उन्होंने सदर अस्पताल में परामर्श लिया। जांच के दौरान एक्स-रे और सीटी स्कैन में उनके बाएं युरीटर के ऊपरी भाग में एक पथरी पाई गई। इसके बाद सर्जन डॉ संजीव गोलाश की देखरेख में उनका ऑपरेशन किया गया। जिसमें निश्चेतक डॉ राज कुमार सिंह एवं ओटी असिस्टेंट अनीता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा और मरीज की स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने बताया कि सामान्यतः इस प्रकार के ऑपरेशन में निजी अस्पतालों में 35,000 से 40,000 रुपए तक का खर्च आता है। परंतु सदर अस्पताल में यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मरीज नारायण दास एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन तथा अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सक दल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### श्रद्धा व उल्लास के संग मना भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भाई-दूज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व भाई-दूज मनाया जाता है। गुरुवार को बोकारो में भाई-बहनों ने इस पर्व को श्रद्धा व उल्लास के संग मनाया। मिथिलांचल में भाईदूज को भातृद्वितीया व आम बोलचाल की भाषा में भरदुतिया कहा जाता है। बहनें अपने भाई की सुख, समृद्धि व लंबी आयु की कामना के साथ इस पर्व में भाई की पूजा करती हैं। विशेष प्रकार की अल्पना बनाई जाती है। उसपर आसन के रुप में पीढ़ी रखकर भाई को बिठाती हैं फिर भाई के दोनों हाथ (आंजुर) में सिन्दुर, पिठार (चावल का घोल) लगाती हैं और पान का पत्ता, सुपारी, कुम्हरा का फूल, पैसा, अंकुरी जल आदि से पूजा करती हैं। इसे नोत लेना कहते हैं। इस क्रम में मंत्र भी पढ़ती हैं-यमुना नोतल यमकें हम नोतै छी भाई के। जतेटा यमुनाक धार ततेटा हमर भैयाक आयु। भाई बहन को उपहार भी देते हैं। बहनें भाई को मिष्ठान्न, स्वादिष्ट पकवान खिलाती हैं।



### हाउसिंग कॉलोनी में 1979 से हो रही चित्रगुप्त पूजा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा बड़े ही धूमधाम से की जा रही है। ऐसे में धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित दुर्गा मंडप के समीप चित्रगुप्त पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। यहाँ वर्ष 1979 से चित्रगुप्त महाराज की पूजा की शुरूआत की गई। आज सुबह हाउसिंग कॉलोनी दुर्गा मंडप परिसर में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। दोपहर के भोजन के बाद शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रहे। इसके बाद पुनः सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। वहीं, कल यानी शुक्रवार को चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।



### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी को मिली एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के पदेन उपाध्यक्ष सह एसडीएम धनबाद राजेश कुमार के द्वारा एक एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस वाहन का नारियल फोड़कर एवं फीता विधिवत उद्घाटन किया गया।जिसका क्रमशः 26 रुपया प्रति किलो मीटर



के चार्ज साथ कार्डियक एंबुलेंस के तौर पर सेवा बहाल की जाएगी। समिति के अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कहा 4 वर्षो के बाद पुनः यह सेवा बहाल की गई है ताकि कार्डियक अटैक के मरीज और ब्रेन हेमरेज के मरीज तत्काल सेवा से लाभान्वित हो सके । बाजार के एंबुलेंस से इस एंबुलेंस का चार्ज भी बहुत कम रखा गया है।आज के कार्यक्रम में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो, सचिव रविन्द्र नाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव महोदय दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष महोदया श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक, नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार, अनिल भगत, नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन, आजीवन सदस्य लीला माजी, वाईस पैटरान एडवोकेट बिजेंद्र कुमार, दुर्गा सिंह एवं आजीवन

## टीबी उन्मूलन अभियान में बीएसएल कर रहा सक्रिय योगदान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम को बोकारो के परिक्षेत्रीय गाँवों में गति प्रदान करने के उद्देश्य के तहत बीएसएल के सीएसआर के तहत टीबी से पीड़ित मरीजों के लिए एंटी टी बी किट का निःशुल्क वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है. ज्ञातव्य है कि टी बी उन्मूलन हेतु बीएसएल और पीरामल स्वास्थ्य के बीच संपन्न समझौता ज्ञापन (एमओए) किया गया है जिसके तहत बोकारो के परिक्षेत्रीय यथा गाँव जैना, टांड बालीडीह, रितुडीह, डुमरो, खुटरी, टांड मनोहरपुर, बांसगोड़ा, तेतुलिआ इत्यादि में एंटी टीबी किट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है. इस विशेष अभियान में पीरामल स्वास्थ्य तथा जिला टी बी अधिकारी के माध्यम से चिन्हित परिक्षेत्रीय गाँवों के 400 से अधिक टीबी मरीजों को बीएसएल के सीएसआर के तहत छः(06) माह की अवधि के लिए एंटी टी बी किट निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है. हाई प्रोटीन युक्त एंटी टी बी किट में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री शामिल है जो टी बी मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए अहम मानी जाती है. उल्लेखनीय है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत पीरामल स्वास्थ्य की टीम मोबाइल मेडिकल यूनिट इस्पात संजीवनी के जरिए परिक्षेत्रीय गांवों में स्वास्थ्य सेवायें सक्रिय रूप से मुहैया कराती रही है. आस-पास के समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास तथा सर्वांगीण विकास के लिए बीएसएल अपने सीएसआर के तहत लगातार अपनी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है.

## विधायक राज सिन्हा ने विभिन्न चित्रगुप्त पूजा स्थलों का किया भ्रमण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधायक राज सिन्हा ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा स्थलों का किया भ्रमण- समितियों से मिले, श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज कायस्थों ( चित्रकूट गोत्रीय समाज) के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की जयंती एवं चित्रगुप्त पूजा के पावन अवसर पर धनबाद शहर के विभिन्न पूजा स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों के सदस्यों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की, पूजा-अर्चना में भाग लिया और सभी को इस पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय, सत्य और कर्म के देवता हैं- जो मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। उनका पूजन हमें सदाचरण, निष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में न्याय और समानता की स्थापना के लिए चित्रगुप्त जी के आदर्शों का पालन करना आज के समय में और भी आवश्यक है।विधायक ने कहा चित्रगुप्त की कृपा से धनबाद सहित समस्त झारखंड में शांति, समृद्धि और सौहार्द का वातावरण बने। यह पर्व हमें समाज और कर्तव्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। न्यायप्रियता और सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।श्री सिन्हा ने इस अवसर पर धनबाद, हाउसिंग कॉलोनी चित्रगुप्त पूजा समिति, जगजीवन नगर पूजा समिति, केंद्रीय पूजा समिति माडा क्लब, पथराकुल्ही लाला टोला पूजा समिति, बाबूडिह जिला स्कूल मे आयोजित चित्रगुप्त पूजा समिति, बिनोद नगर अम्बेडकर नगर प्रोफेसर कॉलोनी पूजा समिति,श्री श्री नर्मदेश्वर मंदिर में कायस्थ कल्याण सभा पुराना स्टेशन समिति, कुसुम बिहार चित्रगुप्त समिति धनबाद द्वारा आयोजित पावन चित्रगुप्त पूजा में सम्मिलित हुए, आशीर्वाद ग्रहण किया. विधायक श्री सिन्हा ने इस पावन अवसर पर सभी के कल्याण और खुशहाली की कामना की.धनबाद सहित पुरे कोयलांचल के चित्रगुप्त पूजा आयोजनों में भाग लिया। उन्होंने पूजा समितियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करते हैं।कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और समाज के बुद्धिजीवियों ने विधायक श्री राज सिन्हा का स्वागत किया तथा उनके निरंतर जनसंपर्क और सेवा भाव की प्रशंसा की।विधायक ने अपने भ्रमण के दौरान विभिन्न समितियों से यह भी आग्रह किया कि वे सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि चित्रगुप्त जी का संदेश केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें शिक्षित, न्यायप्रिय और उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।अंत में उन्होंने कहा मैं भगवान चित्रगुप्त जी से प्रार्थना करता हूँ कि वे सभी के जीवन में सद्बुद्धि, ज्ञान, समृद्धि और न्यायप्रियता का संचार करें। धनबाद के सभी नागरिकों को चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पे अमितेश सहाय,राजन सिन्हा, अमरेंद्र सहाय, पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित,एन के कर्ण, रवि भूषण श्रीवास्तव, उपेंद्र वर्मा, संजय बक्शी, संजीव रंजन, मनीष श्रीवास्तव, विजय सिन्हा, किशन कुमार, राजू श्रीवास्तव, प्रेम सिन्हा, विकाश सिन्हा, राकेश सिन्हा,जितेंद्र सिन्हा, और रॉकी कुमार सहित सभी उप्स्थित थे।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ा गुरुद्वारा ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंजाब में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़, धनबाद ने मानवता और सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। गुरुद्वारा कमेटी ने सगतों के सहयोग से ₹6 लाख (छः लाख रुपये) की राशि एकत्र कर 'खालसा एड' इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट को सौंपेगी, जो वर्तमान में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य में लगी हुई है। बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक के अध्यक्ष का बयानः गुरु नानक देव जी ने सिखाया है कृत करो, नाम जपो ,वंड छकना यानी दूसरों की सेवा करना ही सबसे उत्तम सेवा पंजाब में हमारे भाई-बहन कठिन समय से गुजर रहे हैं। हमारी यही कोशिश है कि उनकी पीड़ा को थोड़ा कम किया जा सके। धनबाद जिले की संगत ने सेवा भावना से यह योगदान दिया है बड़ा गुरुद्वारा के महासचिव ने कहा कि धनबाद की संगत ने जो सहयोग किया है वह सेवा ही सिख धर्म का मूल है। धनबाद की संगतों ने जो सहयोग किया है, वह न सिर्फ आर्थिक मदद है, इस बार पंजाब की धरती पर जो आपदा आई है, उसमें हमारी यह



छोटी सी कोशिश कई परिवारों तक राहत पहुँचाने में सहायक बनेगी। यह योगदान इस बात का प्रमाण है कि मानवता की कोई सीमाएँ नहीं होतीं चाहे पंजाब हो या झारखंड, पीड़ा सबकी एक जैसी होती है पूर्व उपाध्यक्ष बड़ा गुरुद्वारा सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि खालसा एड भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में सेवा का प्रतीक है मानस की जात सभै एकै क पहचानबो को चरितार्थ करते हुए गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलकर सिखी का जो सिद्धांत है सेवा ही सिखी है यही संदेश हम समाज के युवाओं में को देते आ रहे हैं सेवा सिर्फ शब्द नहीं कर्म है वरीय सदस्य राजेंद्र सिंह चहल कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह सलूजा आदि उपस्थित थे ।

## छह चोरी कांडों का हुआ खुलासा, दो चोर पुलिस की गिरफ्त में

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर थाना पुलिस ने चोरी के कई मामलों का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पास से लाखों रुपये के जेवरात, मोबाइल, लैपटॉप, इलेक्ट्रिक ड्रिल मशीन सहित कई चोरी की वस्तुएं बरामद की गई हैं। मामला बलियापुर थाना क्षेत्र के आमटाल का है। बीते 1



सितंबर 2025 की रात चंडी चरण चटर्जी के घर से अज्ञात चोरों ने 50 हजार रुपये नगद, सात से आठ भर सोने के गहने, सैमसंग कंपनी का मोबाइल, गाड़ी की चाबी, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में बलियापुर थाना मामला दर्ज की गई थी। जांच के क्रम में थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए झरिया के बालुगदा निवासी बादल महतो (23 वर्ष) और बेलगड़िया कॉलोनी निवासी ललन मंडल उर्फ लाला (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने न केवल इस चोरी में बल्कि झरिया, बोरागढ़ और जोरापोखर थाना क्षेत्रों में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि दोनों पेशेवर चोर हैं और इनके खिलाफ झरिया, जोरापोखर, तिसरा और बलियापुर थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी से कुल छह चोरी कांडों का उद्भेदन हुआ है। पुलिस ने बरामद वस्तुओं को जब्त कर न्यायिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## श्रद्धा व भक्तिभाव से की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री चित्रगुप्त महापरिवार विकास एवं कल्याण समिति के बैनर तले सेक्टर वन स्थित रंगमंच परिसर में भगवान चित्रगुप्त की बड़े ही श्रद्धा व भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गई। पूजन सम्पन्न होने के उपरांत भोग एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान चित्रगुप्त की पूजा में चित्रांश परिवारों के अलावा पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, विधायक श्वेता सिंह, कार्यकारी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, कार्यकारी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक अंजनी शरण, वेदांता इलेक्ट्रो स्टील के सीईओ रविश शर्मा, सीएफओ



आनंद दुबे एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष ए के वर्मा कई अन्य गणमान्य शामिल हुए। इस अवसर पूर्व सांसद पी एन सिंह ने सफलतापूर्वक पूजा संपन्न कराने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाली गूंजीता सिन्हा की सराहना की। उन्होंने कहा, श्रीमती सिन्हा महिला सशक्तिकरण की एक मिशाल है। पूर्व सांसद ने शिल्पी बक्शी की भी सराहना की और कहा, श्रीमती बक्शी ने भी पूजा में अहम योगदान दिया है। इससे पूर्व ए के वर्मा ने ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की तरफ से सभी अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया। साथ ही समिति के अध्यक्ष संजय सिन्हा एवं महा सचिव अनल कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में रणजीत सिन्हा, वी एम बक्शी, राहुल दरार, रोहित रंजन, संचित, आरके सिन्हा, तरुण श्रीवास्तव, सुधीर बाबू और पवन ने भी सराहनीय योगदान दिया है।

## सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में आयोजित 13वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का दूसरा दिन बोकारो के सेक्टर-04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। राज्य के विभिन्न जिलों से आए युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। बालक वर्ग के मुकाबलों में रांची, हजारीबाग एवं चतरा की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो जीत दर्ज की, जिससे उन्होंने प्रतियोगिता में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम, गति और रणनीति का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचक पल दिए। बालिका वर्ग में चतरा, कोडरमा, बोकारो, गढ़वा, साहेबगंज, देवघर एवं रांची की टीमों ने अपने-अपने पहले मुकाबले में जीत हासिल कर प्रतियोगिता में सशक्त शुरूआत की। खिलाड़ियों के दमदार खेल और टीम भावना ने आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और परस्पर सहयोग का परिचय दिया। आयोजन समिति एवं निर्णायकों ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह और समर्पण झारखंड राज्य में खेल प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है।

# विधायक राज सिन्हा के द्वारा छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का वितरण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोकआस्था, परंपरा और संस्कृति के प्रतीक महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज मनईटांड़ मंडल क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया।विधायक श्री सिन्हा के द्वारा गाँधीनगर शब्जी बगान, हनुमान मन्दिर के पास, रिफ्यूजी कॉलोनी शंभु धर्मशाला के पास एवम पथराकुल्ही सहित अनेक स्थानों पे साड़ियों का वितरण किया.विधायक श्री राज सिन्हा ने बताया कि छठ पूजा सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, और आत्मसंयम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रकृति, जल, सूर्य और परिवार के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। इसी भावना के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के मनईटांड़ सहित कई स्थानों पर जाकर छठ व्रतियों को साड़ी प्रदान की, ताकि उनके उत्सव में थोड़ी और खुशियां जुड़ सकें। उन्होंने आगे कहा छठी मइया से यही कामना करता हूँ कि हर घर में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे। यह पर्व सामाजिक एकता और लोक परंपरा की मजबूती का प्रतीक है। धनबाद की जनता की सेवा और सुख-समृद्धि मेरी प्राथमिकता है। विधायक श्री सिन्हा ने पूजा स्थलों का निरीक्षण भी किया और स्थानीय प्रशासन को साफ-सफाई, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला व्रतियां, भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय आमलोग और श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विधायक श्री राज सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के हर वर्ग के साथ खड़े होकर छठ के इस पावन अवसर को और भी खास बना रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित संजय कुशवाहा, दिलीप सिंह,मौषम सिंह ने कहा कि, विधायक श्री सिन्हा के जनसंपर्क और लोक आस्था के प्रति समर्पण ने उन्हें आम जनता के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया है। बिहार चुनाव मे प्रभारी के रूप मे लगे होने के बावजूद समय निकालकर अपने निश्चित कार्य को हम सभी के बीच उपस्थित हो कर रहे है, इससे कार्यकताओं मे उत्साह एवम उमंग का संचार होता है. अंत में विधायक ने सभी धनबादवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और मंगल लेकर आए। इस अवसर पे मनईटांड भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा,दिलीप सिंह, मौसम सिंह, सपन कश्यप, सतीश रजक, सन्नी रवानी, गुडू सिन्हा, भीम राय, सोना रजक, शंकर चौहान, काशी दास, भागीरथ दास, विकास गुप्ता, दिलीप साव,बिरजू चौहान, गणेश साव,सुनील चंद्रवंशी, अंशु भगत सहित सैंकड़ो महिलाएं एवम आम लोग उपस्थित थे.

## किसानों के बीच कृषि उपकरणों का वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अदानी फाउंडेशन द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत किसानों के बीच कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को मिनी ट्रैक्टर, घास काटने की मशीन, सिंचाई पाइप और सोलर ड्रायर जैसे आधुनिक कृषि उपकरण वितरित किए गए। मुख्य अतिथि डीपीएम, जेएसएलपीएस शैलेश रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होंगे। अदानी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन उपकरणों से खेती के कार्यों में आसानी होगी तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK